# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




चांद के दीदार के साथ पति की दीर्घायु की कामना...




inh 24x7


छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सीएनजी 4 से 6 रुपए तक हो सकती है महंगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू नेचुरल गैस की आपूर्ति में 20 % तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को सप्लाई की जाने वाली सीएनजी के दाम में चार से छह रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हो सकती है। सीएनजी के दाम बढ़ने से खाने-पीने की चीजों की महंगाई और बढ़ सकती है।



### 'बिलबोर्ड कनाडा' के कवर पेज पर दोसांझ

**मुंबई।** पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के फैंस भारत ही नहीं विदेशों में भी हैं, यही वजह है कि उनके विदेशों में हो रहे म्यूजिक टूर का जलवा फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। इसी बीच दिलजीत दोसांझ ने एक और इतिहास रचा है। 'बिलबोर्ड कनाडा' के कवर पर आने वाले वह पहले इंडियन आर्टिस्ट बन गए हैं।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा-भोपाल फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई

# सौ दिन में 15 लाख करोड़ के काम, इसका बड़ा हिस्सा गरीब, किसान व यूथ के नाम

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस से किया रीवा एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रीवा को रविवार से नव निर्मित एयरपोर्ट की सुविधा मिलना शुरू हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस से रीवा के नवनिर्मित एयरपोर्ट का वर्चुअल उदघाटन किया। रीवा प्रदेश का छठवां एयरपोर्ट है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि देश में पहले की तुलना में तीन गुना रफ्तार से विकास कार्य हो रहे हैं। नई सरकार बनने के सवा सौ दिन के अंदर 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं और परियोजनाओं पर कार्य शुरू किया जा चुका है। इसमें ज्यादा बजट गरीब, किसान और नौजवानों के नाम पर है। पूरे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण का बड़ा अभियान चल रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी खुद वाराणसी से कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसके लिए अपनी टीम के साथ रीवा पहुंचे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकास के लिए होने वाले निवेश से नागरिकों की सुविधा बढ़ाना और नौजवानों को नौकरी देना हमारा लक्ष्य है। हाई-वे, नए-नए ट्रेन रूट्स और नए एयरपोर्ट की सुविधा यह सिर्फ ईंट, पत्थर, लोहे का काम नहीं है।

1 रीवा एयरपोर्ट से यात्री विमान के साथ मालवाहक विमान भी उड़ेंगे

2 विंध्य के उद्योगपतियों को निर्यात के लिए मिलेगी कंटेनर की सुविधा

3 माल भंडारण के लिए रीवा में बनाएंगे अंतर्देशीय कंटेनर डिपो

पीएम बोले-विकास के लिए होने वाले निवेश से सुविधा बढ़ाना नौजवानों को नौकरी देना लक्ष्य

सीएम यादव ने कहा-आमजन को उपलब्ध करवाएंगे 999 रु. में सस्ती विमान यात्रा सुविधा






### दीवाली के पहले ही विंध्यवासियों को दीवाली का बहुत बड़ा तोहफा


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दीवाली के पहले ही विंध्य वासियों को दीवाली का बहुत बड़ा तोहफा दिया है। रीवा में एयरपोर्ट शुरू होने जाने से विंध्य के विकास के द्वार खुलेंगे और यहां की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। पूर्ववर्ती सरकारों की ओर से ध्यान न देने के कारण विंध्य का समुचित विकास नहीं हो सका।

### 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विंध्य के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से पूरे विंध्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक विकास के लिए निवेश होगा। उद्योगों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

### प्रदेश में 6 हवाई अड्डों के साथ 25 हवाई पट्टियां विकसित

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि विंध्य से माल ढुलाई के लिए शीघ्र ही कंटेनर और मालवाहक हवाई जहाज की सुविधा दी जाएगी। साथ ही विंध्यवासियों को 999 रुपए में हवाई यात्रा कराई जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों तथा 'उड़ान योजना' से गरीब आदमी को भी हवाई यात्रा की सुविधामिल गई है।



## राज्य सरकार ने शहीदों के माता-पिता को दी जाने वाली अनुदान राशि में की बढ़ोतरी



# अब 'अनुदान' की राशि 10 हजार रु. दी जाएगी

मप्र के निवासी ऐसे माता-पिता, जिनकी पुत्री सेना में है, उनकी सम्मान निधि 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए प्रतिवर्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने शहीदों के माता-पिता को दी जाने वाली अनुदान राशि में बढ़ोतरी कर दी है। अब शहीद के माता-पिता को अनुदान की राशि 10 हजार रुपए दी जाएगी। जबकि, शहीदों की पुत्रियों एवं बहनों के विवाह पर आशीर्वाद राशि भी बढ़ाकर 51 हजार रुपए की गई है। प्रदेश में निवासरत द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों एवं उनकी पत्नियों की पेंशन 8 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए प्रतिमाह की गई है।

### मप्र सैनिक कल्याण में सदैव अग्रणी रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सैनिक कल्याण में सदैव अग्रणी रहा है। यहां सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन हो रहा है। उन्होंने सेना और उनके परिवारों के लिए कल्याणकारी निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि युद्ध एवं सैनिक कार्रवाई में शहीद होने वाले सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के शहीदों के आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि और एक आश्रित को शासकीय सेवा में विशेष नियुक्ति दी जाएगी। सहायता राशि का आधा अंश शहीद की पत्नी को और आधा अंश आश्रित माता-पिता को दिया जाएगा। भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, विकलांग सैनिकों एवं आश्रितों को विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता तथा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जो पूरे देश में सर्वाधिक है।

## पीएम मोदी ने काशी से देश को दी 6700 करोड़ की सौगात

# काशी मेडिकल हब बनेगी, 10 वर्षों में देश की सेहत सुधरी

*पीएम मोदी ने आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल का उद्घाटन और परियोजनाओं का शिलान्यास किया*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पीएम नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के दूसरे प्रवास पर रविवार को वाराणसी में सबसे पहले पीएम मोदी ने आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।

इसके बाद स्पोर्ट्स स्टेडियम समेत देश को 6700 करोड़ की सौगात दी। काशी के 3 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की सौगात दी। इनमें सबसे बड़ा प्रोजेक्ट सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम है। डॉ. संपूर्णानंद सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्विकास 325.65 करोड़ रुपयों से हुआ है। बीते साल प्रधानमंत्री के हाथों पहले फेज में लगभग 109.36 करोड़ से बना इनडोर स्टेडियम लोकार्पित हुआ था। अब दूसरे और तीसरे चरण में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टेडियम समेत कुल 216.29 करोड़ से हुए विकास कार्य लोकार्पित होंगे। तीनों फेज की खेल सुविधाएं साथ मिलेंगी।



**हेल्थ केयर के प्रति सोच बदल दी**

पीएम मोदी ने कहा कि दस साल पहले दिमागी बुखार के लिए ब्लॉक स्तर पर उपचार के केंद्र तक नहीं थे। पहले की सरकार नकुछ नहीं करती थीं। बीते दशक में काशी ही नहीं पूर्वांचल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है। दस सालों में दस हजार से ज्यादा नए बेड जोड़े गए हैं। पांच हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। आज 20 से ज्यादा डायलसिस की सुविधा मिल रही है। हेल्थ केयर के प्रति पुरानी सोच को बदल दिया है।

## हर-हर महादेव से की अपने संबोधन की शुरुआत

हर हर महादेव से पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत की। सबसे पहले कांची के शंकराचार्य का आशीर्वाद लिया। मोदी ने कहा कि काशी आना अपने आप में पुष्य की अनुभूति होता है। यहां संत जनों और सन्यासियों का साथ मिल रहा है।शंकराचार्य के आशीर्वाद से ही काशी और पूर्वांचल को एक और आधुनिक अस्पताल मिला है।

### युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा, तमसो मा ज्योर्तिमय

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है तमसो मा ज्योर्तिमय यानी अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। यह अस्पताल लोगों के जीवन से अंधकार दूर करेगा। उन्हें प्रकाश की ओर ले जाएगा। यहां बहुत बड़ी संख्या में गरीबों को मुफ्त इलाज मिलने वाला है। यह नेत्र अस्पताल यहां के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर लेकर आया है। यहां मेडिकल के छात्र इंटर्नशिप, प्रैक्टिस करने का मौका के साथ ही सपोर्ट स्टाफ के रूम में भी लोगों को काम मिलेगा। इस हॉस्पिटल के नेक काम से जुड़ने का इससे पहले भी अवसर मिला है।

### काशी में कई सुविधाएं बढ़ीं

पीएम मोदी ने कहा कि काशी मेडिकल हब बन रही है। बीएचयू में ट्रामा सेंटर, सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल, दीनदयाल अस्पताल, कबीरचौरा में सुविधाएं बढ़ाना हो, अनेक कार्य काशी में एक दशक में हुए हैं। बनारस में कैंसर के अस्पताल के लिए भी आधुनिक अस्पताल हैं। पहले इलाज के लिए मुंबई दिल्ली जाना होता था। अब यहीं पर इलाज हो जा रहा है। झारखंड बिहार से भी लोग यहां इलाज के लिए आ रहे हैं। काशी नवजीवन दायिनी भी बन रही है।

### पीएम मोदी की प्रेरणा से काशी में दिख रहा विकास का नया रूपः सीएम योगी



आर जे हॉस्पिटल में पीएम मोदी से पहले सीएम योगी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से काशी पिछले 10 वर्ष में न केवल विकास के नए रूप में देखने को मिल रही है बल्कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में नित्य कीर्तिमान स्थापित किए हैं। ढाई हजार करोड़ के स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य किए गए हैं। कैंसर हॉस्पिटल, 403 बेड वाले सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सर सुंदरलाल अस्पताल में 100 बेड ब्लॉक का निर्माण करके न सिर्फ काशी बल्कि पूर्वी यूपी के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य कार्य का काम हुआ है।

## महाराष्ट्र में भाजपा ने घोषित की विधान सभा चुनाव की पहली सूची

# बागियों को किया किनारे, 99 में 89 सिटिंग विधायकों पर जताया भरोसा, फडणवीस नागपुर से ठोकेंगे ताल

*एक भी अल्पसंख्यक चेहरा इसमें शामिल नहीं, अधिकतर उम्मीदवार ओबीसी, मराठा और कुछ आदिवासी समुदाय से*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। 288 सीटों पर 20 नवंबर को 'रण' (मतदान) होना है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने आज अपने 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें कुछ नेताओं को टिकट मिला है तो किसी की टिकट कटी है।

इस पहली लिस्ट में देवेंद्र फडणवीस, चंद्रशेखर बावनकुले, राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रकांत पाटिल, आशीष शेलार, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे के बेटे संतोष जैसे प्रमुख नामों की घोषणा की गई है। भाजपा की पहली लिस्ट में 99 नामों में से 89 मौजूदा विधायकों को फिर से टिकट दिया गया है, जबकि भाजपा की पहली सूची में एक भी अल्पसंख्यक चेहरा नहीं है। हालांकि, अधिकांश उम्मीदवार ओबीसी, मराठा और कुछ आदिवासी समुदाय से हैं, जो वर्षों से भाजपा का पारंपरिक वोट बैंक रहा है।

### मुंबई की 14 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी



भाजपा ने पहली लिस्ट में मुंबई की कुल 36 सीटों में से 14 मौजूदा उम्मीदवारों के नाम जारी किए हैं। 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने मुंबई में 17 सीटें जीती थीं। हालांकि पहली लिस्ट में मुंबई के तीन मौजूदा विधायकों के नाम का ऐलान नहीं किया है। इसमें पराग शाह (घाटकोपर पूर्व), भारती लवेकर (वर्सोवा), सुनील राणे (बोरीवली) शामिल हैं।

### बावनकुले को इस बार मिला टिकट

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को पिछली बार टिकट नहीं दिया गया था, लेकिन अब उन्हें कामठी से टिकट मिला है। बावनकुले को 2019 के चुनाव में टिकट नहीं मिला था, जिससे तेली समुदाय के वोट प्रभावित हुए थे।

### टेकचंद सावरकर की टिकट काटी

लाडकी बहिण योजना को 'गैंबल फॉर वोट' कहने वाले टेकचंद सावरकर की टिकट बीजेपी ने काट दी है। उनकी जगह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी सीट से उतारा है।

### बागियों को नहीं दिया भाव

भाजपा ने अश्विनी जगताप का चिंचवाड़ सीट से टिकट काट दिया है। उनकी जगह अश्विनी जगताप के साले शंकर जगताप को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया है।

**टीएमसी के 6 उम्मीदवार घोषित**

### मेदिनीपुर से सुजॉय हाजरा को उतारा



कोलकाता-पश्चिम बंगाल विधानसभा उपचुनाव के लिए टीएमसी ने 6उम्मीदवारों की सूची जारी की। मेदिनीपुर से सुजॉय हाजरा, नैहाटी से सनत डे, सिताई से संगीता रॉय, तालडांगरा से फाल्गुनी सिंहबाबू को टिकट मिला है। मदारीहाट से जयप्रकाश टोप्पो, हरोआ से रबीउल इस्लाम को प्रत्याशी बनाया गया है। इसकी जानकारी दी गई है।

**राउत के बयान से मची हलचल**

### 6 महीने के लिए महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगेगा



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने में एक महीने का समय बचा है। इस बीच, शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने गृह मंत्री अमित शाह पर हमला बोला है। ये लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं। अमित शाह महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रच रहे हैं।

#### उपचुनाव के लिए किया प्रत्याशियों का ऐलान

### आप ने पंजाब की चारों सीटों पर उतारे उम्मीदवार



पंजाब में डेरा बाबा नानक, गिद्दड़बाहा, बरनाला और चब्बेवाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहे हैं। 13 नंवबर को मतदान होगा। इसके लिए आम आदमी पार्टी ने अपने चारों उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। डेरा बाबा नानक से गुरदीप सिंह रंधावा, बरनाला से हरिंदर सिंह धालीवाल, चब्बेवाल से ईशान चब्बेवाल और गिद्दड़बाहा से हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों को उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी ने सबसे पहले अपने उम्मीदवारों का एलान किया है।

#### शिवसेना यूबीटी ने दे दी एमवीए को धमकी

### 24 घंटे तक करेंगे कांग्रेस का इंतजार, फिर...



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखें फाइनल हो चुकी हैं। ऐसे में पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने में जुटी हुई हैं। महायुति की सहयोगी पार्टी भाजपा ने अपनी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। महाविकास अघाड़ी यानी एमवीए में भी सीटों को लेकर चर्चा चल रही है। इसी को लेकर उद्धव ठाकरे ने बैठक में सीट बंटवारे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी संभावित उम्मीदवारों को प्रचार शुरू करने के आदेश दे दिए गए हैं। वहीं, ये भी जानकारी आ रही है कि ठाकरे सेना ने कांग्रेस को 24 घंटे का समय दिया है।

#### झारखंड में राजद ने कांग्रेस-जेएमएम को दिखाए तेवर

### बिहार में 4 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार



झारखंड में इंडिया गठबंधन भारी बवाल हो गया है। जेएमएम की तरफ से कम सीटों का ऑफर दिए जाने के बाद राजद ने अलग होकर चुनाव लड़ने तक की धमकी दे दी है। राजद प्रवक्ता मनोज झा ने रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि 12-13 सीटों से कम राजद को स्वीकार्य नहीं है। झारखंड की 18-20 सीटों पर राजद की मजबूत पकड़ है। झारखंड चुनाव के लिए कांग्रेस-जेएमएम के साथ बातचीत पर मनोज झा ने कहा कि हमारा एकमात्र उद्देश्य भाजपा को हराना है। हम इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।

#### पीएम मोदी ने 5 राज्यों को दी सौगात

## 7 एयरपोर्ट के विकास कार्यों का किया लोकार्पण



प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के स्पोर्ट्स स्टेडियम से सबसे पहले 5 राज्यों के7एयरपोर्ट पर हुए विकास कार्यों का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने कुल 225.88 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया।

इनमें रीवा एयरपोर्ट का नए टर्मिनल भवन का निर्माण (91 करोड़), मां महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर के नए टर्मिनल भवन का निर्माण (80.32 करोड़), सरसावा एयरपोर्ट में 'ए' सिविल इन्क्लेव का निर्माण (54.56 करोड़) शामिल है। इसके अलावा 3041 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इसमें बागडोगरा एयरपोर्ट में नए सिविल इन्क्लेव का निर्माण (1550 करोड़), दरभंगा एयरपोर्ट में नए सिविल इन्क्लेव का निर्माण (912 करोड़) और आगरा एयरपोर्ट में नए सिविल एन्क्लेव का निर्माण (579 करोड़) शामिल है।

### ये प्रोजेक्ट देश को नई उड़ान देंगे

पीएम मोदी ने कहा कि ये प्रोजेक्ट देश और यूपी के विकास को नई ऊंचाई देंगे। बाबा के आशीर्वाद से अभी यहां हजारों करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इसमें देश और यूपी के विकास को नई ऊंचाई देने वाले प्रोजेक्ट हैं। यूपी-बिहार-पश्चिम बंगाल-एमपी और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग एयरपोर्ट का शुभारंभ भी हुआ है। इसमें बाबतपुरा एयरपोर्ट के अलावा आगरा और सहारनपुर का सारसावां एयरपोर्ट भी शामिल है।

### 2.3 करोड़ पैसेंजर को मिलेगा लाभ

इसमें उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, मध्य प्रदेश के रीवा और छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन भी शामिल है। इन तीनों एयरपोर्ट के शुरू होने से पैसेंजर्स अराइवल की क्षमता सालाना 2.3 करोड़ बढ़ जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मंगलूरू में ट्रेन पलटने की साजिश, पत्थर रखे

**मंगलूरू ।** देश में ट्रेनों को बेपटरी करने की कई साजिशों का खुलासा हो चुका है। मंगलूरू में रेलवे ट्रैक पर बजरी और पत्थर रखकर ट्रेन को पलटाने की नापाक साजिश रची गई। मंगलूरू में उल्लाल के पास ट्रैक पर बजरी और पत्थर रखे थे।



### शाम को मामा की मौत सदमे में भांजे ने तोड़ा दम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के गुलरिहा थाना क्षेत्र में मामा की मौत के बाद भांजे की भी मौत हो गई। भांजा बचपन से ही मामा के घर पर रहता था। मामा की बीमारी के चलते मौत हो गई, जिसका सदमा भांजा बर्दाश्त नहीं कर पाया।



### बंगाल में बच्ची के साथ बुजुर्ग ने की गंदी हरकत

**पूर्वी बर्दवान।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्दवान जिले के कटवा में एक बुजुर्ग को 3साल की बच्ची के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया और रविवार को जिला अदालत में पेश किया।



#### भागलपुर में मूर्ति खंडित करने पर बौखलाए लोग

## गुस्साए लोगों की भीड़ ने सड़क जाम कर आगजनी की, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

*अब सात लोगों को हिरासत में लिया गया*

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

बिहार के झारखंड से सटे भाग भागलपुर जिले से बड़ी खबर है। यहां सन्हौला बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में मूर्तियों को खंडित किया गया।

इसके विरोध में लोग सड़क पर उतरेऔर मोर्चा खोल दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन गुस्साए लोगों की भीड़ ने सड़क जाम कर आगजनी की। पुलिस और थाने पर पथराव किया, जिसे रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ गया। अब सात लोगों को हिरासत में लिया गया है।



### पुलिस पर भी पथराव किया

भागलपुर सनहौला थाना इलाके में तालाब के पास राम सीता और राधा कृष्ण मंदिर का मंदिर है। यहां रविवार को ग्रिल गेट तोड़कर कर असामाजिक तत्वों ने राम जी की मूर्ति को खंडित कर दिया। गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर भी पथराव शुरू कर दिया।

### पुलिस ने पैदल मार्च निकाला, हिदायत दी

कहलगांव एसडीपीओ शिवानंद और कहलगांव अनुमंडल पदाधिकारी ने फ्लैग मार्च निकाला। जिसमें कई थानों की पुलिस के साथ ड्रोन कैमरे से पूरे इलाके की मॉनिटरिंग की जा रही है। शांति बनाने की अपील की जा रही है।

## विषाक्त नाश्ता करने के कारण करीब 200 लोग बीमार, भर्ती



**गोलाघाट।** असम के गोलाघाट जिले में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नाश्ता करने के बाद खाद्य विषाक्तता के कारण 200 लोग बीमार हो गए। यह घटना शनिवार रात सरुपथार क्षेत्र स्थित उरीअमघाट के पसघोरिया गांव में हुई। यहां प्रदीप गोगोई की मां की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई थी। नाश्ते के रूप में मुरमुरे और क्रीम परोसा गया था।

#### मांडविया आज 'ई-श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन' करेंगे लॉन्च

## असंगठित श्रमिकों को योजनाओं का मिलेगा लाभ और पहुंच होगी आसान

*श्रमिकों को सभी योजनाओं की जानकारी एकसाथ मिले सकेगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को 'ई-श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन' लॉन्च करेंगे। यह पहल असंगठित श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं और सरकारी कार्यक्रमों तक सुगम पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है।

ई-श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन सरकार और असंगठित श्रमिकों के बीच एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ के रूप में काम करेगा जिससे असंगठित क्षेत्र श्रमिक आसानी से सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस प्लेटफॉर्म के जरिए श्रमिकों को उन योजनाओं की जानकारी मिलेगी जो उनके लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

### लाभार्थियों की जानकारी एक प्लेटफॉर्म पर मिलेगी



इसका मुख्य उद्देश्य असंगठित श्रमिकों के लिए सभी सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों की जानकारी को एकीकृत रूप से एक प्लेटफॉर्म पर लाना है। इससे विभिन्न योजनाओं की पहचान और क्रियान्वयन में आसानी होगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ये योजनाएं तेजी से और प्रभावी तरीके से सभी योग्य श्रमिकों तक पहुंचें।

### 12 योजनाओं को जोड़ा जा चुका

अब करीब 12 योजनाओं को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों से सफलतापूर्वक ई-श्रम प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ दिया गया है, जो सरकार की असंगठित श्रमिकों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

#### अब जयपुर में भी मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसी कार्रवाई

# लोगों पर हमला करने वालों के घर चला बुलडोजर

एजेंसी ▶▶ जयपुर

यहां के मंदिर में 10 आरएसएस कार्यकर्ताओं पर चाकू से वार करने के मामले के बाद बुलडोजर चला है। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के घर पर बुलडोजर चला दिया है।

पुलिसने कहा कि एक मंदिर में जागरण प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान पास में रहने वाले पिता-पुत्र आए और कुछ देर चाकू से हमला कर दिया। अब अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए आरोपी नसीब चौधरी के घर पर बुलडोजर चल रहा है।नसीब और उसका बेटा पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने मंदिर की जमीन पर कब्जा कर 2 कमरों का घर बना लिया था। इसी अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर एक्शन लिया गया है।

*वारदात के बाद अब अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई*



**दो लोगों को हिरासत में लिया गया**

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उसने बताया कि गुरुवार रात शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में जागरण के बाद जब श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खीर वितरित की जा रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाले दो लोगों ने देर रात कार्यक्रम करने पर आपत्ति जताई।

### 10 में से 6 लोग अभी अस्पताल में भर्ती

*पुलिस ने बताया कि इस मामले पर कहा कि कहासुनी होने के बाद आरोपियों ने अन्य लोगों को बुलाया और वहां मौजूद लोगों पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें 10 आरएसएस कार्यकर्ता घायल हो गए। उसने बताया कि घायलों में से छह को सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया।*

### अन्य लोगों की तलाश की जा रही

*पुलिस ने बताया कि आरोपी नसीब चौधरी और उसके बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और हमले में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। उसने बताया कि मामले में आगे जांच की जा रही है। इससे पहले इस घटना से आक्रोशित कुछ लोगों ने कुछ समय के लिए दिल्ली-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित कर दिया। हालांकि, उन्होंने गुरुवार देर रात अपना धरना वापस ले लिया।*

**ग्रामीण भारत का सशक्तीकरण**

### राष्ट्रीय पंचायत सम्मेलन कल, जीवन को सरल बनाना सम्मेलन का उद्देश्य

**हैदराबाद।** पंचायती राज मंत्रालय, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान के साथ मिलकर मंगलवार को हैदराबाद में एक राष्ट्रीय पंचायत सम्मेलन आयोजित करेगा। 'जीवन को सरल बनानाः जमीनी स्तर पर सेवा वितरण को बढ़ाना' विषय पर आधारित इस सम्मेलन का उद्देश्य ग्रामीण सेवा वितरण की पहुंच बढ़ाने के लिए पंचायत के प्रतिनिधियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे सेवा वितरण में आने वाली चुनौतियों, अनुभवों और नए अवसरों पर चर्चा कर सकें।

गुरू रामदास खालसा
इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी
कुकरी खेड़ा बरेला जबलपुर
(म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त एवं
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से सम्बद्धता प्राप्त)
सहायक प्राध्यापकों की कॉलेज कोड 28 के तहत नियुक्ति हेतु आवेदन की शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं 2 फोटो सहित आवेदन पत्र 15 दिवस के अंदर 1100/- रू. नगद/ डिमांड ड्राफ्ट के साथ जमा करें।
सहायक प्राध्यापक
कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बायोटेक्नालॉजी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, इतिहास, वनस्पति शास्त्र, वाणिज्य, अंग्रेजी, हिन्दी, ग्रंथपाल
• उपरोक्त पदों के लिए अर्हतायें UGC के नियमों के आधार पर होंगी।
• स्व वित्तीय योजना के अंतर्गत
संपर्क करें- 9111104326, 9425604021
सचिव

जबलपुर
सोमवार, 21 अक्टूबर 2024
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष : 4
वर्ष : 19, अंक : 168
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 32
न्यून. 20

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाने की तैयारी में सरकार




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा जीवन बीमा प्रीमियम और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी छूट देने का प्रस्ताव सामने आया है। राज्य मंत्रियों के पैनल के अधिकांश सदस्यों ने आम लोगों को राहत देने के लिए करों में कटौती का समर्थन किया है। मंत्रियों के समूह की बैठक में टर्म जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को कर मुक्त करने का निर्णय लिया जा सकता है।

### कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी गाइडलाइन्स में संशोधन

अब पब्लिक सेक्टर कंपनियां अपने सीएसआर फंड का 60 फीसदी इस पर खर्च कर सकेंगी

### केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख युवाओं को इंटर्नशिप देने का लक्ष्य बनाया

# सरकार का बड़ा फैसला, सीएसआर का पैसा इंटर्नशिप स्कीम पर 'खर्च' कर सकेंगी पब्लिक सेक्टर कंपनियां

### 5 साल में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप दी जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पीएम इंटर्नशिप स्कीम को तेजी देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब पब्लिक सेक्टर कंपनियां अपना कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) का पैसा सरकार की इस महत्वाकांक्षी स्कीम पर खर्च कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने पब्लिक सेक्टर कंपनियों के लिए चालू वित्त वर्ष की कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी गाइडलाइन्स में संशोधन किया है। अब इन कंपनियों के सीएसआर में सामान्य विषय या थीम के रूप में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम भी शामिल रहेगी।

अच्छी खबर



कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में इंटर्नशिप स्कीम के तहत कंपनियों के साथ-साथ इंटर्न का भी रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। इस स्कीम के तहत 5 साल में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप दी जानी है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत 12 महीने की इंटर्नशिप 2 दिसंबर से शुरू होने वाली है। इस पर करीब 800 करोड़ की लागत आने का अनुमान है। मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख युवाओं को इसके तहत लाने का लक्ष्य है।

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में लॉन्च की थी यह स्कीम



पीएम इंटर्नशिप स्कीम की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में की थी। इस योजना के तहत टॉप 500 कंपनियां 21 से 24 वर्ष के युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी। साथ ही उन्हें लाइफ इंश्योरेंस भी दिया जाएगा। एक वर्ष के लिए 5,000 रु. की मासिक वित्तीय सहायता के अलावा इंटर्न के लिए 6,000 रु. का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा। मासिक सहायता में सरकार द्वारा 4,500 रु. और कंपनी द्वारा अपने सीएसआर फंड से 500 रु. दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### कुलदेवी के सामने युवक ने काट लिया गला, मौत

**सिंगरौली।** यहां एक युवक ने घर के अंदर बने कुलदेवी के चबूतरे के सामने अपना गला काट लिया।



वह मंदिर वाले कमरे में घुसा और अंदर से कुंडी लगा ली। काफी देर तक बाहर नहीं आया तो परिजन ने आवाज लगाई। फिर गांव वालों की मदद से दरवाजा तोड़ा। अंदर युवक लहूलुहान पड़ा था। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। घटना शनिवार शाम करीब 7 बजे बरगवां थाना क्षेत्र के पचुआर गांव की है।

### संयुक्त कलेक्टर की गाड़ी ने युवक को मारी टक्कर

**भिंड।** भिंड ग्वालियर नेशनल हाईवे 719 पर हिट एंड रन देखने को मिला है। जहां एक तेज रफ्तार




कार टाटा नेक्सन ने युवक को टक्कर मार दी और चालक कार को मौके से भागकर ले गया। टक्कर के बाद जमीन पर गिरी नंबर प्लेट पर संयुक्त कलेक्टर लिखा हुआ है। भोपतपुरा गांव के रहने वाले अवध बिहारी शर्मा अपने भाई ब्रजकिशोर शर्मा के साथ बाइक पर सवार होकर पेट्रोल भरवाने के लिए गए थे तभी हादसा हुआ।

### एकता कपूर-शोभा कपूर पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रोड्यूसर एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत




केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि उन्होंने अपनी एरोटिक सीरीज 'गंदी बात' में एक नाबालिग लड़की के आपत्तिजनक सीन्स फिल्माए थे। अब तक इस सीरीज के 6 सीजन्स आ चुके हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज 'गंदी बात' के सीजन 6 एपिसोड आ चुके हैं।

## देसी बम से धमाकाः एनआईए, एनएसजी और एफएसएल को आशंका-कहीं दिल्ली को दहलाने की आतंकी साजिश तो नहीं?

### धमाके के बाद धुंए का गुबार उठा और आसपास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी

# 'सफेद पाउडर' ने जांच टीम को चौंकाया, टेरर एंगल से भी जांच

*यह स्पष्ट नहीं है कि धमाका किस प्रकार का था और इसका स्रोत क्या है। विस्फोटक अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में गृह मंत्रालय ने विस्फोटक की रिपोर्ट मांगी है।*



### सीसीटीवी वीडियो आया सामने, 17 सेकंड में पता चल गया कितना जोरदार था धमाका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के पास एक जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके के बाद दीवार में दरार पड़ गई। धमाके के बाद धुएं का गुबार भी दिखाई दिया। मौके पर एनआईए, एनएसजी और एफएसएल की टीम पहुंची। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं।

जहां धमाका हुआ, वहां से रोहिणी कोर्ट 800 मीटर दूर

सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर बम धमाका

कोई हताहत नहीं स्कूल की दीवार, पास की दुकानें और कार को नुकसान



### आसपास के इलाकों के देखे जा रहे सीसीटीवी फुटेज

मौके पर क्राइम टीम, एफएसएल टीम और बम निरोधक दस्ता भी पहुंचा। घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके रही। विस्फोट के कारणों पर गौर किया जा रहा है। आसपास कई सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने में जुटी है। रोहिणी जिला के डीसीपी समेत अन्य अधिकारियों द्वारा ये सख्त निर्देश दिया गया है कि कोई भी सीसीटीवी का कोई भी क्लिप लीक नहीं होना चाहिए। वहीं, एफएसएल

### धमाका क्रूड बम के किया गया लगता

मौके पर से जांच टीम को सफेद पाउडर मिला है। यह पाउडर एक दीवार पर से मिला है। अब टीम इसकी जांच कर रही है कि आखिर ये पाउडर क्या है। क्या यह कोई विस्फोटक पदार्थ है। साथ ही सूत्र इस बात की भी आशंका जता रहे हैं कि धमाका देसी बम का हो सकता है। दिवाली से पहले हुए इस जोरदार धमाके की टेरर एंगल से भी जांच की जा रही है। सूत्रों की मानें तो धमाका क्रूड बम के किया गया प्रतीत होता है। शुरुआत में सिलेंडर ब्लास्ट की आशंका जताई गई थी।

### दिल्ली पुलिस को तेज विस्फोट की मिली थी सूचना

दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता संजय त्यागी ने बताया कि रविवार सुबह प्रस्थान विहार से एक तेज विस्फोट की सूचना मिली। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां उन्हें एक अप्रिय गंध महसूस हुई और स्कूल परिसर में टूटे हुए खिड़कियों के कांच मिले। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फोरेंसिक विभाग, क्राइम टीम और विशेष प्रकोष्ठ के विशेषज्ञ जांच कर रहे हैं।

### एक बार फिर विमानों में बम की धमकी

# आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय, उतारी गईं सभी फ्लाइट्स



रविवार को इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा समेत 20 से अधिक भारतीय विमानों में बम की धमकी मिली

### इस सप्ताह अब तक 90 से अधिक उड़ानों में बम की धमकियां मिल चुकीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। रविवार को भी कई विमानों में बम होने की धमकी दी गई। इसे लेकर एयरलाइंस ने आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिया। धमकी मिलने के बाद कई विमानों की आपात लैंडिंग कराई गई। अकासा और विस्तारा एयरलाइंस के प्रवक्ताओं ने बताया कि फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई गई।

### *इंडिगो, विस्तारा अकासा और एयर इंडिया की उड़ानें प्रभावित*

*रविवार को इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा समेत 20 से अधिक भारतीय विमानों में बम की धमकी मिली। इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों में बम होने की धमकी दी गई। इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि इंडिगो की 6ई 58 जेद्दा से मुंबई, 6ई 87 कोझिकोड से दम्मम, 6ई 11 दिल्ली से इस्तांबुल, 6ई 17 मुंबई से इस्तांबुल, 6ई 133 पुणे से जोधपुर और 6ई 112 गोवा से अहमदाबाद फ्लाइट में बम होने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरत रहे हैं।*

### धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर देर रात हादसा

# शादी में शामिल होने गए थे पर घर नहीं लौट पाए, बस ने टेंपो को मारी टक्कर, 8 बच्चों समेत 12 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ धौलपुर

राजस्थान के धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर शनिवार देर रात को एक तेज रफ्तार बस ने टेंपो में टक्कर मार दी जिससे 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में टेंपो चालक घायल है, उसे धौलपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी, गुमट के रहने वाले करीब 15 लोग सरमथुरा इलाके के बरौली में शादी समारोह में गए थे। इनमें ज्यादातर बच्चे शामिल थे। देर रात सभी टेंपो में सवार होकर बाड़ी लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास धौलपुर से जयपुर जा रही

■ टेंपो का ड्राइवर घायल, बस को पुलिस ने जब्त किया



तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। पुलिस ने टेंपो सवार घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस भी क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। बाड़ी कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि गुमट निवासी इरफान ऊर्फ बंटी (38) का टेम्पो था शादी समारोह के बाद परिवार समेत अपने घर लौट रहा था। सुन्नीपुर के पास बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिला और आठ बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई।

### रात 12 बजे घायलों को लाया गया था अस्पताल

बाड़ी अस्पताल के पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल ने बताया कि रात करीब 12 बजे घायलों को बाड़ी अस्पताल लाया गया। मेडिकल टीम ने सभी को तुरंत इलाज देने की कोशिश की। 14 लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से 10 की मौत हो चुकी थी। 4 घायलों को गंभीर हालत में धौलपुर रेफर कर किया था, लेकिन 2 लोगों की रास्ते में मौत हो गई। दो घायलों का धौलपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है।





### मुरैना ब्लास्ट में चार मकान धराशाई

# 20 घंटे बाद 300 मीटर दूर मिले मां-बेटी के शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

इस्लामपुरा में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे 2 मंजिला मकान में ब्लास्ट के 20 घंटे बाद रविवार को मां-बेटी के शव मलबे से निकाले गए। दो जेसीबी की मदद से रेस्क्यू टीम पूरी रात मलबा हटाने में जुटी रही। इस विस्फोट में आसपास के 4 मकान धराशाई हो गए। करीब 300 मीटर के दायरे में मलबे के टुकड़े गिरे। प्रशासन का दावा है कि ब्लास्ट सिलेंडर फटने से हुआ, लेकिन मौके से पटाखों के रैपर मिले हैं। वहीं, पड़ोसियों का कहना है कि ब्लास्ट बारूद के फटने से

■ ब्लास्ट सिलेंडर फटने से हुआ लेकिन मौके से पटाखों के रैपर भी मिले



हुआ है। रेस्क्यू करने वाले एसडीआरएफ प्रभारी अजय गौड़ ने बताया, जब हम रेस्क्यू कर रहे थे। एक शव का पैर बाहर दिखा। हमने उसी जगह खुदाई शुरू की। यहां बाइक निकली, उसके नीचे दोनों शव मिले। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि घर की पटियों की छत उड़ गई। कंकड़ मकान से लगभग 300 मीटर दूर पीपल वाली माता मंदिर के पास तक गिरे।

### तीन साल से किराए से रह रहा था परिवार

जिस मकान में विस्फोट हुआ वह गजराज सिंह राठौड़ के नाम पर है। तीन साल पहले गजराज ने जमील को मकान किराए पर दिया था। ब्लास्ट के समय वह घर में नहीं था। किचन में खाना बना रही पत्नी अंजुम बेगम (35) और बेटी साहिबा बानो (17) मलबे में दब गए। दो बेटे अरबाज (12) और आर्य (10) स्कूल गए थे। लोगों को लगा कि दोनों बच्चे भी मलबे में दबे हैं, लेकिन शाम को वे लौट आए।



## 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सही इस्तेमाल से परिवर्तनकारी बदलाव संभव : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते शनिवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आकांक्षी भारत के बीच संतुलन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम आकांक्षी भारत की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सफलतापूर्वक सही उपयोग करते हैं, तो इससे परिवर्तनकारी बदलाव हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया एआई को एक अवसर के रूप में देख रही है, जबकि भारत के लिए यह एक चुनौती और अवसर दोनों प्रस्तुत करता है।

### खास बातें

1. देश के 40 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों ने करवा लिया अपना पंजीकरण
2. पाठ्यक्रमों में 1.5 करोड़ से अधिक प्रमाण पत्र प्राप्त हुए ये भी एक उपलब्धि है
3. 1400 से अधिक पाठ्यक्रम उपलब्ध, इससे जानकारी एकत्रित करने में मदद मिलेगी



### आईजीओटी की सराहना

*प्रधानमंत्री ने आईजीओटी प्लेटफॉर्म की सराहना की और कहा कि इस प्लेटफॉर्म पर 40 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों ने पंजीकरण कराया है। 1400 से अधिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं और अधिकारियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में 1.5 करोड़ से अधिक प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थान अलग-अलग काम करने को मजबूर होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने उनके बीच साझेदारी और सहयोग बढ़ाने की कोशिश की है। उन्होंने प्रशिक्षण संस्थानों से संचार के उचित चैनल स्थापित करने, एक-दूसरे से सीखने, चर्चा करने और वैश्विक स्तर के सर्वोत्तम तौर तरीकों को अपनाने तथा समग्र सरकारी दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि मिशन कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में की गई थी, जिसका उद्देश्य वैश्विक दृष्टिकोण के साथ भारतीय लोकाचार पर आधारित भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा का निर्माण करना था।*

### देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक

प्रधानमंत्री ने बीते शनिवार को नई दिल्ली के डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में 'कर्मयोगी सप्ताह' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन कर्मयोगी के माध्यम से हमारा लक्ष्य ऐसे मानव संसाधन तैयार करना है, जो हमारे देश के विकास की प्रेरक शक्ति बने। अभी तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर हम इसी उत्साह के साथ काम करते रहेंगे तो देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान मिली नई सीख और अनुभव हमें कार्य प्रणालियों को बेहतर बनाने की क्षमता और मदद देंगे, जिससे हमें 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

### शोध एजेंसियों और युवाओं से मदद लें

*प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल क्रांति और सोशल मीडिया के प्रभाव के कारण सूचना समानता एक मानक बन गई है। एआई के साथ, सूचना तैयार करना भी समान रूप से आसान हो रहा है, जिससे नागरिकों को जानकारी मिल रही है और उन्हें सरकार की सभी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सशक्त बनाया जा रहा है। इसलिए, सिविल सेवकों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है, जिससे बेहतर होते मानकों को पूरा किया जा सके, जिसमें मिशन कर्मयोगी मददगार साबित हो सकता है। उन्होंने नई सोच और नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।*

---

## बारामूला में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी

### गुरुद्वारों, मंदिरों अस्पतालों और सेना के ठिकानों पर ग्रेनेड फेंके गए थे

# सुरक्षाबलों ने ग्रेनेड फेंकने वाले दो आतंकी पुंछ से किए गिरफ्तार

### आतंकवादी घटनाओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण प्रगति

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। जहां चिनार क्रॉप्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया है। संभावित घुसपैठ के बारे में खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एलओसी के सामान्य क्षेत्र उरी में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाया और चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। चौकस सैनिकों ने प्रभावी फायरिंग के साथ जवाब दिया। ऑपरेशन जारी है। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ जिले से दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने बताया कि गिरफ्तारियों से कई ग्रेनेड हमलों के मामलों को सुलझाने में मदद मिली है।

बारामूला जिले के उरी क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। भारतीय सेना की चिनार कोर ने एक पोस्ट में बताया कि आतंकवादियों की संभावित घुसपैठ की खुफिया जानकारी के आधार पर संयुक्त रूप से एक ऑपरेशन शुरू किया गया है



### तनाव बढ़ाने की हुई थी कोशिशें

आनंद जैन ने कहा, हमने एक बड़ी सफलता हासिल की है क्योंकि हमने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने ग्रेनेड फेंकने और देश विरोधी पोस्टर लगाने जैसी गतिविधियां की थीं और गुरुद्वारों, मंदिरों, अस्पतालों और सेना के ठिकानों पर ग्रेनेड फेंके गए थे। जहां आतंकवादियों का उद्देश्य क्षेत्र की साम्प्रदायिक सद्भाव को बाधित करना था। इससे पहले शुक्रवार को, सुरनकोट सेक्टर के डुंडक क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी से जुड़े व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने पुष्टि की कि संदिग्ध के पास से चार ग्रेनेड बरामद हुए, जो हाल के आतंकवादी घटनाओं को सुलझाने में एक महत्वपूर्ण प्रगति हो सकती है।

### कई वारदात में थे शामिल

*यह ऑपरेशन आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इन दोनों आतंकियों ने कई वारदातों को अंजाम दिया था। वहीं ये लोग गुरुद्वारा, सेना के शिविर और अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों पर हथगोलों से हमला करने की फिराक में थे, जिससे पुंछ जिले में दहशत का माहौल पैदा कर सकें। हालांकि इससे पहले ही ये लोग पुलिस की गिरफ्त में आ गए। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों ही आतंकियों ने बताया कि सीमा पार से उन्हें हथियारों और गोला बारूद की चार खेप मुहैया कराई गई थी साथ ही 1.50 लाख रुपए भी मिले थे। दोनों ने बताया कि उन्हें पिस्तौल चलाने की ट्रेनिंग भी दी गई।*

---

## भारत से टकराव के बाद बढ़ीं मालदीव की मुश्किलें

# पर्यटकों की कमी: दिल्ली से मदद मिलने के बावजूद गहराया संकट

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव में आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। दरअसल, अपनी मुद्रा की लगातार बदल रही स्थिति और पर्यटकों की कमी के चलते देश में विदेशी मुद्रा की भारी कमी पैदा हो गई है। ऐसे में मालदीव ने अब विदेशी मुद्रा को लेकर नए नियम तैयार किए हैं।



इसके तहत अब देश में विदेशी मुद्रा के जरिए लेनदेन के तरीकों को सीमित किया जाएगा। साथ ही पर्यटन संस्थाओं और बैंकों में विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण अनिवार्य रूप से लागू किया जा रहा है। गौरतलब है कि मालदीव की अर्थव्यवस्था बीते कुछ दिनों में नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई है। खासकर भारत से टकराव के कारण मालदीव की आर्थिक स्थिति को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, मालदीव से भारत को बाहर करने की नीति (इंडिया आउट कैंपेन) चलाकर सत्ता में आए मोहम्मद मुइज्जु की सरकार की नीतियों के चलते भारतीय पर्यटकों के मालदीव जाने में भारी कमी आई है। देश की अर्थव्यवस्था के लिए सबसे जरूरी पर्यटन सेक्टर पर प्रभाव पड़ने की वजह से इस द्वीप देश की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ी है।

मालदीव के केंद्रीय बैंक और मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएमए) ने 1 अक्टूबर को कुछ नए विनियम लागू किए हैं। इसके तहत पर्यटन उद्योग द्वारा विदेशी मुद्रा के जरिए जुटाई गई राशि को स्थानीय बैंकों में जमा कराना जरूरी है। मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण, जिसने अगस्त में ही डॉलर के खर्च को लेकर सख्त सीमा लगा दी थी, उसने इस बार डॉलर की कमी के चलते स्थानीय धिवेही भाषा में नए नियमों का एलान किया।

### बिल जारी करने पर रोक लगाई

*एमएमए की तरफ से जारी नए विनियमन और एफएक्यू के मुताबिक, इसमें यह भी प्रावधान है कि वस्तुओं और सेवाओं, कार्यों के मूल्य, शुल्क, प्रभार, किराए और मजदूरी के भुगतान स्थानीय मुद्रा में किए जाएंगे और इन लेनदेन के लिए विदेशी मुद्रा में बिल जारी करने पर रोक लगाई गई है। छूट प्राप्त लेन-देन में निर्यात, अंतरराष्ट्रीय लेनदेन, धनप्रेषण सेवा प्रदाताओं के लिए भुगतान और वे लेनदेन शामिल हैं, जिनका भुगतान कानूनी रूप से अमेरिकी डॉलर में करना अनिवार्य है।*

---

गाजा में फिर लग गया लाशों का ढेर

## कत्लेआम: इजराइल ने हमास को कहा झूठा

एजेंसी ▶▶ गाजा



पूरी दुनिया तस्वीरों से गाजा का भीषण रक्तपात और नरसंहार देख रही है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हमास के इस प्रमुख गढ़ में मरने वालों की संख्या 45 हजार पार कर गई है। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। गाजा में ताजा अटैक में मरने वालों की संख्या 80 पार कर गई। इन दावों पर इजराइली सेना का कहना है कि कि गाजा में उसके हमले से मरने वालों की संख्या उतनी नहीं है, जितनी हमास दुनिया में चीख-चीख कर बता रहा है। आईडीएफ ने रविवार को बयान दिया कि गाजा में इजरायल के इस ऑपरेशन को नरसंहार नहीं कहा जा सकता।

---

### खबर संक्षेप

#### 21 किलोमीटर दौड़े उमर अब्दुल्ला

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ल ने श्रीनगर के पोलो स्टेडियम से कश्मीर की पहली अंतर्राष्ट्रीय मैराथन को हरी झंडी दिखाई।



इसमें अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी हिस्सा लिया। सुनील शेट्टी ने कहा कि कश्मीर के इस मैराथन में भाग लेने के लिए यहां आ रहे हैं और यह एक बड़ी बात है... यह दुनिया के लिए स्वर्ग है। उमर अब्दुल्ला खुद भी कश्मीर मैराथन में 21 किमी दौड़े। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, मैं आज अपने आप से बहुत खुश हूं। मैंने कश्मीर हाफ मैराथन 21 किलोमीटर को 5 मिनट 54 सेकंड प्रति किलोमीटर की औसत गति से पूरा किया।

#### शी जिनपिंग को पता मैं पागल हूं: डोनाल्ड ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार अभियान में तर्क दिया कि अमेरिका के जितने भी विरोधी है वह ट्रंप के शासनकाल में अमेरिकी हितों के खिलाफ काम नहीं करेंगे। उनके मन में डर रहेगा। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ताइवान की नाकेबंदी रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल भी नहीं करना पड़ेगा। शी मेरा सम्मान करते हैं और वह जानते हैं कि मैं पागल हूं। चीनी राष्ट्रपति को लेकर ट्रंप ने कहा कि उनके साथ में मेरे संबंध काफी बेहतर रहे हैं और बहुत ही अच्छे हैं। ट्रंप ने कहा कि मैं उनके साथ में बहुत अच्छे तरीके से पेश आया।



---

## पुलिस को सौंपी रकम

# 2.21 करोड़ रु. मिले फिर भी नहीं डगमगाया टैक्सी ड्राइवर का ईमान



एजेंसी ▶▶ दुबई

टैक्सी डाइवर के इस काम की चर्चा अब सोशल मीडिया से लेकर मीडिया तक में हो रही है। वहीं, लोग टैक्सी डाइवर की तारीफ कर रहे है। वहीं, टैक्सी ड्राइवर की ईमानदारी को देखते हुए दुबई पुलिस ने शख्स को सम्मानित किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक यात्री अबू जैद की टैक्सी में 10 लाख दिरहम की कीमत का सामान छूट गया।

### पुलिस ने समारोह कर किया सम्मानित

यह रकम भारतीय मुद्रा में लगभग 2.21 करोड़ रुपए के बराबर है। इतनी बड़ी रकम पाकर किसी का भी ईमान डोल सकता है। हालांकि, अबू जैद ने एक पल के लिए भी लालच को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। अबू जैद ने तुरंत यह सामान पुलिस को सौंप दिया ताकि यह असली मालिक तक पहुंच सके। अबू जैद की ईमानदारी का सम्मान करने के लिए अल बरशा पुलिस स्टेशन में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। पुलिस निदेशक ब्रिगेडियर माजिद अल सुवैदी ने उनकी ईमानदारी के लिए उनकी सराहना की।

---

## इजराइल ने जारी किया नया वीडियो


# पत्नी और बच्चों के संग सुरंग में छिपता हुआ दिखा याह्या सिनवार

### 6 अक्टूबर को बना था वीडियो

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजरायली डिफेंस फोर्स ने हमास चीफ याह्या सिनवार की मौत से पहले का नया फुटेज जारी किया है, जिसमें वह सुरंग के भीतर जाता नजर आ रहा है। आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हागरी ने कहा कि भयानक हमलों से पहले सिनवार 6 अक्टूबर की रात अपने परिवार के साथ भूमिगत बंकर में जाते दिखा।

वह खुद के जीवित रहने की तैयारी में जुटा था। फुटेज में दिख रहा है कि कैसे उसके लिए भोजन और दूसरी वस्तुओं की सप्लाई की जा रही है, ताकि लंबे समय तक वह सुरंग के भीतर रह सके।



#### बचाव के प्रयास

यह वीडियो क्लिप 6 अक्टूबर की देर रात का बताया जा रहा है, जबकि 7 अक्टूबर के इजरायल पर घातक हमला हुआ था। वीडियो में सिनवार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ भूमिगत सुरंग में जाता दिख रहा है। इसे लेकर हागरी ने कहा कि एक बार फिर साबित होता है कि आतंकी संगठन हमास के नेता अपनी जान बचाने में लगे रहते हैं।

#### सिनवार ने अपने साथ मोटी रकम भी रखी थी

उन्हें तो महज अपने अस्तित्व के बारे में चिंता होती है। सिनवार ने अपने साथ मोटी रकम भी इकट्ठा कर रखी थी। आईडीएफ के प्रवक्ता ने कहा कि याह्या सिनवार युद्ध के दौरान खान यूनिस और राफा के बीच आवाजाही करता रहा। हमारा मानना था कि वह पूरे समय गाजा में था।

---

## बेहतर जिंदगी की जगह मिली मौत

# मैक्सिको में घुसने की कोशिश भारतीयों समेत 6 की हुई मौत

एजेंसी ▶▶ मैक्सिको

मैक्सिको में घुसने का प्रयास कर रहे 6 अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों की मैक्सिको सेना की गोलीबारी में मौत हो गई। ग्वाटेमाला सीमा के पास भारतीयों सहित अन्य देशों के प्रवासियों को लेकर जा रहे एक ट्रक पर मैक्सिकन सेना ने गोली चला दी, जिससे 6 प्रवासियों की मौत हो गई। मैक्सिको रक्षा विभाग की तरफ से बुधवार को कहा गया कि हमारे सैनिको द्वारा की गई गोलीबारी में 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 घायल हैं।मैक्सिको रक्षा विभाग के अधिकारी ने कहा कि सैनिकों द्वारा दावा किया गया है कि मंगलवार देर रात जब एक ट्रक और दो अन्य वाहन दक्षिणी राज्य चियापास के पास जा रहे थे तो उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी। जांच के लिए वहां पहुंचे गोलियों के चलने से दो सैनिकों ने भी ट्रक पर गोलियां चला दी जो की भारत, मिस्त्र, नेपाल, क्यूबा और पाकिस्तान के प्रवासियों को लगीं।



---

# इजराइल ने उड़ाया हिजबुल्लाह का खुफिया मुख्यालय

**बेरूत।** इजराइल की सेना ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर हमले का बदला ले लिया है। सेना ने दक्षिणी बेरूत में हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय को निशाना बनाया। इस हमले में हिजबुल्लाह के तीन बड़े लीडर मारे गए हैं।

इजराइल की सेना के मुताबिक हवाई हमले में एल्हाग अब्बास सलामेह, राचा अब्बास इचा और अहमद अली हसीन मारा गया है। हिजबुल्लाह के एक भूमिगत हथियार कार्यशाला को भी निशाना बनाया गया है।

उधर, इजरायली हमलों से हिजबुल्लाह अभी पस्त नहीं हुआ है। वह लगातार इजरायल को निशाना बना रहा है। आईडीएफ के मुताबिक 378 दिनों से हिजबुल्लाह के हमले इजरायल पर जारी हैं। पिछले एक हफ्ते से उत्तरी इजरायल में लगातार सायरन बज रहे हैं। हिजबुल्लाह के हमलों से इजराइली नागरिक दहशत में हैं। यही वजह है कि सेना को हिजबुल्लाह के खिलाफ हमले करने पड़ रहे हैं।

---

## पीएम मोदी 22-23 अक्टूबर को रूस में रहेंगे

# ब्रिक्स से ज्यादा पुतिन-जिनपिंग से मुलाकात रहेगी महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन के लिए रूस दौरे पर जाने वाले हैं। बताया गया है कि पीएम मोदी 22-23 अक्टूबर रूस में रहने वाले हैं, वहां पर उनकी ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात होनी है। इसके ऊपर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी पीएम मुलाकात करने वाले हैं। इस साल यह उनकी दूसरी मुलाकात होगी। माना जा रहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता हो सकती है।



### सम्मेलन के दौरान पुराने कार्यों की प्रगति पर तो चर्चा होने ही वाली है

### पीएम मोदी की लीडरशिप में विश्वास दिखा रही है दुनिया प्रभाव भी बढ़ा

#### इस बार ब्रिक्स सम्मेलन है खास

अभी के लिए खबर है कि जिन मुद्दों के साथ ब्रिक्स की पिछली बैठकें संपन्न हुई हैं, उन्हीं मुद्दों पर आगे बढ़ा जाएगा। इस बार ब्रिक्स बैठक का टॉपिक 'वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना' रखा गया है। अब इस सम्मेलन के दौरान पुराने कार्यों की प्रगति पर तो चर्चा होने ही वाली है, साथ में किन नई दिशाओं में आगे बढ़ा जा सकता है, कहां देशों के बीच और ज्यादा सहयोग रह सकता है, इस पर भी मंथन देखने को मिलेगा।

#### पुतिन से मुलाकात के मायने

*अगर यह मुलाकात हो जाती है तो दोनों ही देशों के बीच में रिश्ते फिर पटरी पर लौट सकते हैं। इसके अलावा रूसी राष्ट्रपति से तो पीएम का मिलना तय माना जा रहा है। हाल ही में वे यूक्रेन गए थे जहां उन्होंने राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की और युद्ध पर भी चर्चा की। ऐसे में भारत की कूटनीति को बरकरार रखते हुए अब वे फिर पुतिन से भी बातचीत करने वाले हैं। यहां समझने वाली बात यह है कि दुनिया के कई देश रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत को एक मध्यस्त की भूमिका में देखते हैं, वहां भी पीएम मोदी की लीडरशिप में विश्वास दिखा रहे हैं।*

#### जिनपिंग से मुलाकात के मायने

अब ब्रिक्स सम्मेलन को अहम इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि पीएम मोदी और जिनपिंग की संभावित बैठक की चर्चा काफी ज्यादा है। 2020 के बाद से ही दोनों देशों के बीच में द्विपक्षीय बैठक नहीं हुई है, लगातार बढ़ रहे सीमा विवाद ने भी स्थिति को सुधरने का मौका नहीं दिया था। लेकिन अब इस समय सीमा पर शांति है, माना जा रहा है कि सुधार भी हुआ है।

### पुलिस का दावा इस बार लागू करेंगे नया यातायात प्लान

# जाम में बीती नवरात्रि, क्या दीवाली में भी लगेगा जाम?

**जबलपुर।**

आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर के प्रमुख बाजारों में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा नये ट्रैफिक प्लान तैयार करने के दावे किये जा रहे हैं. लेकिन शहरवासियों के पुराने अनुभव के वजह से नए यातायात प्लान को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। विशेष रूप से, यह सवाल कि क्या यह योजना पिछले प्रयासों की तरह कागजों तक सीमित रह जाएगी या वास्तव में मैदान में लागू होगी। कुछ दिन पहले सम्पन्न हुये दशहरा नवरात्री सहित पिछले सभी बड़े त्योहारों पर पुलिस की यातायात व्यवस्था ने लोगों को खासा परेशान किया था, और अब जब धनतेरस और दीपावली जैसे बड़े पर्व सामने हैं, तो एक बार फिर से पुलिस नए यातायात प्लान की बात कर रही है।

### बढ़ेगा बाजारों में दबाव...

धनतेरस और दीपावली के दौरान शहर के प्रमुख बाजारों में भारी भीड़ उमड़ती है। यह समय होता है जब लोग देर रात तक शॉपिंग करने के लिए बाहर रहते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस बार यातायात पुलिस ने इन प्रमुख बाजारों में सरल और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक विशेष प्लान तैयार किया है.



### धनतेरस दीवाली को लेकर बन रहा प्लान...

पुलिस ने इस बार कई प्रमुख बाजारों, जैसे कि बड़ा फुहारा, गंजीपुरा, सराफा और गढ़ा बाजार में ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए मार्ग डायवर्ट करने का प्रस्ताव रखा है। बड़ा फुहारा और गंजीपुरा जैसे प्रमुख बाजारों में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा और सिर्फ दोपहिया वाहनों को ही अनुमति दी जाएगी। इसी तरह, गढ़ा बाजार, गोरखपुर बाजार, और सदर बाजार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भी तीन और चार पहिया वाहनों का प्रवेश रोकने की योजना बनाई गई है। इसी तरह, बल्देवबाग से बड़ा फुहारा और मिलौनीगंज से सराफा चौक तक मार्गों में 3 और 4 पहिया वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी लगाई जाएगी। पुलिस का दावा है कि इस बार पार्किंग की व्यवस्था भी विशेष ध्यान के साथ की जाएगी ताकि बाजार में आने वाले लोग आसानी से अपनी गाड़ियां पार्क कर सकें।

### अंतिम रूप देने आज से शुरु होगी बैठक..

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस बार ट्रैफिक प्लान को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार और मंगलवार को संबंधित विभागों के साथ बैठक की जाएगी। इस बैठक में सभी मार्गों के डायवर्शन और पार्किंग व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी, ताकि दीपावली और धनतेरस के दौरान लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### पिछली बार की नाकामी...

कुछ दिनों पूर्व ही दशहरे और नवरात्रि के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई थी। भारी भीड़, जाम, और खराब ट्रैफिक प्लान के कारण लोगों को घंटों तक ट्रैफिक में फंसा रहना पड़ा। कई स्थानों पर पुलिस की तैनाती के बावजूद भारी वाहनों की आंशिक या पूरी अनुमति, सही दिशा में ट्रैफिक नहीं चलने के कारण लोग परेशान हो गए थे। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस बार पुलिस के नए यातायात प्लान में कोई ठोस सुधार देखा जाएगा या यह भी केवल एक और कागज पर बनी योजना साबित होगी?





## विद्युत फेडरेशन प्रतिनिधि मंडल ने की एमडी और सीजीएम से मुलाकात

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक के साथ पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी सुश्री रजनी सिंह,आईएएस और सीजीएम श्री प्रकाश सिंह चौहान, राज्य प्रशासनिक अधिकारी से सौजन्य भेंट की। फेडरेशन की ओर से दोनों अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने प्रबंध संचालक सुश्री रजनी सिंह जी को और मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन श्री प्रकाश सिंह चौहान जी को बिजली सेक्टर कि प्रगति और कर्मचारियों के हितार्थ फेडरेशन और उसके संस्थापक महामंत्री पूर्व विधायक स्वगीर्य डी पी पाठक जी द्वारा किए गए कार्यों और उनकी सकारात्मक सोच की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर फेडरेशन के महामंत्री राकेश पाठक ने एमडी जी एवं सीजीएम जी को आश्वस्त किया कि फेडरेशन अपने स्थापित मूल्यों, सकारात्मक सोच के साथ बिजली कंपनियों में कार्यरत कार्मिकों, संविदा, आउट सोर्स कर्मचारियों और सम्माननीय पेंशनरों की मांगों, समस्याओं को आपके समक्ष रखेगा। राकेश पाठक ने कहा कि फेडरेशन के संस्थापक महामंत्री डी पी पाठक जी का मूल मंत्र रहा है कि बिजली उघोग की प्रगति से ही कर्मचारियों की समृद्धि संभव है। प्रतिनिधि मंडल में मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के जोनल सचिव एन के यादव, अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष खूबचंद शर्मा, उपाध्यक्ष उमाशंकर मेहता, क्षेत्रीय सचिव अपसार अहमद, भूपाल सिंह राठौर, जोनल सचिव बी पी पटेल, कार्तिक शर्मा, सतीश शांडिल्य, किशोर चौहान, मदन वर्मा, संकेत त्रिपाठी, सुश्री प्रियंका यादव, दिनेश टाटावत, वेदप्रकाश, पप्पू सिंह,अनीश दुबे,यू एस राजपूत, जे एल जोशी, भूषण अत्रे, आत्माराम खरेडिया, जी एल मैनरिया, रामनारायण यादव,एन के जैन, गोपाल चौहान, सुरेश चंद्र डाबी, प्रमोद कुमार, साहू,संजय सकरगाये, वीरेंद्र मिश्रा, संजय प्रजापत, जीतेन्द्र प्रजापतएवं सुशील मिश्रा सहित पश्चिम क्षेत्र अन्य फेडरेशन के साथी गण उपस्थित थे।

**फेडरेशन की प्रांतीय कार्यकारिणी व खुला अधिवेशन सम्पन्न**

प्रांतीय कार्यकारिणी में हुए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय।मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशनके महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा की आज बिजली कंपनियों की स्थिति दिन प्रतिदिन तनाव और आशंकाओं की ओर बढ़ती जा रही है। एक तरफ प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में, बिजली आपूर्ति में निरंतर वृद्धि हुई है वह बिजली उघोग की प्रगति के लिए अच्छी बात है किन्तु इसके विपरीत लगातार नियमित कर्मचारियों की संख्या में गिरावट होते आज विस्फोटक स्थिति में पहुंच रहीं हैं। पांच कार्मिकों का काम एक कार्मिक से लिया जा रहा है। आज़ बिजली कंपनियां संविदा और आउट सोर्स कार्मिकों पर पूरी तरह निर्भर हो रही है। राकेश पाठक ने कहा कि लम्बे समय से नियमित कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ नहीं मिला है अधिकतर कर्मचारी बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वहीं रिक्त पदों पर सरकार चाहे तो संविदा और आउट सोर्स कर्मचारियों को नियुक्त कर सकतीं हैं परन्तु वह भी नहीं कर रही है। महामंत्री पाठक ने कहा कि आज बिजली कंपनियां निजी करण की तरफ तेजी से बढ़ रहीं हैं।

## विधायक रोहाणी ने केन्ट क्षेत्र में विकास कार्यों का उद्घाटन किया

**जबलपुर।** केन्ट विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने आज फिर विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर श्री रोहाणी ने विनम्रता के साथ कहा कि उनके पूज्य पिताजी, स्व. ईश्वरदास रोहाणी के सेवा भाव को आगे बढ़ाना और जनता की सेवा करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने इस अवसर पर दोहराते हुए बताया कि उन्होंने 1 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कभी भी धन की कमी नहीं होगी। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने का वादा किया और इसके लिए लगातार प्रयास करने की बात कही। विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण के दौरान श्री रोहाणी ने बताया कि केन्ट विधानसभा क्षेत्र के चंद्रशेखर वार्ड के तहत नर्मदा नर्सरी स्कूल के पास, तलैया, बापूनगर, मद्रास लाइन, और कछियाना क्षेत्र में 1 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्य किए गए हैं। इनमें से कुछ कार्यों का उद्घाटन किया गया, जबकि कुछ का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, मंडल प्रभारी पुष्पराज सिंह सेंगर, पार्षद निशांत झरिया, अनुराग दहिया, कल्पना ताम्रकार, नसरीन खान, विद्यासागर, चेतन लाहोरिया, घनश्याम बोहत, पंकज पटेल समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।



## रिटायर्ड कर्मियों को मिलेगी वेतन वृध्दि

**जबलपुर।** अब तक आयुध निर्माणी में साल में दो बार वेतन वृद्धि की जाती रही हैं जो 1 जुलाई और 1 जनवरी को होती थी। यह वेतन वृद्धि कर्मचारियों को साल में एक बार मिलती रही। मगर वह कर्मचारी जो जून माह में और दिसंबर माह में सेवानिवृत्ति होते थे उन्हें इस वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिलता था। ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन (एआईडीईएफ) द्वारा उक्त विसंगति के लिए काफी लड़ाई लड़ी गई। एआईडीईएफ ने दो टूक कहा कि कर्मचारियों को इस वेतन वृद्धि का लाभ नहीं देना अनुचित है। कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष एस एन पाठक, महामंत्री सी कुमार द्वारा हर प्लेटफार्म में उक्त मामले को रखा गया। यहां तक की न्यायपालिका की भी मदद ली गई। अंततः भारत सरकार द्वारा उक्त मामले को आदेशित किया गया ।

## भाजपा जबलपुर का सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू

### मंत्री राकेश सिंह और सांसद आशीष दुबे बने सक्रिय सदस्य

**जबलपुर।**

भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 के तीसरे चरण के तहत जबलपुर महानगर में सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान जिलाध्यक्ष प्रभात साहू के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ, जिसमें माननीय लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह और सांसद आशीष दुबे ने सक्रिय सदस्य के रूप में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सदस्यता अभियान के प्रभारी सदानंद गोडबोले और महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू के साथ अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि देश के विकास में योगदान देने का सबसे प्रभावी तरीका एक राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने बताया कि आज उन्होंने विधिवत रूप से सामान्य सदस्य के बाद अब सक्रिय सदस्य के रूप में पार्टी की सदस्यता ली है। राकेश सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में हो रहे जनहितैषी और जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होना एक गर्व की बात है और संगठन में जुड़कर देश के विकास में योगदान देना हमारी जिम्मेदारी है।

लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने भी अपने सक्रिय सदस्य बनने की बात कही और भाजपा के संगठनात्मक प्रक्रिया की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर छह वर्ष में सदस्यता अभियान आयोजित करती है, ताकि नए सदस्य दल से जुड़ सकें। दुबे ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो देश को सर्वोच्च मानते हुए काम करता है और इसका प्रमाण पार्टी की विचारधारा और पंच निष्ठाओं में साफ तौर पर दिखता है। उन्होंने कहा कि पार्टी में कार्य करना और देश के विकास में योगदान देना हर कार्यकर्ता के लिए गर्व की बात है।

सदस्यता अभियान के दौरान मंडल अध्यक्ष योगेश विलोहा, आशीष राव, डॉ. जयराम तिवारी, चित्रकात शर्मा, रवि साहू, ईशान नायक, नीरज शर्मा, नितिन मिश्रा, प्रणव साहू, रनेश खरे, राहुल बैन, रिंकु जैन, अमन शर्मा, संकल्प पाठक, शुभम अवस्थी समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सर्पदंश निवारण एवं नियंत्रण पर प्रशिक्षण का समापन

## एंटी स्नेक व रेबीज इंजेक्शन लगवाने में न करें देर

**जबलपुर।** राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय सर्पदंश निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारियों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ का दो दिनों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिला चिकित्सालय के स्वामी विवेकानन्द सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि स्नेक बाइट तथा रेबीज से हो रही मौतों के मुख्यतः दो कारण हैं। पहला एंटी स्नेक व एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने में देर करना तथा दूसरा मिथक अधिक होने के कारण तुरंत अस्पताल न जाकर झाड़ फूंक में समय खराब करना है। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता लाकर इन मौतों को कम किया जा सकता है। प्रशिक्षण में रेबीज नियंत्रण तथा सर्पदंश निवारण एवं नियंत्रण के लिये अर्न्त विभागीय समन्वय की आवश्यकता को ध्यान में रखकर सभी विभागों की सहभागिता के लिए विशेष जोर दिया गया। ताकि सही समय पर सर्विलांस एवं रिपोर्टिंग कार्य हो तथा पीड़ित का जल्द से जल्द उपचार प्रारंभ हो सके तथा होने वाली मौतों को कम किया जा सके। जिला स्तरीय प्रशिक्षण में कुशल मास्टर प्रशिक्षक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विनीता उप्पल, नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस कॉलेज के अधीक्षक डॉ.रणवीर सिंह जाटव, एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ सारिका दुबे, एम एंड ईओ सुश्री श्रीया अवस्थी एवं पाथ संस्था से डॉ.फयीमुद्दीन मंसूरी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय मिश्रा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.विनीता उप्पल द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



## डेयरी साइंस कालेज को लेकर यूनिवर्सिटी का रवैया गैर जिम्मेदाराना

**जबलपुर।** जबलपुर से डेयरी साइंस कालेज उज्जैन शिफ्ट करने बावद भोपाल में पशुपालन मंत्रालय में 2 बार बैठक हुई, लेकिन वेटरनरी विश्विद्यालय प्रतिनिधियों ने एक बार फिर उज्जैन पर आपत्ति जताई नहीं, तथा जबलपुर से शिफ्ट करने का कहा है, जबकि इन बैठकों में कुलपति सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. वेटरनरी यूनिवर्सिटी का यह रवैया गैर जिम्मेदाराना है तथा इससे जबलपुर के साथ नाइंसाफी हुई है. यह आरोप नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रादुविवि विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ के डॉ. प्रशांत मिश्रा एवं दिनेश ठाकुर ने लगाया है. उन्होंने चिंता व्यक्त की कि वेटरनरी यूनिवर्सिटी द्वारा आपत्ति जताना तो दूर उल्टे उसने ही डेयरी साइंस कालेज को उज्जैन में स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है. डॉ. पीजी नाजपांडे, प्रशांत मिश्रा, दिनेश सिंग ठाकुर, ने शहर के जनप्रतिनिधियों से राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा की तरह डेयरी साइंस कालेज शिफ्ट किये जाने का विरोध करने का निवेदन किया है।

## उद्यानिकी फसलों से किसानों की आय होगी दोगुनी

**उद्यानिकी मंत्री ने की विचारणीय समीक्षा**

**जबलपुर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने सर्किट हाउस में उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को भी बढ़ावा दिए जाने की अत्यधिक आवश्यकता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलें किसानों की आय को आसानी से दोगुना करने में सहायक हो सकती हैं। मंत्री श्री कुशवाह ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खाद्य प्र-संस्करण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को उद्यानिकी फसलों की खेती और खाद्य प्र-संस्करण के नए तरीकों से अवगत कराएं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। मंत्री श्री कुशवाह ने अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को नई तकनीकों और संसाधनों का उपयोग करके अधिक लाभ कमाने का अवसर प्राप्त होगा। बैठक के दौरान संभाग के सभी जिलों के उद्यानिकी अधिकारियों से उद्यानिकी क्षेत्र में किये जा रहे कार्य व प्रगति की समीक्षा की। साथ ही एमपी एग्रो के अधिकारियों से कहा कि वे किसानों को गुणवत्ताकपूर्ण बीज ही प्रदान करें, क्वालिटी और क्वांटिटी में बिल्कुकल समझौता न करें। किसानों को अच्छे बीज मिलेंगे तो किसान प्रसन्न, होंगे और उत्पाटदन अच्छा होगा। उत्पादन अच्छा होने से किसान आगामी वर्षों में भी अपना उद्यानिकी रकबा बढ़ायेंगे।

## एक साल में महिलाओं को 10 हजार से अधिक लर्निंग लाइसेंस जारी

**जबलपुर।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य शासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों के तहत जबलपुर जिले में पिछले एक साल के दौरान 10 हजार 275 महिलाओं को निःशुल्क लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस प्रदान किये गये हैं। इसी के साथ परिवहन विभाग द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण देने की योजना के तहत जिले मे पिछले एक साल में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित शिविरों के माध्यम से 970 महिलाओं को हल्के चार पहिया वाहनों को चलाने का प्रशिक्षण देकर 970 लायसेंस प्रदान किए गए हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेन्द्र सिंह रघुवंशी से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग द्वारा लायसेंस, पंजीयन एवं परमिट को जारी करने संबंधी प्रक्रिया को 1 अक्टूबर 2024 से ऑनलाईन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि विगत एक वर्ष में सुरक्षा के मद्देनजर 540 स्कूली वाहनों की जांच भी परिवहन विभाग द्वारा जिले में की गई है तथा चालकों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहन चालकों को प्रशिक्षिथत करने के लिए जिले में तीन ड्रायविंग ट्रेनिंग सेंटर प्रारंभ किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हैवी वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया जाकर 260 लाइसेंस प्रदान किए गए तथा यात्रियों को सुगम यातायात उपलब्ध कराए जाने हेतु 145 नवीन वाहनों को अनुज्ञापत्र जारी किए गए हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के अनुसार परिवहन विभाग द्वारा जिले में इस वर्ष 24 करोड़ 67 लाख रूपये अधिक राजस्व वसूल किया गया है।

### कहीं भी बैठकर पी रहे शराब बढ़ रहे अपराध

# अहाता बंद होने के बाद हर गली बनी बार

**जबलपुर।**

सड़क पर शराब खोरी न हो, अगर कोई शराब का आदि हो चुका है तो उसके घर के दूसरे लोग शराब के आदि न बनें, शराब, शराब की दुकानों के आसपास सिमट जाए आदि कारणों से पुरानी व्यवस्था में अहाते की शुरुआत हुई थी. लेकिन नई व्यवस्था से शराब सस्ती, शराब की दुकानें तीन गुना कर दी, लेकिन अहाते बंद कर दिये. शराब की बिक्री और खपत बढ़ाकर शराब की पीने की व्यवस्थित व्यवस्था खत्म करने के फैसले के नकरात्मक प्रभाव जिले में नजर आने लगे हैं. शराबी दुकान से खरीदकर सूनसान वाले इलाकों से लेकर पब्लिक प्लेस तक में शराब खोरी कर रहे हैं. जिसके बाद लूट, चाकू बाजी, छेड़छाड़ जैसी वारदातें बढ़ रही है. न पुलिस खुले में चलती शराब खोरी रोकने में कामयाब हो रही है, न पुलिस बढ़ती चाकूबाजी, चोरी चकारी रोकने में कामयाब हो रही है. जहां एक तरफ बुध्दिजीवी वर्ग पूरी शराब नीति पर दोबारा मंथन की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर में बढ़ती शराब खोरी और उसके नतीजे में बढ़ती अपराधिक वारदातों से चिंतित हैं. जब कभी घटनाएं और जन आक्रोश बढ़ता है, पुलिस हरकत में आ जाती है, नाईट पेट्रोलिंग शुरु हो जाती है. लेकिन कुछ दिन बाद वहीं ढाक के तीन पात हो जाते हैं. अब तब धनतेरस दीवाली के बाजार सज रहे हैं. लोग देर रात खरीददारी करेंगे और देर रात घर लौटेंगे. तो यह आवारा शराबी क्या कर सकते हैं, यह जग जाहिर है. लेकिन इस गंभीर मामले में पुलिस की निष्क्रियता और लापरवाही किसी बड़े अपराध की आहट का अहसास करा रही है।



## संभागीय कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय में अनियमितताएं

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि कलेक्टर परिसर में स्थित संभागीय कार्यालय कोष एवं लेखा तथा जिला पेंशन कार्यालय में अनिमितताओं का अंबार लगा हुआ है, संभागीय कार्यालय कोष लेखा में पूरे संभाग से आए वेतन निर्धारण के प्रकरणों को अनावश्यक आपत्ति लगा ऑनलाइन वेतन निर्धारण रिजेक्ट कर दिया जाता है, कभी इन्हें प्रकरण में अटैच पेपर नहीं दिखते तो कभी स्कैन कॉपी सही नहीं होती तो कभी अनावश्यक दस्तावेज मांगे जाते हैं कर्मचारियों को एन केन प्रकारेण परेशान किया जाता है, ठीक इसी प्रकार के हाल संभागीय पेंशन कार्यालय के भी हैं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपने ही स्वत्वों को पाने के लिए पेंशन कार्यालय के महीनों चक्कर लगाना पड़ता है, कभी पेंशन प्रकरण के नाम पर तो कभी पीपीओ जारी होने के बाद वेरिफिकेशन/ ग्रेच्युटी के नाम पर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। इन सब मामलों में अधिकतर यह देखा जाता है कि पेंशन कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों की जब तक मंशा पूरी नहीं होती तब तक उनके प्रकरणों पर आपत्ति लगाकर लटकाया जाता है।अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, राकेष श्रीवास, दिनेष गौंड़, हेमन्त ठाकरे, गुडविन चार्ल्स, फिलिप अन्थोनी, गोपीषाह, एनोस विक्टर, मनमोहन चौधरी, रऊफ खान, सुरेन्द्र चौधरी, उमेष सिंह ठाकुर, क्रिस्टोफर नरोन्हा, संतोष चौरसिया, सुखराम विश्वकर्मा आदि ने कलेक्टर से मांग की है की अनियमितताओं को बढ़ावा देने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

# करवा चौथ का पर्व मनाया गया | छलनी की ओट में चांद ने खूब कराया इंतजार



**जबलपुर।** पति की लंबी आयु की कामना के लिये महिलाओं ने रविवार को दिन भर निर्जला-व्रत रखा और शाम को चांद निकलने का इंतजार किया। वहीं चांद निकलने पर अपने चांद (पति) का चलनी की ओट में दीदार कर चंद्र देव को अर्घ्य दिया और अपना व्रत पूरा किया। करवाचौथ रविवार को आसमान पर बादल छाए रहे. निर्धारित समय 7.30 बजे तक चंद्रदेव के दर्शन नहीं हुये. 8 बजे के आसपास चंद्र देव ने दर्शन दिये, इंतजार के बाद चंद्रदर्शन के उपरांत महिलाओं ने अपना व्रत पूरा किया. करवा चौथ पर बाजारों में काफी चहल-पहल रही। उपहारों की खरीददारी हुई और महिलाओं ने नए-नए परिधान खरीदे और हाथों में मेंहदी सजाई। चूड़ी, बिंदी से श्रृंगार किया और विधि-विधान से करवा की पूजा कर अपने पति के दीर्घ आयु होने की कामना की। पंडित ज्योतिषाचार्य पी.एल.गौतमाचार्य ने ईएमएस को बताया कि यह व्रत दाम्पत्य जीवन में मनमुटाव को दूर करने के साथ चंद्रमा के प्रभाव से मन को शीतलता भी प्रदान करता है। करवा चौथ के व्रत में मिट्टी से बने करवा में पूजन सामग्री रखकर भगवान चंद्र देव को अर्घ्य दिया जाता है। इस दिन माता पार्वती और भगवान भोले शंकर पूजन का विधान है। करवा चौथ कार्तिक मास की चतुर्थी को होता है। इस दिन करवे की पूजा की जाती है। यह पर्व पार्वती देवी की आराधना का पर्व है। माता पार्वती जी को स्त्रियों के अक्षत सुहाग का प्रतीक माना गया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक माता सीता ने भी मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को पति के रूप में प्राप्त करने के बाद माता पार्वती की आराधना करते हुए सर्वप्रथम कार्तिक चतुर्थी का व्रत किया था।

## करवा चौथ पर पति ने अपनी पत्नी को दिया जीवन का उपहार

### बड़ेरिया मेट्रो प्राइम अस्पताल में किडनी देकर पति ने बचाया पत्नी का जीवन

**जबलपुर।** पति और पत्नी का सात जन्मों का रिश्ता माना जाता है और करवा चौथ पर पत्नियां अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं और चंद्र देव के दर्शन कर उनकी आरती भी उतारती हैं, फिर पति अपने हाथों से व्रत खुलवाकर उन्हें उपहार देते हैं। लेकिन इस करवा चौथ पर अपने जीवनसाथी के प्राणों की रक्षा के लिए पति ने अपनी पत्नी को किडनी का उपहार दिया, जो कि समाज के सामने इस खूबसूरत रिश्ते का अनुपम उदाहरण है। ऐसा ही एक मामला सामने आया जब विगत दो वर्षों से किडनी की समस्या से जूझ रही और लगातार डाइलिसिस पर अपनी जीवन संगिनी नीना प्रमानिक की जान बचाने के लिए आज करवा चौथ के दिन उनके पति ज्ञानदीप प्रमानिक ने खूबसूरत पहल करते हुए अपनी पत्नी को करवा चौथ के दिन किडनी दान की और सफल किडनी प्रत्यारोपण के माध्यम से उसे अपनी किडनी देकर जिंदगी भर का उपहार प्रदान किया। यह सफल किडनी प्रत्यारोपण करवा चौथ के दिन बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल, जबलपुर में संपन्न हुआ। इस तरह के किडनी प्रत्यारोपण की सफल श्रृंखला के माध्यम से बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल ने एक और जीवन रक्षा कर करवा चौथ के दिन पति पत्नी के उदास चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। यह सफल किडनी प्रत्यारोपण बड़ेरिया मेट्रोप्राइम अस्पताल के जाने माने नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर विशाल बडेरा एवं किडनी प्रत्यारोपण सर्जन डॉक्टर राजेश पटेल द्वारा किया गया। इस किडनी प्रत्यारोपण के बाद दोनों पति-पत्नी पूरी तरह स्वस्थ्य हैं।



## माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने हर्षोल्लास से मनाया करवा चौथ

**जबलपुर।** माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने मिलजुल कर राइट टाउन में दाम्पत्य पर्व करवा चौथ मनाया। सुख, समृद्धि, आनंद और श्रृंगार के सम्मिलन के इस त्यौहार में अनीता जेठा, नेहा जेठा, दीप्ति दरक, पूजा माहेश्वरी, दीप्ति जेठा, प्रियंका माहेश्वरी, गीता जेठा, शीतल, तारा, चंचल, रूचि जेठा, निधि भट्टर एवं खुशबू जेठा, मान्या दरक, दिया माहेश्वरी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थीं।

## विद्युत वितरण कंपनी दीपावली के पूर्व आउटसोर्स कर्मियों को देगी वेतन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सभी नियमित और संविदा कर्मचारियों, अधिकारियों को दीपावली के त्योहार से पूर्व माह अक्टूबर का वेतन भुगतान करेगी। पूर्व क्षेत्र कंपनी ने इस संबंध में सभी मैदानी अधिकारियों को आदेश जारी कर कहा है कि सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को भी दीपावली के पूर्व वेतन प्रदान करना सुनिश्चित करें। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी के निर्देशानुसार कंपनी क्षेत्र के सभी कार्मिकों एवं आउटसोर्स कर्मचारियों अक्टूबर माह का वेतन दीपावली के मद्देनजर जारी माह के दौरान ही देने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## महिला ग्रुप मंडल ने भव्यता से मनाया करवा चौथ उत्सव

**जबलपुर।**



एंजॉय किटी ग्रुप की महिला मंडल द्वारा 20 /10 /24 को इंडियन कॉफी हाउस रांझी में भारतीय संस्कृति से परिपूर्ण मराठी परिधान में भारतीय नारी के रूप में सुसज्जित होकर करवा चौथ और किटी का कार्यक्रम बहुत धूमधाम से मनाया। किटी होस्ट स्वाति नरेंद्र मेश्राम ने बताया कि आज के दिन प्रत्येक ग्रहणी अपने पति के लिए निर्जला उपवास एवं तप करके पति की लंबी उम्र की कामना ईश्वर से करती हैं, इतने कठिन उपवास में समय को बांधकर अनेक गेम्स एक्टिविटी द्वारा मनोरंजन करके समाज को एक अच्छा संदेश दिया गया। इस अवसर पर रतना राउत, शिखा मेश्राम, आशा सराठे, प्रीति पॉल, सारिका, मीना वानखेड़े, सुनीता, आरती, मधु, पूजा, संचिता पटेल, शालिनी, संगीता, बबीता, सीमा रावत, गीता, सुनीता ताई वाकेकर ने शामिल होकर कार्यक्रम को उत्साहित बनाया।

## मुनिराज सागर ने कहा दान हमेशा सुपात्र को ही देना चाहिए

**जबलपुर।** मुनिराज द्वारा श्रावक के एक प्रश्न पर प्रवचन दिया गया, जिसमें श्रावक द्वारा पूछा गया कि मुनिराज निर्धनता किस कारण आती है। इस पर मुनिराज अपने प्रवचन में कहते हैं कि जो व्यक्ति अपना धन सुपात्र को दान नहीं देता है और जो दूसरों का धन हड़प लेता है वह अपने दूसरे भव में निर्धन रहता है। धर्मशास्त्र के अनुसार उस व्यक्ति का बुरा समय आने लगता है। अगर उस व्यक्ति का बहुत अधिक पुण्य है तो वह इस जीवनकाल में धन संपदा से मालामाल रहेगा, किन्तु उसको अपना अगला जन्म निर्धनता में व्यतीत करना पडेग़ा। श्रावकों आप जान लें की जीवन में दान करना कितना महत्वपूर्ण है। मुनिवर कहते हैं कि आज अगर आपके पास धन है तो दान भी करते रहें। दान की महिमा का महत्व सभी संप्रदायों में महत्वपूर्ण माना गया है। मुनिराज अपने प्रवचन में कहते हैं कि दान हमेशा सुपात्रों को ही देना चाहिए। अगर आप दान देते हैं तो सुपात्र को ही दें। आज देखने में आता है कि हमारे द्वारा दिया हुआ दान से व्यक्ति मांस, मदिरा और धर्म के विरूद्ध अनैतिक कार्यों में करता है तो इसका दोष आपको भी लगता है। आप यह समझ लें कि दान हमें किसे देना है शास्त्रों के अनुसार दान एक रूपए का भी होता है और लाखों, करोड़ों का भी होता है। धर्म शास्त्र के अनुसार दान तो दान होता है। इसमें हमेशा दान देने वाले मन के भाव का महत्व होता है। धर्मशास्त्र कहता है कि यदि आप धनवान है तो अधिक दान दे सकते है किन्तु आपकी स्थिति सीमित धन वाली है तो आप दान थोडी मात्रा में देकर पुण्य अर्जित कर सकते है, मुनिराज से श्रावक द्वारा जब पूछा जाता है कि जैन शास्त्र दान को किस रूप में देखता है और वह कितने प्रकार का होता है तो मुनिराज विरंजन सागर



कहते है कि दान केवल चार प्रकार का होता है। आहार दान, औषधी दान, विद्यादान और अभय दान यह वह दान कहलाते है जिसे हर श्रावक को सुपात्रों को ही देना चाहिए। आहार दान आप मुनिराजों को आहार देकर, भूखे, प्यासे पशु, पक्षियों को या जो बहुत ही भूखा हो उसे आहार दान देकर आप पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। उसी प्रकार औषध दान करें इस दान की महिमा शास्त्रों के अनुसार यह है कि आप इस भव के साथ अगले भव में निरोगी काया वाले होते है। मुनिराज कहते है विद्या दान भी करें आप धर्म के विषय में जानकार है तो आप धर्म के पहलुओं को किसी को समझाकर यदि आप किसी भी प्रकार ज्ञान देकर उसकी मदद करते है तो वह विद्यादान कहलाता है जिसके प्रभाव से आप कभी दिमाग से कमजोर नहीं रहेगे और किसी भी परिस्थिति में अपना बचाव कर सकते हैं। मुनिराज ने चौथे और महत्वपूर्ण अभय दान के विषय में कहते है कि यह अभय दान वह दान होता है जो आपको बैर से मुक्त रखता है। आप किसी भी जीव को परेशानी में देखे तो उसकी मदद करें, अगर आप मंदिर जा रहे होते है और कोई बछड़ा कीचड में फंस जाए तो आप को मंदिर का काम छोड़कर उस जीव की मदद करना चाहिए। यह अभय दान कहलाता है जो आपको हमेशा पुण्य का संचय करता है, मुनिराज श्रावकों से कहते हैं कुपात्र को दिया हुआ दान धर्म के अनुसार पूर्णतः गलत है इसलिए आप कोशिश करें कि आपके द्वारा दिया गया दान हमेशा सुपात्र को ही प्राप्त हो।



## पुत्र व पुत्रवधु को घर से बेदखल करने वृद्धा ने लगाई गुहार

**जबलपुर।** छोटा जैन मंदिर गढ़ा निवासी किरण रजक 65 वर्ष, पति वीरनलाल रजक 75 वर्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पुत्र अनिल रजक एवं उसकी पत्नी माया रजक को घर से बेदखल करने, एसडीएम गोरखपुर को आदेशित करने की गुहार लगाई है। वृद्धा ने बताया कि पुत्र अनिल और उसकी पत्नी माया रजक आये दिन गाली गलौज कर पैसों की मांग करते हैं, माया रजक मेरी बातें रिकार्ड कर गलत प्रचार करती है, दोनों मेरे चलने-फिरने में असहाय पति को शौचालय जाने से रोकते हैं, उनकी इस प्रताड़ना से तंग आकर मैं पुत्र अनिल व उसकी पत्नी माया को परिवार व घर सम्पत्ति से बेदखल करना चाहती हूं। क्योंकि अनिल ने अपनी शादी की जिद के लिए एक मकान हमसे धोखाधड़ी कर बेच दिया और अब दूसरे मकान को भी हड़पना चाहता है, मेरी तीन पुत्रियां और एक पुत्र और है। अतः आपसे निवेदन है कि बड़े पुत्र व बहू को घर-परिवार से बेदखल किया जाए तथा उसके द्वारा बनाये गए झूठे कागजातों को शून्य किया जाए ताकि हम पति-पत्नी वृद्धावस्था में शांतिपूर्वक जीवन यापन कर सकें।



## अभा आदिवासी धर्म परिषद की बैठक संपन्न

**जबलपुर।** अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद भारत की राष्ट्रीय बैठक आम्बेडकर भवन में आयोजित की गई, परिषद के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र ठाकुर संजू एवं सचिव मानसिंह तेकाम ने बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वनाथ वाकडे के मुख्य आतिथ्य में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, उड़ीसा, सहित अन्य राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जनगणना के धर्म कालम कोड में आदिवासी धर्म करने, पेसा कानून के ग्रामसभा को संवैधानिक मान्यता, जमीन अधिग्रहण में ग्रामसभा की सहमति की अनिवार्यता सहित देश में आदिवासियों की पहचान, शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक, आर्थिक समस्याओं पर विचार विमर्श उपरांत प्रस्ताव तैयार कर महामहिम राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव मेघलाल मुण्डा, प्रदेश अध्यक्ष भुवनसिंह कोर्राम, अजीत मरावी, श्यामसुंदर मसराम, भागवती मरकाम, ललिता मरावी, कोमल कोरचे, राजेन्द्र तेकाम, नेमसिंह मरकाम, किशोरीलाल भलावी, बालकृष्ण उइके, नरेश कुलस्ते, महेन्द्र मरावी, मेखलाल आर्मो, अंकित धुर्वे सहित आदिवासी समाज के सभी संगठनों के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।




## सातवीं स्टेट रैली में जबलपुर रेल मंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित सातवीं स्टेट रैली कोटा राजस्थान में आयोजित की गई थी, जिसमें कोटा, भोपाल, जबलपुर के 343 बच्चों ने भाग लिया। आयोजन मुख्य अतिथि पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की उपस्थिति में किया गया, जिसमें कैम्प फायर में जबलपुर मंडल द्वारा लोकनृत्य, भक्ति गीत, नाटक की प्रस्तुति दी गई एवं कैम्प में पायनियरिंग से बना स्काउट गेट आकर्षण का केन्द्र था, जिसकी सभी ने तारीफ की। जबलपुर रेल मंडल का मार्गदर्शन सुनील टेलर अपर मंडल रेल प्रबंधक सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राज्यश्री द्विवेदी मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर सचिपति नंदन सहाय कार्मिक अधिकारी कल्याण अनिल चौबे, जिला सचिव ने किया। कार्यक्रम में विमलेश तिवारी, मनोज तिवारी, आशीष सोनकर, कृष्ण उपाध्याय, रजनीश यादव, सुनील यादव, लक्ष्मी पाणिग्रही, शुभम कुशवाहा, सुमित विश्वकर्मा, मोहम्मद वाजिद, देवेन्द्र आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## दशहरा देखने गया युवक हुआ लापता

**पाटन।** पाटन के चौधरी मोहल्ला का रहने वाला रामू बर्मन दशहरा देखने के लिए पिछले शनिवार को जबलपुर की



कह कर गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों से वह कह कर गया था कि दशहरा देखने के बाद दो-तीन दिन बाद वापस लौट आएगा। लेकिन उसका अब तक कोई पता नहीं चला है।रिश्तेदारों में भी पतासाजी की लेकिन रामू का अभी तक कोई पता नहीं लग पाया है बताया जाता है कि रामू एक हाथ से विकलांग भी है अक्सर वह बसों में जाता है शनिवार को भी वह अपने पिता कालूराम बर्मन से कह कर गया था कि वह दुर्गा प्रतिमा के दर्शन करके जल्द लौट आएगा लेकिन इसके बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है मामले की शिकायत पाटन पुलिस थाने में की गई है।पाटन पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## पूर्व महापौर विश्वनाथ दुबे की पुण्यतिथि पर गुरुद्वारा में अखंड पाठ कराया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा ने बताया कि पूर्व महापौर पं. विश्वनाथ दुबे की सातवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई, सर्वप्रथम श्री गुरू नानक दरबार गोरखपुर में श्री अखंड पाठ का समापन किया गया, श्री दुबे के द्वारा समाज एवं देश के प्रति किए गए कार्यों को याद किया गया, इसके उपरांत सुमित कालिया का एवं गौरा दुबे कालिया का अमृतसर साहब का तैलचित्र भेंट किया गया, उसके उपरांत नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित



नेहरू उद्यान में पं. विश्वनाथ दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी गई, सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में श्री दुबे के द्वारा किए गए विकास कार्यों को याद किया व कहा कि विश्वनाथ दुबे जबलपुर के हित हेतु हमेशा तत्पर रहे, उनकी दूरगामी योजनाओं का परिणाम आज नगर निगम प्रगति पथ पर अग्रसर है, समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को भी विकास के रास्ते पर आगे लाने की बात श्री दुबे हमेशा कहा करते थे। उनके सद्कर्मों एवं अच्छी सोच के कारण उनका नाम सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। पूर्व महापौर पं. विश्वनाथ दुबे जी की सातवीं पुण्यतिथी के अवसर पर सर्वप्रथम प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा, वरिष्ठ समाजसेवी राममूर्ति मिश्रा, गुरूद्वारा साहेब गोरखपुर के प्रधान रजिन्दर सिंह छाबड़ा, दिनेश यादव, सहित सिक्ख समाज के गणमान्य नागरिक एवं हस्तियों सहित अनेक सामाजिक, राजनैतिक एवं खेल संघों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




**श्री दयाशंकर बडेरिया:** श्री दयाशंकर बडेरिया, धरमपुर पन्ना वाले का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज सोमवार को निज निवास स्थान 774 शिव सदन स्टेट बैंक डबल स्टोरी कॉलोनी से रानीताल मुक्तिधाम के लिये प्रातः 11 बजे प्रस्थान करेगी। वे कुलदीप बडेरिया के पिताश्री एवं जेपी बडेरिया के बडे भाई थे।



**श्री रिखीराम परौहा-** सिहोरा निकटवर्ती ग्रांम घुघरी निवासी रिखीराम परौहा का 95 शाल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार ग्रह ग्रांम में किया गया। वे ब्राम्हण समाज सिहोरा के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष पंडित नंद कुमार परौहा के पिता जी थे।



**श्री हीरा लाल गुप्ता-** अमखेरा नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री हीरा लाल गुप्ता (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल रजक-** गंगा नगर गढ़ा निवासी श्री रवि शंकर रजक के पुत्र श्री राहुल रजक (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शशि किरण जायसवाल-** उमरिया चौबे पनागर निवासी श्री केदार जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती शशि किरण जायसवाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि जाटव-** सिंधी कैंप चौथ वाले बाबा के पास निवासी श्री राजकुमार जाटव के पुत्र श्री रवि जाटव (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संत लाल-** बिलहरी चेतना मैदान के पास निवासी श्री संत लाल (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बबलू सिंह-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री जनरैल सिंह के पुत्र श्री बबलू सिंह (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री श्रवण कुमार राजपूत-** डिलाइट कम्पाउंड निवासी श्री श्रवण कुमार राजपूत (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तुलसी देवी दीक्षित-** मानव लोक सोसायटी रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री बीके दीक्षित की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी देवी दीक्षित (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सत्यम गौंड़-** बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री मुकेश गौंड़ के अल्पायु पुत्र सत्यम गौंड़ (03) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला बाई भोजक-** खटीक मोहल्ल खेरमाई वार्ड निवासी श्री वीर सिंह भोजक की धर्मपत्नी श्रीमती सरला बाई भोजक (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुलोचना नायडू-** शारदा चौक भारतीय आईटीआई के पास निवासी श्री यशवंत राव नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती सुलोचना नायडू (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुकेश कुमार मिनोचा-** एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री सुकेश कुमार मिनोचा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजकुमार हवेलिया-** सदर बर्फ फैक्ट्री के पास निवासी श्री राजकुमार हवेलिया (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केशव प्रसाद-** उपरैनगंज निवासी श्री केशव प्रसाद (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. हरीश डोडानी-** हरवंश होम मदनमहल निवासी डॉ. हरीश डोडानी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मालती केवट-** छुई खदान मड़ैया मुखजी वार्ड निवासी श्री किशन लाल केवट की धर्मपत्नी श्रीमती मालती केवट (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती साधना नशीने-** आईडियल हिल्स आदर्श नगर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री सुनील कुमार नशीने की धर्मपत्नी श्रीमती साधना नशीने (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपेंद्र जोशी-** मानेगांव रांझी निवासी श्री प्रेम वल्लभ जोशी के पुत्र श्री दीपेंद्र जोशी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सीमा सिंह-** रांझी मेन रोड निवासी श्री राकेंद्र सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा सिंह (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के लिए 'ईश्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन' होगा शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया 21 अक्टूबर यानी सोमवार को 'ईश्रम -वन स्टॉप सॉल्यूशन' का शुभारंभ करेंगे। सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए एक स्थान पर हर तरह का समाधान देने की घोषणा की थी।

### आवक बढ़ने से तेल-तिलहन की कीमतों में हुई गिरावट



**नई दिल्ली।** खरीफ तिलहन फसलों की आवक बढ़ने के बीच देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम नुकसान के साथ बंद हुए।

### चेक कंपनी के अधिग्रहण के लिए जिंदल की बातचीत

**नई दिल्ली।** अपनी वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए घरेलू जिंदल समूह चेक कंपनी विटकोवाइस की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि समूह अपनी इकाई जिंदल स्टील इंटरनेशनल के जरिये इस वित्त वर्ष के अंत तक यह अधिग्रहण पूरा कर सकता है।

### बोरोसिल को 7,000 करोड़ से अधिक राजस्व की उम्मीद

**जयपुर।** कांच के उत्पाद, प्रयोगशाला उपकरण और सोलर ग्लास बनाने वाले कारोबारी समूह बोरोसिल को अगले चार साल में अपना राजस्व दोगुना यानी 7,000 करोड़ रुपये पर पहुंचने की उम्मीद है। बोरोसिल के कार्यकारी वाइस चेयरमैन श्रीवर खेरुका ने कहा कि कंपनी के सभी कारोबारी क्षेत्रों में दोहरे अंक की वृद्धि के कारण कुल राजस्व बढ़ेगा।

### पूंजीकरण में आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक आगे



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 81,151.31 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 156.61 अंक या 0.19 प्रतिशत नीचे आया।

### यूको बैंक के खराब ऋणों में एनसीएलटी के जरिए सुधार

**कोलकाता।** यूको बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान एनसीएलटी के जरिये 26 खातों से 414 करोड़ रुपये की वसूली की। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वसूली गई राशि में 393 करोड़ रुपये 14 समाधान खातों से और 21 करोड़ रुपये दीवाला कार्यवाही के तहत 12 खातों से आये हैं। ''जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान समाधान खातों और दीवाला कार्यवाही के तहत खातों से 414 करोड़ रुपये की वसूली की गई।

# सीएसआर का पैसा इंटर्नशिप स्कीम पर खर्च कर सकेंगी पब्लिक सेक्टर कंपनियां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) के लिए कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) दिशानिर्देशों में संशोधन किया है।

- सीपीएसई को सीएसआर कोष का 60 प्रतिशत खर्च करना होता है

अब सीपीएसई के सीएसआर में सामान्य विषय या थीम के रूप में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को शामिल किया गया है। वर्तमान में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कोष का उपयोग करने में थीम या विषय-आधारित दृष्टिकोण का अनुपालन करते हैं। सीपीएसई को अपने सीएसआर कोष का 60 प्रतिशत किसी विशेष वर्ष के लिए निर्धारित 'थीम' पर खर्च करना होता है।

#### सीपीएसई के लिए सीएसआर दिशानिर्देशों में किया गया संशोधन

**एक साल की इंटर्नशिप दो दिसंबर से होगी शुरू**

पायलट परियोजना के तहत 12 महीने की इंटर्नशिप दो दिसंबर से शुरू होगी। इसपर 800 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख युवाओं को इसके तहत लाने का लक्ष्य है। पीएम इंटर्नशिप योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 2024-25 के बजट में की थी।




**योजना में 500 कंपनियां शामिल**

इस योजना के तहत शीर्ष 500 कंपनियां 21-24 वर्ष की आयु के युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी और साथ ही जीवन बीमा सुरक्षा भी प्रदान करेंगी। एक वर्ष के लिए 5,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता के अलावा, इंटर्न के लिए 6,000 रुपये का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा। मासिक सहायता में सरकार द्वारा 4,500 रुपये और कंपनी द्वारा अपने सीएसआर कोष से 500 रुपये दिए जाएंगे।

*स्वास्थ्य व पोषण में जोड़ी गई सीएसआर योजना*

*''हमने 2024-25 के लिए सीपीएसई द्वारा सीएसआर गतिविधियों के लिए सामान्य विषय के रूप में 'स्वास्थ्य और पोषण' में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को जोड़ा है। सीपीएसई इस वित्त वर्ष में अपने सीएसआर कोष का 60 प्रतिशत 'स्वास्थ्य और पोषण' और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर खर्च करेंगे।''*

*25 अक्टूबर तक पोर्टल पर होगा पंजीकरण*

*योजना के तहत 25 अक्टूबर तक पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा सकता है और 26 अक्टूबर को आवेदकों का नाम छांटा जाएगा। इसके बाद 27 अक्टूबर से सात नवंबर तक कंपनियों द्वारा उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसके बाद चयनित उम्मीदवारों के पास पेशकश (ऑफर) स्वीकार करने के लिए आठ से 15 नवंबर तक का समय होगा। एक उम्मीदवार को अधिकतम तीन पेशकश दी जाएंगी।*

### शहरी खुदरा विक्रेताओं की आपूर्ति में 20 फीसदी की कटौती

# खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कटौती, छह रुपए महंगी हो सकती है सीएनजी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के दाम में चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो सकती है।

भारत के भीतर अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है।

**पुराने क्षेत्रों से उत्पादन पांच फीसदी प्रति वर्ष घट रहा**

मामले की जानकारी रखने वाले चार सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। इनका उपयोग शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को किया जाता है। इन क्षेत्रों से उत्पादन सालाना पांच प्रतिशत तक घट रहा है। इस वजह से शहरी गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति में कटौती की गई है।

#### 90 फीसदी मांग पुराने क्षेत्रों से होती थी



*सूत्रों ने बताया कि घरों में रसोई के लिए आपूर्ति की जाने वाली गैस संरक्षित है। ऐसे में सरकार ने सीएनजी के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में कटौती की है। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस मई, 2023 में सीएनजी की 90 प्रतिशत मांग को पूरा करती थी और इसमें लगातार गिरावट आ रही है।*

- ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है
- वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी में वृद्धि संभव
- पुराने क्षेत्रों से उत्पादित कीमतों को सरकार करती है नियंत्रित




**केंद्र सीएनजी पर 14 फीसदी उत्पाद शुल्क वसूलती है**

एक विकल्प यह है कि सरकार सीएनजी पर उत्पाद शुल्क में कटौती करे। वर्तमान में, केंद्र सरकार सीएनजी पर 14 प्रतिशत उत्पाद शुल्क वसूलती है, जो 14-15 रुपये प्रति किलोग्राम बैठता है। उन्होंने कहा कि अगर इसमें कटौती की जाती है, तो खुदरा विक्रेताओं को बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डालना पड़ेगा।

**दिल्ली व मुंबई देश के सबसे बड़े सीएनजी बाजार**

सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी एक राजनीतिक मुद्दा भी है क्योंकि महाराष्ट्र में अगले महीने चुनाव होने हैं और दिल्ली में भी जल्द चुनाव होने हैं। दिल्ली और मुंबई देश के सबसे बड़े सीएनजी बाजारों में से हैं।

**4 से 6 रुपए की हो सकती है बढ़ोतरी**

सूत्रों ने कहा कि 16 अक्टूबर से आपूर्ति में कटौती कर सीएनजी की मांग का सिर्फ 50.75 प्रतिशत कर दिया गया है, जो इससे पिछले महीने 67.74 प्रतिशत था। शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को इस कमी की भरपाई के लिए आयातित और महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे सीएनजी की कीमतों में 4-6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी होगी।

**समाधान के लिए मंत्रालय से बातचीत**

पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस की कीमत 6.50 अमेरिकी डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) है, जबकि आयातित एलएनजी की कीमत 11-12 डॉलर प्रति इकाई है। सूत्रों ने कहा कि फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं क्योंकि वे इसके समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं।

# एआई के एकीकरण से कंपनियों के उत्पादता में आई वृद्धि : रिपोर्ट




- 44 प्रतिशत संगठनों ने एआई एकीकरण से उत्पादकता में वृद्धि दर्ज की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बड़ी संख्या में कंपनियों का मानना है कि आज कृत्रिम मेधा (एआई) प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की कुंजी है। एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, इन संगठनों ने एआई एकीकरण के जरिये उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुभव किया है। बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय की 'उद्योग 5.0 और एआई रिपोर्ट' के अनुसार, 44 प्रतिशत संगठनों ने एआई एकीकरण के जरिये उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा 21 प्रतिशत ने बताया कि एआई नवोन्मेषण को आगे बढ़ाने, नए उत्पादों, सेवाओं और कारोबारी मॉडल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, खासकर वित्त, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण और विपणन जैसे क्षेत्रों में ऐसा देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग 33 प्रतिशत संगठन उत्पाद विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि 29 प्रतिशत चैटबॉट और रोबोटिक प्रक्रिया स्वचालन (आरपीए) के जरिये ग्राहक सेवा के लिए एआई का लाभ उठा रहे हैं।

करीब 19 प्रतिशत व्यवसाय रुझानों का विश्लेषण के लिए एआई का उपयोग करते हैं, जबकि 13 प्रतिशत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सुधार के लिए एआई की मदद ले रहे हैं। रिपोर्ट 1,000 पेशेवरों की प्रतिक्रियाओं और 50 उद्योग विशेषज्ञों के साथ गहन बातचीत पर आधारित है।

- दीपम का कहना अधिकारियों के पास संवेदशील जानकारी हो सकती है

# दीपम का अधिकारियों को शेयरों में कारोबार से बचने का निर्देश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने अपने अधिकारियों से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में कारोबार से बचने को कहा है। दीपम ने यह सलाह इसलिए दी है क्योंकि उसके अधिकारियों के पास सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के बारे में बाजार की दृष्टि से संवेदनशील जानकारी हो सकती है।

एक आंतरिक आदेश में दीपम ने कहा कि विभाग में शामिल होने वाले किसी भी अधिकारी को सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में अपनी हिस्सेदारी घोषित करनी होगी और ऐसे शेयरों को संबंधित अधिकारी द्वारा विभाग से मंजूरी के बाद ही बेचा जा सकता है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाला दीपम सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सरकारी हिस्सेदारी का प्रबंधन करता है। इसके अलावा वह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री, रणनीतिक विनिवेश और निजीकरण के लिए भी जिम्मेदार है। एक अधिकारी ने बताया, ''दीपम ने एक आंतरिक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि विभाग के अधिकारी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयर नहीं खरीदेंगे या इन्हें साझा नहीं करेंगे।

#### सौर उपकरण आयात 2030 तक होगा 30 अरब डॉलर



**नई दिल्ली।** भारत का सौर उपकरण आयात 2030 बढ़कर सालाना 30 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के देश के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह निर्यात बढ़ेगा। इस दौरान चीन पर निर्भरता भी बढ़ेगी। जीटीआरआई ने कहा कि भारत में एक आत्मनिर्भर सौर विनिर्माण उद्योग विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी। विशेष रूप से पॉलीसिलिकॉन और वेफर उत्पादन जैसे क्षेत्रों में निवेश करना होगा। जीटीआरआई ने आगाह करते हुए कहा कि इसके बिना भारत को उच्च आयात लागत का सामना करना पड़ सकता है और अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

### कोटक महिंद्रा, स्टैंडर्ड चार्टर्ड का ऋण कारोबार खरीदेगा




**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने विदेशी स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के 4,100 करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण पोर्टफोलियो को खरीदने की घोषणा की। हालांकि बैंक ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया। एक बयान के मुताबिक, कोटक महिंद्रा बैंक इस सौदे के तहत विदेशी ऋणदाता के ''मानक अग्रिम'' के रूप में वर्गीकृत व्यक्तिगत ऋणों को खरीदेगा। यह सौदा तीन महीने में पूरा होने की उम्मीद है। कोटक महिंद्रा बैंक ने इसे ''उच्च-गुणवत्ता वाले कर्जों का बहीखाता'' बताते हुए कहा कि यह सौदा बड़ा पैमाना हासिल करने और ग्राहक-केंद्रित वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने की उसकी रणनीति के अनुरूप है और इससे खुदरा परिसंपत्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह सौदा स्टैंडर्ड चार्टर्ड के प्रतिद्वंद्वी सिटी बैंक द्वारा अपना समूचा खुदरा कारोबार कोटक के बड़े प्रतिद्वंद्वी एक्सिस बैंक को बेचने के लगभग दो साल बाद हुआ है।

# सरकारी बैंकों में सीजीएम के पद बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार जारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE
सत्यमेव जयते

वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के बढ़ते कारोबार और लाभप्रदता को देखते हुए उनमें मुख्य महाप्रबंधकों के पदों को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।

मौजूदा सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, पीएसबी में चार महाप्रबंधकों के लिए एक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि ये दिशानिर्देश 2019 में जारी किए गए थे और तब से कोविड-19 महामारी के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पीएसबी के कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और इससे उन्होंने रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया है। वित्तीय सेवा विभाग सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वृद्धि के अगले स्तर को प्राप्त करने के लिए सीजीएम पदों की समीक्षा कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दिशा-निर्देशों में ढील देने का फैसला गहन जांच और उनके कारोबार को आगे बढ़ाने की जरूरत पर विचार करने के बाद लिया जाएगा। सी जी ए म पद 2019 में 10 राष्ट्रीयकृत बैंकों के चार बड़े बैंकों में विलय के बाद बनाया गया था। कार्यकारी निदेशक के बीच एक प्रशासनिक और कार्यात्मक संपर्क के रूप में कार्य करते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्तीय सेवा विभाग से यह भी अनुरोध किया है कि निदेशक मंडल को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार पदों की संख्या तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

- बढ़ते कारोबार व लाभप्रदता को देखते हुए विचार किया जा रहा
- वित्त मंत्रालय ने कहा, बैंकों ने रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया

**बैंकों का कुल मुनाफा 1.4 लाख करोड़ के पार निकला**


पिछले वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल मुनाफा 1.4 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया, जो एक लाख करोड़ रुपये के उच्च आधार पर पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2022-23 में 12 सार्वजनिक बैंकों ने मिलकर 1,04,649 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

# इस सप्ताह शेयर बाजार में रह सकता है उतार-चढ़ाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताते हुए कहा कि सप्ताह के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है तथा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।



- कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे होंगे जारी
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

*आईटीसी, यूनिलीवर आदि के आएंगे परिणाम : मिश्रा ने बताया कि इसके बाद आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी कंपनियां भी अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान बजाज हाउसिंग फाइनेंस, अदाणी ग्रीन एनर्जी, बजाज फाइनेंस, वन97 कम्युनिकेशंस, जोमैटो, बजाज फिनसर्व और बैंक ऑफ बड़ौदा के भी तिमाही नतीजे आएंगे।*

### निजी इक्विटी निवेश सितंबर तिमाही में 40 फीसदी घटा




**मुंबई।** निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी निवेश सितंबर तिमाही में 40 प्रतिशत घटकर 8.8 अरब डॉलर रहा। जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। उद्योग के लिए जनसंपर्क करने वाला समूह आईवीसीए और परामर्श कंपनी ईवाई की रिपोर्ट में कहा गया कि कुल सौदों की संख्या 26 प्रतिशत बढ़कर 283 होने के बावजूद कुल निवेश में 40 प्रतिशत गिरावट आई। "वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव ने अनिश्चितता पैदा कर दी है। इससे निवेश पर असर पड़ा है।

### एक घंटे के लिए शाम 6 से 7 बजे तक होगा आयोजित

# एनएसई में दिवाली मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन 1 नवंबर को होगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हर साल शेयर बाजार में दिवाली मुहुर्त ट्रेडिंग सेशन का आयोजन किया जाता है। इस मुहुर्त सेशन में भारी संख्या में निवेशक ट्रेडिंग करते हैं। इस मुहुर्त में ट्रेडिंग करने का अपना महत्व है। यह एक घंटे के लिए स्पेशल ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाता है। इस बार भी इस स्पेशल सेशन का ऐलान हो चुका है।

दरअसल, मुहूर्त ग्रहों की स्थिति के आधार पर चुने गए शुभ समय को कहते हैं। ऐसे में निवेशक इस दिन ट्रेडिंग करके धन और समृद्धि का जश्न मनाते हैं और इस दौरान उन्हें भारी मुनाफा होता है। इस विशेष कारोबार सत्र में निवेशकों को हाई रिटर्न मिलता है। पिछले 17 विशेष सत्रों में से 13 में सेंसेक्स हाई लेवल पर पहुंचकर बंद हुआ है।

- दिवाली ट्रेडिंग सेशन को हिंदू कैलेंडर वर्ष संवत 2081 के शुरुआत का प्रतीक माना जाता है




**कम ट्रेडिंग वॉल्यूम देखा गया**

हालांकि आमतौर पर कम ट्रेडिंग वॉल्यूम देखा गया है और इस अवधि के दौरान कम स्टॉक चलते हैं। बता दें कि साल 2008 एक अपवाद था जिसमें सेंसेक्स ने एक घंटे के ट्रेडिंग सेशन में 5.86% चढ़ा था। यह दिन के लिए 9,008 पर बंद हुआ, लेकिन वैश्विक वित्तीय संकट के सामने आने के कारण शेष वर्ष के लिए सीमित दायरे में रहा। वहीं, साल 2012 से अब तक सेंसेक्स 12 में से 9 बार ग्रीन जोन में बंद हुआ है, जिसमें 12 नवंबर 2023 को 355 अंक या 0.55% की बढ़त भी शामिल है।

**प्री-ओपनिंग सेशन 5.45 बजे से**

दिवाली ट्रेडिंग सेशन को हिंदू कैलेंडर वर्ष संवत 2081 के शुरुआत प्रतीक माना जाता है। दिवाली के अवसर पर सामान्य कारोबार के लिए बाजार बंद रहेगा, लेकिन शाम को सिर्फ एक घंटे के लिए विशेष ट्रेडिंग विंडो खुली रहेगी। एनएसई ने कहा कि प्री-ओपनिंग सेशन शाम 5:45 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

**11 साल में इंडेक्स 7 बार गिरा**

हालांकि, मुहूर्त के बाद का ट्रेडिंग सत्र हमेशा इतना अनुकूल नहीं रहा है, पिछले 11 सालों में इंडेक्स 7 बार गिर चुका है। इस बार दिवाली ट्रेडिंग सेशन का आयोजन दिन शुक्रवार 1 नवंबर को आयोजित हो रहा है। इसके लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने शुभ समय की घोषणा कर दी है। इस बार एनएसई शाम 6:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक अपना वार्षिक दिवाली मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन आयोजित करेगा।

## चिंतन

# रेलवे के बाद विमानन में दहशत की कोशिश

इस समय भारतीय विमानन क्षेत्र को फियर टेरर का सामना कर रहा है। विमानों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी दी जा रही है। 14 अक्टूबर से अब तक 90 विमानों को फेक धमकी दी जा चुकी हैं। हर फेक धमकी से एयरलाइंस को तीन करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। भारतीय विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है, हजारों यात्री विमान परिचालन में हैं। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाज़ार है। चूंकि यह धमकी रोज दी जा रही है, इसमें विमानों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए यह किसी सिरफिरे का काम नहीं हो सकता है। यह एक पैटर्न है, जिस पर सुनियोजित तरीके से काम हो रहा है। ऐसे ही कुछेक दिन पहले रोज किसी न किसी ट्रेन रूट को बाधित किया जा रहा था। कई बार ऐसा हुआ कि ट्रेन हादसा होते-होते बचा। भारतीय रेल विशाल नेटवर्क है और रोजाना दो करोड़ से अधिक लोग ट्रेन में सफर करते हैं, इसलिए रेलयात्री के मन में असुरक्षा का डर पैदा कर रेलवे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है। पहले रेल यात्रियों में डर, अब विमान यात्रियों में डर। यह डर आतंकवाद है, जिसका मकसद भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है। रेल और विमानन क्षेत्र को असुरक्षित कर देने से इन पर गहरा आर्थिक प्रभाव पड़ेगा। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों और खुफिया एजेंसियों को इस फियर टेरर को गंभीरता से लेना चाहिए। यह आतंक का नया मॉड्यूल हो सकता है। विमानों को धमकी पर गृह मंत्रालय ने जरूर रिपोर्ट मांगी है, सरकार सख्ती की तैयारी कर रही है, लेकिन वास्तविकता में विमानों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी केंद्र सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। फौरी एक्शन से कुछ खास नहीं प्राप्त होगा। सरकार को इसकी तह में जाना चाहिए। क्या यह देश के अंदर किसी प्रतिबंधित ग्रुप की सुनियोजित हरकत तो नहीं है? क्या इसमें दुश्मन पड़ोसी देशों की खुफिया एजेंसियों के हाथ तो नहीं हैं? देश के अंदर भी कई विध्वंसक, अलगाववादी, आतंकी, नक्सलवादी, उग्रवादी ताकतें हैं, जो दुश्मन मुल्कों की कठपुतलियां हैं और चंद टुकड़ों के लिए अपने मुल्क को अस्थिर करने में जुटे रहते हैं। सरकार को हर एंगल से जांच करनी चाहिए। भारतीय रेल और विमानन क्षेत्र दुश्मनों के निशाने पर हैं। विमान व रेल यात्रा का सुरक्षित होना जरूरी है। ये भारत की लाइफलाइन हैं। आज ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच राज्यों के सात एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया है। सरकार मेट्रो शहरों के साथ टियर दो और तीन श्रेणी के शहरों में भी विमान सेवा का विस्तार कर रही है। परिवहन के विभिन्न क्षेत्र को बढ़ावा देकर कनेक्टिविटी को तेज और मजबूत बनाया जा रहा है, इसके लिए सुरक्षा का माहौल बहुत जरूरी है। विमान में बम होने की झूठी धमकियों को हल्के में नहीं लिया जा सकता है, इसके पैटर्न को समझना चाहिए और इसके पीछे के टेरर मॉड्यूल का पता लगाना चाहिए। सरकार के पास सभी तरह के सुरक्षा व जांच तंत्र हैं। इजराइल के साथ बेहतर संबंध के चलते भी भारत इजराइल विरोधी आतंकी गुटों के निशाने पर रहता है। उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक ने जरूर भरोसा दिलाया है कि भारतीय आसमान पूरी तरह से सुरक्षित है, यात्रियों को बिना डरे यात्रा करनी चाहिए, लेकिन जिस मात्रा में धमकियां मिल रही हैं, आपात लैंडिंग हो रही हैं, उसमें यात्रियों व विमान कर्मियों में सुरक्षा का भाव पैदा होना कठिन है, क्योंकि फेक धमकी देने वाले पकड़े नहीं गए हैं, जिससे इसके पीछे का मकसद पता चले। रेल और विमान यात्रा को सुरक्षित बनाना सरकार की महती जिम्मेदारी है।



## विश्लेषण
अवधेश कुमार

# संगठित रहकर ही चुनौतियों का हल

> ऐसा पहली बार देखा गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल से डा. भागवत के भाषण का लिंक रिपोस्ट किया और आग्रह किया कि इसे अवश्य सुना जाए। इस नाते भी इसका महत्व बढ़ जाता है। डॉ. भागवत विजयादशमी के हर भाषण के आरंभ में भारत राष्ट्र के रूप में किस तरह सर्वांगीण उन्नति कर रहा है और विश्व में इसकी महिमा, प्रतिष्ठा और साख कैसे बढ़ी है, इसकी आवश्यक चर्चा करते हैं। स्वाभाविक ही इससे स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के अंदर भारत को लेकर सकारात्मक आत्मविश्वास की भावना सशक्त होती है। इस बार भी उन्होंने ऐसा ही किया।

आजकल घटनाएं इतनी तेजी से घटती और बदलती हैं कि कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्वजनिक स्तर पर आवश्यक गहन चर्चा और विश्लेषण नहीं हो पाता। ऐसा ही कुछ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के महत्वपूर्ण विजयादशमी उद्बोधन के संदर्भ में हुआ। संघ का संगठन परिवार इस समय विश्व स्तर पर सबसे बड़े जन समूह और संगठनों वाला विचार परिवार है। सरसंघचालक का हर वक्तव्य उनके लिए मार्गदर्शन के समान होता है। विजयदशमी संघ का स्थापना दिवस है। इस कारण भी नागपुर से दिए भाषण का सर्वाधिक महत्व हो गया है। ऐसा पहली बार देखा गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल से डा. भागवत के भाषण का लिंक रिपोस्ट किया और आग्रह किया कि इसे अवश्य सुना जाए। इस नाते भी इसका महत्व बढ़ जाता है। डॉ. भागवत विजयादशमी के हर भाषण के आरंभ में भारत राष्ट्र के रूप में किस तरह सर्वांगीण उन्नति कर रहा है और विश्व में इसकी महिमा, प्रतिष्ठा और साख कैसे बढ़ी है इसकी आवश्यक चर्चा करते हैं। स्वाभाविक ही इससे स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के अंदर भारत को लेकर सकारात्मक आत्मविश्वास की भावना सशक्त होती है। इस बार भी उन्होंने ऐसा ही किया।

आगे उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय पर मैं बोलने नहीं जा रहा हूं क्योंकि इस समय भारत और विश्व के लिए चुनौतियां एवं खतरे ऐसे खड़े हुए हैं जिनको समझाना और उनका सामना करते हुए समाप्त करना और अपरिहार्य हो गया है। इसमें उन्होंने हिंदू समाज को ही स्वाभाविक रूप से केंद्र में रखा। इसका कारण वह लगातार बताते रहे हैं कि हिंदुओं का संस्कार, चरित्र, जीवन मूल्य और जीवन दर्शन ही ऐसा है जिसमें संपूर्ण विश्व के समुत्कर्ष, कल्याण, शांति - सद्भाव के लिए जीने और काम करने का आधार होता है। इसलिए हिंदू संगठित रहें, खतरों के प्रति सतर्क और इसे समाप्त करने के लिए सक्रिय हों जिससे भारत एक राष्ट्र के रूप में अपने सही लक्ष्य को पहचानते हुए सशक्त रह पाएगा तभी यह संभव होगा। अगले दिन समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी - 'डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हिंदुओं को समझना होगा कि दुर्बल व असंगठित होना अत्याचार को निमंत्रण देना है।' अगर देखें तो निस्संदेह यह उनके भाषण का प्रमुख सूत्र था किंतु ऐसा उन्होंने क्यों कहा, यह महत्वपूर्ण हो जाता है। अपने भाषण के अंत में उन्होंने नवरात्र की चर्चा करते हुए बताया, उस पंक्ति को देखिए। 'इसी साधना से विश्व के सभी राष्ट्र अपना- अपना उत्कर्ष याद कर नए सुख, शांति व सद्भावनायुक्त विश्व को बनाने में अपना योगदान करेंगे। उस साधना में आप सभी आमंत्रित हैं।' उनकी उन्होंने एक गीत की पंक्ति दोहराई —हिंदू भूमि का कण-कण हो अब शक्ति का अवतार उठे, जल -थल से अंबर से फिर हिंदू की जय - जयकार उठे, जग जननी की जयकार उठे। तो यह साधना कौन सी है? नवरात्रि में देवी वास्तव में देवताओं के शक्तियों की पुंज थीं लेकिन शक्तिशाधना शील के साथ। इसीलिए उन्होंने कहा कि संघ की प्रार्थना में कोई परास्त न कर सके ऐसी शक्ति और विश्व विनम्र हो, ऐसा शील भगवान से मांगा है। विश्व के, मानवता के कल्याण का कोई काम अनुकूल परिस्थिति में भी इन दो गुणों के बिना संपन्न नहीं होता। विश्व की मंगल साधना में मौन पुजारी के नाते संघ लगा है तो उसके पीछे यही सोच है। इसलिए संगठित होने का अर्थ दूसरे को डराना या हमलावर होना



नहीं बल्कि कल्याण के लिए शील संपन्न शक्ति साधना है। उनकी इस बात से हर भारतीय को सहमत होना चाहिए कि भारत विश्व में प्रमुखता पा रहा है तो ऐसी शक्तियां और देश हैं जिन्हें अपने निहित स्वार्थ पर खतरा नजर आता है और वह अनेक तरीकों से भारत को कमजोर और अस्थिर करने का प्रयास करते हैं।

इसके दुनिया में उदाहरण हैं कि चाहे देश पर आक्रमण करना हो, लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को अवैध अथवा हिंसक तरीकों से उलट देना हो, अंदर विद्रोह करना हो, ऐसे प्रयास चलते रहे हैं और भारत के विरुद्ध चल रहे हैं। उन्होंने बांग्लादेश में हिंसक तख्तापलट की चर्चा करते हुए कहा कि हिंदू समाज पर जिस तरह अकारण नृशंस अत्याचार हुए उसके विरुद्ध हिंदू समाज संगठित होकर स्वयं बचाव में घर के बाहर आया इसलिए बचाव हुआ किंतु वह समाप्त नहीं हुआ है। इससे भारत में कई प्रकार के खतरे बढ़े हैं, इसलिए विश्वभर के हिंदुओं और भारत सरकार के सहयोग की अल्पसंख्यक हिंदुओं को आवश्यकता है। यहीं पर उन्होंने कहा कि असंगठित रहना व दुर्बल रहना, यह दूसरों के द्वारा अत्याचारों को निमंत्रण देना है। चूंकि बांग्लादेश को पाकिस्तान में भी मिलाने की बात हो रही है इसलिए यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है। दूसरे खतरे के रूप में उन्होंने डीप स्टेट, वोकिजम, कल्चरल मार्क्सिस्ट की चर्चा करते हुए कहा कि यह सभी सांस्कृतिक परंपराओं के घोषित शत्रु हैं और सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं तथा जहां-जहां जो भी भद्र मंगल है उसका पूरी तरह नाश इनकी कार्य प्रणाली का अंग है। सच है कि देश में कृत्रिम तरीके से मांग, आवश्यकता अथवा समस्या के आधार पर अलगाव के लिए प्रेरित करते हैं, असंतोष को हवा देते हैं और शेष समाज से अलग व्यवस्था के विरुद्ध उग्र बनाते हैं । समाज में टकराव की संभावनाओं को ढूंढ कर टकराव खड़े करते हैं और इस तरह चारों ओर अराजकता और भय का वातावरण पैदा किया जाता है। बताने की आवश्यकता नहीं कि भारत में यह स्थिति हमारे चारों ओर है। दुर्भाग्य से सत्ता के लिए स्पर्धा में अनेक दलों ने यही पद्धति अपनायी और इसकी क्षति देश को हो रही है। इसमें संस्कार युक्त परिवार और समाज परंपरा में दोष उत्पन्न हो गए हैं और हर स्त्री को माता के रूप में देखने का आचरण कमजोर हुआ है। इसके कारण बलात्कार और अन्य शर्मनाक घटनाएं हो रही हैं।

सीमा क्षेत्र से लेकर चारों ओर संकट खड़ा करने तथा बिना कारण कट्टरपन को उकसाने की घटनाएं हमारे सामने हैं जब हिंदू धर्म यात्राओं पर अकारण पथराव और हमले हो रहे हैं तथा बिना कारण हिंसा व भय पैदा करने की घटनाएं जिसे डॉक्टर भागवत ने गुंडागर्दी कहा और यही सच है। चूंकि यह योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है इसलिए इसे तुरंत नियंत्रित करना, उपद्रवियों को दंडित करना प्रशासन का काम है लेकिन उन्हें हम तक पहुंचने से रोक कर अपने प्राण व संपत्ति की रक्षा का दायित्व तो समाज का ही है। लेकिन जब तक हिंदू समाज जातियों में बंटा रहेगा तब तक यह संभव नहीं होगा, इसलिए मोहन भागवत की यह बात बिल्कुल उचित है कि समाज के सभी वर्गों में कुटुंबों की मित्रता होनी चाहिए।इस तरह डॉ. भागवत ने भारत में व्याप्त सभी खतरों, उनके कर्म और यहां तक कि उनके निदान की भी बात की और अगर आपके अंदर कोई वैचारिक घृणा और दुराग्रह नहीं है तो इसे स्वीकार करना पड़ेगा। अगर दुनिया में अंतरराष्ट्रीय व्यवहार में सद्भावना व संतुलन लाकर शांति और बंधुता की ओर बढ़ना है तो भारत को विशेषकर हिंदुओं को अपने को शक्तिशाली बनाए रखना होगा । बलहीन को कोई नहीं पूछता। इसीलिए उन्होंने संगठित होने की बात की तथा असंगठित होने को अत्याचार बताया।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य
बाल मुकुन्द ओझा




# प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ा रहा मोटापा

आयातित और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन ने देश के नौनिहालों से लेकर किशोर, युवा और बुजुर्ग तक को अपने आगोश में ले लिया है। इसके फलस्वरूप देश और दुनियाभर में मोटापे की समस्या गंभीर रूप से उत्पन्न हो गई है। विशेषकर व्यस्क आबादी इसकी चपेट में आ गई है। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को हानिकारक इसलिए माना जाता है क्योंकि इनमें स्वाद को बेहतर बनाने के लिए बहुत सारे कृत्रिम योजक या रसायन होते हैं। आप प्रत्येक पैकेज के पीछे लगे लेबल को पढ़कर किसी विशेष खाद्य उत्पाद को बनाने में प्रयुक्त सामग्री की पहचान कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक ताज़ा रिपोर्ट में बताया गया है 1990 के बाद से दुनियाभर के व्यस्कों में मोटापा दो गुना से अधिक बढ़ गया है। इस अवधि में किशोर आबादी में मोटापा चार गुना बढ़ा है। आयातित और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अधिक उपयोग से 2022 तक करीब 43 प्रतिशत व्यस्कों का अधिक वज़न बढ़ा है वहीं 16 प्रतिशत मोटापे के शिकार हुए हैं। विश्व मोटापा एटलस 2024 के अनुमानों के मुताबिक 2035 तक लगभग 330 करोड़ व्यस्क मोटापे से ग्रस्त होंगे। साथ ही 5 से 19 साल की आयु सीमा के 77 करोड़ से अधिक किशोर और युवाओं को मोटापा घेर लेगा। भारत की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 2022 तक सवा सात प्रतिशत से अधिक व्यस्क मोटापे की चपेट में थे। नेशनल फैमिली हेल्थ और मेडिकल पत्रिका लेसेन्ट आदि के अनेक प्रमाणिक सर्वेक्षणों में भी कहा गया है कि हमारे देश में पेट के मोटापे की समस्या सर्वाधिक है। यह समस्या महिलाओं में 40 और पुरुषों में 12 प्रतिशत पाई गई है। स्वास्थ्य के प्रति इस गंभीर खतरे को हमने समय रहते सख्ती से नहीं रोका तो यह देश में नशे से भी अधिक भयावह स्थिति उत्पन्न कर देगा और इसके जिम्मेदार केवल हम ही होंगे। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में देश में दबे पांव प्रवेश करने वाले जंकफूड जिसे फास्ट फूड भी कहते है, ने हमारे सम्पूर्ण पाचनतंत्र पर कब्जा कर स्वास्थ्य के जीवन तंत्र को बिगाड़ कर रख दिया है। फास्ट फूड आज घर-घर में अल्पाहार के रूप में प्रयोग में लिए जा रहे हैं। जंकफूड में कार्बोहाइड्रेट, वसा और शर्करा होती है। इसमें अधिकतर तलकर बनाए जाने वाले व्यंजनों में पिज्जा, बर्गर, फ्रैंकी, चिप्स, चॉकलेट, पेटीज मुख्य रूप से शामिल हैं। एक आहार विशेषज्ञ अनुसार बर्गर में 150-200, पिज्जा में 300, शीतल पेय में 200 और पेस्ट्री, केक में करीब 120 किलो कैलोरी होती है जो आजकल लोगों पर मोटापे के रूप में हावी हो रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आलू के चिप्स हों या कोक का वह गिलास जिसका आप दिन या रात के किसी भी समय आनंद लेते हैं, आप नहीं जानते होंगे कि आप जो नाश्ता करना पसंद करते हैं वह वास्तव में प्रसंस्कृत भोजन है।

कोई भी खाद्य पदार्थ जिसमें किसी न किसी तरह से बदलाव किया जाता है, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की श्रेणी में आता है। आमतौर पर, ये ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिन्हें उनकी शेल्फ लाइफ या उनके स्वाद को बढ़ाने के लिए बदल दिया गया है, लेकिन प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से विभिन्न स्वास्थ्य जोखिम भी होते हैं। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ आधुनिक जीवन शैली का एक अभिन्न अंग बन गए हैं। इनको न्यूनतम प्रसंस्कृत, भारी प्रसंस्कृत या अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में वर्गीकृत किया जा सकता है। जब किसी खाद्य उत्पाद के स्वाद, स्थिरता और बनावट को बढ़ाने के लिए कई सामग्रियों को जोड़ा जाता है, तो आप इसे भारी या अति-प्रसंस्कृत कह सकते हैं। एक सर्वे के अनुसार, 33.66 फीसदी भारतीयों ने स्वीकारा है कि वे हफ्ते में कम से कम दो बार जंकफूड या रेडीमेड फ़ूड खाते ही हैं। भारत में रेडीमेड फूड का उद्योग भी तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसकी वार्षिक प्रगति दर 40 फीसदी बताई जाती है। तीव्र गति से बढ़ते शहरीकरण, व्यस्त जीवन-शैली और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे बदलाव ने भारत में लोगों के जीवन-यापन के तरीके को बदल कर रख दिया है। इन बदलावों के फलस्वरूप लोगों ने घर पर खाना पकाने और खाने की आदत में भी बदलाव किया है। महानगरों में रहने वाले परिवारों की तैयार भोजन, फास्ट फूड और जंकफूड पर निर्भरता ज्यादा बढ़ गई है। अब तो इनकी पहुंच घर-घर में हो गई है। यह बच्चों के प्रिय नाश्ते में शुमार हो गया है। देखा तो यह गया है कि पूरा परिवार अल्पाहार में फास्ट फूड का उपयोग करने लगा है। आहार विशेषजों के अनुसार फास्ट फूड कभी-कभार तो ठीक है लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। स्वाद के पीछे के जहरीले रसायन को पहचान कर हमें अपने स्वास्थ्य की रक्षा करनी होगी, इसी में हम सबकी भलाई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
## दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।

# एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
## प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखा: तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूं, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आंखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## सटाका




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए। – *रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### ठीकरा अधिकारियों के सिर



भाजपा की ये पुरानी आदत है कि पहले सफेदपोश बनकर चुपचाप भ्रष्टाचार करती है और जब पोल खुल जाती है तो उसका ठीकरा अधिकारियों के सिर पर फोड़ देती है। जनता पूछ रही है कि सरकार की लगाम क्या अधिकारियों के हाथ में है?
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### करुणा की परिभाषा



एक कॉलेज छात्र ने पूछा, "करुणा की पुरानी व नई परिभाषाओं में क्या अंतर है?" मेरा उत्तर था, "करुणा की पुरानी परिभाषा 'एक साथ पीड़ा सहना' और नई परिभाषा 'एक साथ मिलकर समाधान करना' है।
-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

### बागडोर अपने हाथों में लें



आप जो भी भावना महसूस करते हैं, हर विचार जो आपके दिमाग में आता है, आप अपने आस-पास की दुनिया को कैसे देखते हैं, और कैसे प्रतिक्रिया करते हैं - यह सब आपके नियंत्रण में है। अपने जीवन की बागडोर मजबूती से अपने हाथों में लें।
-हर्ष गोयनका, कारोबारी

### विनम्रता सबसे खूबसूरत



विनम्रता रचनात्मकता की मूलभूत शक्ति है। अपने व्यक्तिगत अहंकार को निखारना सीखें और अपने रचनात्मक अहंकार को उभरते हुए देखें.. यह आपके पास मौजूद सबसे खूबसूरत चीज़ है..
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# वैक्सीन संबंधी भ्रांतियां रंगमंच के जरिए की दूर



लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के कलाकार अमित शर्मा ने वैक्सीन लेने में लोगों की हिचकिचाहट और इसे लेकर फैली भ्रांतियों को रंगमंच के जरिये जीवंत करके लंदन के किल्न थिएटर के कलात्मक निदेशक के रूप में अपनी पारी का आगाज किया। नाटक 'पिन्स एंड नीडल्स' का प्रदर्शन हाल ही में पूरी दुनिया में किया गया है और इसका प्रदर्शन अगले सप्ताहांत तक होगा। रॉब ड्रमंड द्वारा लिखित इस नाटक के जरिये कोविड के टीके और दुनिया भर में बच्चों से जुड़े अन्य टीकों को लेकर हुई राजनीति और फैलाई गई भ्रांतियों को दिखाने का प्रयास किया गया है। इसमें भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता गवी सिंह चेरा मुख्य किरदार रॉब की भूमिका में हैं। शर्मा का कहना है, 'इस नाटक से निश्चित रूप से (टीकों के पक्ष और विपक्ष में) बहस को बढ़ावा मिलेगा और इसके साथ से इससे एक दर्शक के लिए अपने से विपरीत विचारों वाले व्यक्ति के प्रति सहानुभूति रखने और उसे समझने में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'दर्शकों के लिए मेरा जुनून है कि वे खुद को और अपनी आवाज को प्रतिबिंबित होते देखें। यह उन लोगों को भी समझाने में मदद कर सकता है, जो समान पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं, लेकिन हमारे अभिनय से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं।'

## ऑफ बीट

# घर के कामकाज करने वाले रोबोट बनाने में लगेगा समय



हाल ही में टेस्ला की प्रदर्शनी में चलते-फिरते, बोलते-नाचते 'ऑप्टिमस' रोबोट ने काफी उत्साह पैदा किया था। भले ही यह अब भी भविष्य की एक आकर्षक झलक हो, लेकिन ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि रोबोट उम्मीद से बेहतर साबित हुए हैं। उदाहरण के लिए, 'सोफिया' को ही लें, जिसे 2016 में टेक्सास स्थित हैनसन रोबोटिक्स ने बनाया था। इसी तरह हमने बोस्टन डायनेमिक्स के 'एटलस' जिमनास्टिक्स, ब्रिटेन निर्मित अमेका रोबोट 'वेकिंग अप' और हाल ही में टेस्ला के 'ऑप्टिमस' के सावधानीपूर्वक तैयार किये गए वीडियो देखे हैं। जाहिर है कि ये अभी अलग-अलग तरीकों से प्रभावशाली हैं, लेकिन वे पूर्ण 'पैकेज' के करीब नहीं पहुंचे हैं। ऑप्टिमस या एटलस को किसी गैर पूर्व निर्धारित स्थान पर छोड़ दें और आप बहुत कुछ अलग देखेंगे। हमारे घरों में काम करने में सक्षम एक मानव रोबोट को कई अलग-अलग कार्य करने, हमारे उपकरणों का उपयोग करने, हमारे वातावरण में गतिविधियां करने और मानव की तरह हमसे संवाद करने में सक्षम होना चाहिए। अगर आपको लगता है कि यह केवल एक या दो साल में सच हो सकता है, तो आपको निराशा हाथ लगने वाली है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### छिंदहाई भटिया में विराजी मातारानी की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**उमरियापान।** मातारानी के जय जयकारों और बैंड बाजों के साथ पूर्णिमा पर उमरियापान की छिंदहाई भटिया में विराजी मातारानी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। क्षेत्र में प्रसिद्ध छिंदहाई भटिया में पूरे 15 दिनों की आराधना और भक्ति के बाद हवन पूजन हुआ। कन्या भोज के बाद भंडारा हुआ।जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।विधिवत पूजन अर्चना के बाद शाम को मातारानी का समीपी तालाब में विसर्जन किया गया।जहा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।शरद पूर्णिमा पर मातारानी के दरबार में हाजिरी लगाकर श्रद्धालुओं ने अपनी मुरादें पूरी होने की मंन्नते मांगी।सुबह से देरशाम तक मातारानी को नारियल ,फूल, जल,चुनरी,सिंगार सहित प्रसाद आदि चढ़ाकर पूजन अर्चन का दौर जारी रहा।इसके अलावा पोंडी खुर्द गांव में भी मुख्य मार्ग पर विराजित मातारानी की प्रतिमा का विसर्जन भी 15 दिनों में पूर्णिमा पर किया गया।दुर्गा पंडाल में हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। देरशाम गांव में चल समारोह के बाद मातारानी का विसर्जन बेलकुण्ड नदी में किया गया।

### पेड़ में लटकी मिली युवक की लाश

**कटनी।** खेत में लगे आम के पेड़ पर एक युवक की फांसी पर लटकी हुई लाश पाई गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कप मच गया। घटना विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरा का है। युवक ने फांसी किन परिस्थितियों में लगाई, इसका पता अभी तक नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खजुरा निवासी 21 वर्षीय विलसन नीलमणी पिता स्व. विनोद नीलमणी विगत 18 अटूबर को रात्रि 11 बजे अपने घर से निकला और दूसरे दिन सुबह मोतीलाल यादव के खेत की मेढ़ के पास लगे आम के पेड़ पर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। विजयराघवगढ़ पुलिस ने मर्ग दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन से नीचे गिरकर युवक हुआ घायल

**कटनी।** बीना रेलखंड पर ग्राम कैलवारा के समीप एक युवक ट्रेन से गिरकर घायल हो गया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। सूचना मिलते ही रेल पुलिस अस्पताल पहुंची और कार्यवाही की। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलबानू पटियाला पंजाब निवासी 34 वर्षीय माखन सिंह पिता लखा सिंह चलती ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### संबल 2.0 योजना के अंतर्गत पंजीयन की प्रक्रिया

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के अंतर्गत पंजीयन करने के लिये आप संबल पोर्टल से स्वयं, एमपी आनलाईन और सीएससी सेंटर (कॉमन सर्विस सेंटर) से पंजीयन के लिये आवेदन किये जा सकेंगे। पंजीयन कराने में आवश्यक कागजों में समग्र आईडी (आधार से ई केवाईसी होना आवश्यक है।) एवं आधार कार्ड (बैंक खाता से डी.बी.टी होना आवश्यक है।) आदि दस्तावेजों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा संबल पंजीयन हेतु आवेदक की उम्र 18 वर्ष से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए, आवेदक की कृषि भूमि एक 01 हेक्टेयर से अधिक नहीं होनी चाहिए (पति-पत्नी दोनों की मिला के), आवेदक आयकर दाता नही होना चाहिए (पति पत्नी दोनों ), आवेदक सरकारी नौकरी में नही होना चाहिए (पति पत्नी दोनों ), आवेदक को सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्राप्त नहीं होता हो (भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, ग्रेज्यूटी आदि) (पति पत्नी दोनों) तो संबल पंजीयन हो सकता है।

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो पर एसपी के निर्देश पर पुलिस ने की कार्रवाई

# बत्ती लगी वाहन में केक काटने के मामले में 5 आरोपित हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बत्ती लगी सरकारी वाहन के बोनट में रखकर केक काट एवं हर्ष फायरिंग करने के सोशल मीडिया में वायरल वीडियों पर पुलिस ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों को हिरासत में लिया है। यह वीडियो, जिसमें लाल-नीली बत्ती लगी बोलेरो वाहन (वाहन क्रमांक MP 21 TA 10 62) के बोनट पर केक काटते हुए और हर्ष फायरिंग करते हुए कुछ व्यक्तियों को दिखाया गया था, सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया। इस घटना के कारण जनसामान्य में भ्रम का माहौल बन गया था।



### कार्यवाही के दिये निर्देश

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया और डीएसपी प्रभात शुक्ला के मार्गदर्शन में, थाना माधव नगर प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर की टीम ने तुरंत जांच शुरू कर तत्काल कार्रवाई की।

### टीम ने लिया हिरासत में

थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम जिसमें आरक्षक चंद्रेश, भानु प्रकाश पांडे, महेश चौधरी, अर्जुन सिंह और नंदन शामिल थे, ने तत्परता से कार्रवाई की। बोलेरो वाहन के चालक चंद्रशेखर यादव निवासी अमीरगंज, और उनके अन्य साथियों को हिरासत में ले लिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि वायरल वीडियो में दिखाई गई फायरिंग एक एयर गन से की जा रही थी, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर आरोपियों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है।

हालांकि मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, पुलिस सभी संदिग्धों से गहन पूछताछ कर रही है और तकनीकी सबूतों का विश्लेषण किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में दोबारा न हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### भ्रामक एवं अवैध गतिविधियों से जुड़े वीडियो न फैलाये, होगी कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या अवैध गतिविधियों से जुड़े वीडियो न फैलाएं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि ऐसे किसी भी कृत्य में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता से सहयोग की अपील की है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी है।



## ओवरलोड पत्थरो से भरे ट्रकों के निकलने मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासन प्रशासन के द्वारा अनेकों बार पत्थरों से भरे ओवर लोड वाहनों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई करने की बात कही जाती है किन्तु ये बातें मात्र दिखावा ही साबित हो रही हैं। बड़वारा में तहसील कार्यालय एवम पुलिस थाना भी है किंतु इसके बावजूद पत्थरों का कारोबार करने वाले दबंग लोगों पर स्थानीय प्रशासकीय अधिकारियों के द्वारा सख्त वैधानिक कारवाई नही किये जाने से इनके हौसले बढ़े हुए हैं इन लोगों को न ही कानून का ख़ौफ़ है न ही इन पर स्थानीय प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है।

बड़वारा के स्थानीय मिशन चौक से धड़ल्ले से ट्रक में ओवर लोड पत्थर से भरे हाइवा, ट्रक, ट्रेक्टर ओवर लोड पत्थर भरकर फर्राटे मारते निकलते हैं किंतु प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को ये ओवर लोड वाहन नजर नही आते। कारोबारियों के द्वारा हाइवा, ट्रक में पटरा लगाकर ओवर लोड पत्थर भरकर रिहायसी बस्ती के मध्य से वाहन निकाले जा रहे हैं जिससे सड़क में चलने वाले राहगीरों, पैदल चलने वाले लोगों व स्थानीय निवासियों के ऊपर ओवर लोड पत्थर गिरने पर कभी भी बड़ी दुखद घटना घटित हो सकती है ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन को किसी गम्भीर घटना घटित होने की प्रतीक्षा है। स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन से बड़वारा ग्राम के मध्य से निकलने वाले ओवर लोड पत्थरों से भरे वाहनों पर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

*आयोडीन की कमी से होने वाले दुष्प्रभावों की दी जाएगी जानकारी*

## वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 21 अक्टूबर 2024 को वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर 21 से 30 अक्टूबर 2024 तक जिले एवं विकासखंड स्तर की स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोडीन के महत्व एवं दैनिक जीवन में अनिवार्यतः पर आधारित विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्था में गर्भवती महिलाओं एवं प्रसूती महिलाओं को आयोडीन के महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की जायेंगी तथा आयोडीनयुक्त नमक का उपयोग करने से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ एवं उपयोग न करने से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया जायेगा। आयोडीन के अभाव के कारण शरीर में ऊर्जा की कमी, जल्दी थकावट, गर्भपात, मृत बच्चे का जन्म, जन्म लेते ही शिशु की मृत्यु, गर्भ में पल रहे शिशु के मस्तिष्क का कम विकास, जागरूकता की कमी, ऊर्जाहीन शरीर, कम विकसित बुद्धि, भैगापन, गूंगा, बहरापन, घेंघा रोग इत्यादि आयोडीन की कमी से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही आयोडीनयुक्त नमक का रोजाना उपयोग करने पर स्वास्थ्य को प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी दी जायेगी।



आयोडीन युक्त नमक के प्रतिदिन उपयोग करने से स्वस्थ शरीर, चुस्त दिमाग, ऊर्जा से भरपूर व स्फूर्तिपूर्ण शरीर एवं अधिक कार्यक्षमता, स्वस्थ बच्चे का जन्म, गर्भ में शिशु का शारीरिक व मानसिक रूप से पूर्ण विकास, तेज दिमाग, शरीर की बेहतर कार्यक्षमता, ज्यादा जागरूकता, स्फूर्ति एवं सही बढ़त, वृद्धि इत्यादि स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। आयोडीनयुक्त नमक का रोजाना उपयोग करने के लिये शपथ गृहण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी आम नागरिकों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि वे स्वयं एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों को आयोडीनयुक्त नमक का रोजाना उपयोग करायें, जिससे शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो तथा आयोडिन की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव से स्वयं व परिवार को सुरक्षित रखे।

## युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।मां सरस्वती पूजन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ।संस्कृतिक एवं साहित्यिक रूपांकर विधाओं आदि का आयोजन किया गया।इसमें प्रथम दिवस भाषण,वाद विवाद,प्रश्न मंच प्रतियोगिताएं हुई।भाषण प्रतियोगिता में राखी मेहरा प्रथम स्थान पर रही।द्वितीय दिवस रंगोली पोस्टर एवं अन्य विधाओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में भारतीय राजभर प्रथम स्थान जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में संजना प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामूहिक गायन,नाटक, एकल गायन में मोहिनी शास्त्री,एकल नृत्य में स्नेहा शुक्ला ने बाजी मारी।इस मौके पर सामूहिक नृत्य वादन के साथ-साथ अन्य आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्राचार्य रतिराम अहिरवार,डॉ.लक्ष्मी प्रसाद बागरी,रश्मि सिंह, पंकज मिश्रा,डॉ.रविता सिंह,डॉ.अंकुर ओमर,भूपेंद्र शुक्ला आदि की उपस्थिति रही।

उमरियापान के वार्ड नं 4 - 5 का मामला,सफाई न होने से परेशान है ग्रामीण

## सड़कों पर बह रहा नालियों का गंदा पानी, कचरे के लगे अंबार से बदबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उमरियापान वार्ड नम्बर 4 और 5 में नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। नालियां कचरे और गंदगी से बजबजा रहा है। लोग बदबूदार दुर्गंध से परेशान है। वार्डवासियों का राह चलना भी दूभर हो गया है।सड़क भी जगह-जगह जर्जर हालत में है, उसकी मरम्मत कराने में जिम्मेदार उदासीन हैं।समय पर साफ-सफाई न होने से वार्ड में कचरे के ढेर लग चुके हैं।जिससे कि संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है,वही वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है।



ग्रामीणों ने बताया कि वार्डवासियों की सबसे बड़ी समस्या नाला के पानी निकासी की है।नाले में ग्रामीण कचरा फैंकते है।,जिससे नाला दो से चार दिन में भर जाता है।नालियों में कचरा अटने के कारण गंदा पानी सड़क के ऊपर से बहने लगता है। जिससे लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। आवागमन में लोंगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग गंदे पानी के बीच से आने-जाने को विवश हैं। बदबू आने से संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि नाले में अगर लोहे की जाल लग जायेगा तो, कचरा बहकर सड़क पर नहीं आएगा। पानी की निकासी नाली से होती रहेंगी।

*महिला एवं बाल विकास विभाग करेगा पुरस्कृत*

## साहसिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान पर बालिका व महिलों को मिलेगा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला-एवं-बाल-विकास-विभाग ने महिलाओं एवं बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता व साहसिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान प्रदान करने वाली बालिका, महिला को पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है। जिसमे व्यक्तिगत, संस्थागत श्रेणी में वर्ष 2024 के लिए 6 राज्य, जिला स्तरीय विभागीय पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। इन साहसी महिला, बालिका को सम्मान निधि के तौर पर उपयुक्त राशि प्रदान की जाएगी। जिसमें आवेदन करने के लिए विभागीय वेबसाइट का उपयोग किया जा सकता। निर्धारित प्रारूप इस वेबसाइट के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से भी प्राप्त किया जा सकता है।

मप्र शासन महिला एवं बाल विकास विभाग ने 6 तरह के पुरस्कार में मिलने वाली राशि निर्धारित कर दी है। जिसमे रानी अवन्ति बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार, राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार, राष्ट्र माता पद्मावती पुरस्कार, अरुणा शानबाग वीरता पुरस्कार, प्राप्त करने वाली महिला, बालिका तथा श्री विष्णु कुमार महिला बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति, स्वयं सेवी संस्था को 1-1 लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार प्राप्त करने वाले पुरुष एवं महिला को राज्य स्तर पर 4 एवं जिला स्तर पर 2 पुरस्कारों का वितरण किया जाना है। राज्य स्तर पर राशि 1 लाख व प्रशस्ति पत्र तथा जिला स्तर पर 50 हजार रुपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

महिलाओं और बच्चों को उत्पीड़न से बचाने, उनके पुनर्वास में योगदान व बाल विवाह , दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकने जैसे सामाजिक कार्य करने वाली महिला, बालिका को रानी अवन्ति बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं महिलाओं, बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता, पर्यावरण की स्थिति में सुधार, आर्थिक गतिविधियों के संचालन, अधिकारों के प्रति जागृति, सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय व प्रमाणित कार्य करने वाली महिला, बालिका को राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों से सम्बंधित समाज सुधार में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला, बालिका को श्री विष्णु कुमार महिला बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा। इन तीनों ही पुरस्कारों के लिए अंतिम रूप से 15 नवंबर तक आवेदन किया जा सकता है।

मच्छरदानी का करें उपयोग, बुखार पर कराएं रक्त जांच

## डेंगू, मलेरिया से बचना है तो आसपास रखें साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है, यह मच्छर दिन में काटता है। डेंगू के अधिकांश मामले पूरी तरह से ठीक हो जाते हैं और उनका प्रबंधन घर पर भी किया जा सकता है। डेंगू मलेरिया के बचाव व नियंत्रण हेतु अपने घर परिसर और आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। अपने घर के सिंक, गमले, हौज आदि में साफ-सफाई रखें। इसके साथ ही घरों की छतों पर अटाला या गंदगी न होने दें।



छत पर रखी पानी की खुली टंकियां, टूटे बर्तन, मटके, कुल्हड, गमलों में एकत्रित जल में, बेकार फेंके हुए टायरों में एकत्रित जल में, बिना ढंके बर्तनों में, एकत्रित जल में, कूलर में एकत्रित जल में, किचन गार्डन में रूका हुआ पानी, गमले, फूलदान, सजावट के लिए बने फव्वारे में एकत्रित जल में डेंगू मलेरिया फैलाने वाले मच्छर पैदा होते है।

इससे बचने के लिए टायर, प्लास्टिक कवर, फूल के बर्तन, पालतू जानवरों के पानी के कटोरे आदि जैसी चीज़ों को ढकें। इन मच्छरों के प्रजनन के लिए उपलब्ध आवास को कम करने से डेंगू बुखार की रोकथाम में सहायता मिल सकती है। विशेष रूप से घनी आबादी और भीड़ वाले स्थानों में मच्छर निरोधकों का उपयोग करने से मच्छरों को आपसे दूर रखने में मदद मिल सकती है। कुछ क्षेत्रों की यात्रा करते समय, और यहां तक कि जब आप घर पर हों, तो भी अपनी त्वचा पर मच्छर प्रतिरोधी क्रीम लगाएं। मच्छरों के काटने से बचने के लिए लंबी बाजू के कपड़े और मोटे पैंट, मोज़े और सुरक्षित जूते पहनें। डेंगू बुखार की रोकथाम के आपके प्रयास में, मच्छरदानी के नीचे सोने से आपको मच्छरों के काटने से सुरक्षा मिल सकती है। रुके हुए पानी में मच्छर पनपते हैं। फूलों के बर्तनों को खाली करें, अपने पालतू जानवर के पानी के कटोरे को साफ करें और बदलें, अपने घर के अंदर किसी भी पानी के पौधे को रखने से बचें, सुनिश्चित करें कि पानी से भरा हुआ हर बर्तन ढका हुआ हो।

डेंगू के सामान्य लक्षणों में यदि तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी आना, आँखों में दर्द होना, विभिन्न अंगों में सूजन, डेंगू के गंभीर लक्षण, गंभीर पेट दर्द, लगातार उल्टी होना, मसूड़ों या नाक से खून आना, मल या उल्टी में खून आना, तेजी से सांस लेना, थकान, बेचैनी, त्वचा के नीचे ब्लीडिंगइनमें से 2 या अधिक लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार प्लेटलेट्स कम होने पर यह बुखार खतरनाक हो जाता है। मरीज की जान भी जा सकती है। गंभीर मामलों में गंभीर रक्तस्त्राव और शॉक सिंड्रोम लगता है, जिससे जान को खतरा हो सकता है। यदि बुखार हो तो बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच कराएं। मलेरिया की पुष्टि होने का पूरा उपचार लें। खाली पेट दवा कदापि न लें। मलेरिया हेतु खून की जांच व उपचार सुविधा शासकीय चिकित्सालय पर उपलब्ध है।

## सड़कों पर गढ्ढे होने से आये दिन हो रहे हादसे, जोखिम भरा हुआ सफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में सड़कों पर जगह जगह गहरे गड्ढे होने से ग्रामीणों का आवागमन परेशानी भरा हो गया है।सड़कों पर लगातार हादसे हो रहे हैं।अनजान व्यक्ति ज्यादातर सड़क पर बने गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे है। उमरियापान से सिहोरा मुख्य मार्ग पर भी धनवाही गांव के समीप सड़क नीचे धस गई है।उमरियापान से ढीमरखेड़ा मार्ग में जगह जगह सड़क गढ्ढे हो गए हैं। विभागीय उदासीनता के कारण छोटे छोटे गढ्ढे विशाल रूप ले रहे है। शिकायत के बावजूद पीडब्लूडी के अधिकारियों की नींद नहीं टूट रही है। ऐसे में लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने की मजबूरी है।उमरियापान से सिहोरा मुख्य मार्ग में धनवाही गांव के समीप सड़क के नीचे की पुलिया धसकने से सड़क भी नीचे की तरफ धसकने लगी है।सड़क के दोंनो तरफ खाईनुमा गढ्ढे बन गए हैं। सड़क की धसकने से गढ्ढा हो गया है। सड़क पर बना यह गढ्ढा दिन-प्रतिदिन जानलेवा साबित हो रहा है।सड़क के नीचे से पानी भी बह रहा है। नीचे की तरफ धंसी सड़क पर राहगीर रोज दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

## साधन नहीं मिलने पर पुलिस ने महिला को उसके घर तक पहुंचाया

**ढीमरखेड़ा।** घर तक पहुंचने के लिए साधन नहीं मिलने पर एक महिला ने पुलिस से मदद मांगी जिस पर डायल हंड्रेड वाहन ने मौके पर पहुंचकर महिला को गंतव्य तक पहुंचाया। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दसरमन से एक महिला द्वारा किसी व्यक्ति का सहारा लेकर थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद तक सूचना प्रदान की गई जिसमें पीड़ित महिला के द्वारा अवगत कराया गया कि मुझे अपनी बहन के घर ग्राम कुंडम से मायके घर आ रही थी जिसमें बस के माध्यम से ग्राम दसरमन तक पहुंची इसके बाद मुझे घर तक पहुंचने के लिए कोई साधन नहीं मिला रहा। डायल 100 से ढीमरखेड़ा पुलिस को सूचना दी गई । ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान के हमराह मौके पर पुलिस को रवाना किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला सुधा बाई ग्राम जामुनचूहा को ढीमरखेड़ा थाना लाया गया एवं थाना प्रभारी द्वारा पूछताछ की गई और परिजनों को इसकी जानकारी दी गई।

## दूसरे दिन विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्रों में साझा किए विचार, वर्ष 2047 के विजन के अनुसार प्लान बनाने का सुझाव

# सुरक्षा, ट्रैफिक के अनुसार तय हो डिजाइन, बेहतर सामग्री बढ़ाएगी सड़कों की उम्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरते नवीनतम ट्रेंड्स और टेक्नोलॉजिस आधारित दो दिवसीय सेमिनार का भव्य उद्घाटन भोपाल के रवीन्द्र भवन में हुआ। इस मौके पर वर्ष 2047 के विजन के अनुसार प्लान बनाने से लेकर अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नई तकनीकों के कार्यान्वयन, पुल निर्माण में नई मशीनरी का उपयोग, और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली नई सामग्रियों पर विशेष ध्यान दिया गया।

उद्घाटन सत्र के पहले दिन कई तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें देशभर से आए विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी विशेषज्ञता के आधार पर नई तकनीकों और निर्माण सामग्रियों के उपयोग पर अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य विशिष्टजन की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ।

### गडकरी, डॉ. मोहन ने प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पुल निर्माण और सड़क की निर्माण की नई तकनीक पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन, इंडियन रोड काउंसिल के अध्यक्ष केके पिपरी, सचिव एसके निर्मल सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा इंजीनियर उपस्थित थे। प्रदर्शनी में सड़क एवं पुल निर्माण में लगने वाली नई मशीनरी और तकनीकों, परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए आईटी तकनीक के उपयोग तथा सड़क व यातायात सुरक्षा से संबंधित सामग्री का प्रदर्शन किया गया है। सेमीनार में प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### सड़क सुरक्षा और आईटी तकनीकों पर विचार-विमर्श

डॉ. सैमसन मैथ्यू (निदेशक, एनएटीपीएसी) ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए नई सामग्री और तकनीकों के महत्व पर जोर दिया। विकास ठक्कर (एमडी, पावेटेक कंसल्टेंट्स इंडिया) ने आईटी तकनीकों के माध्यम से सड़क परियोजनाओं की निगरानी और प्रबंधन पर रोशनी डाली। इसके बाद, अल्ट्राटेक के प्रतिनिधियों ने व्हाइट टॉपिंग के अपने व्यावहारिक अनुभवों को साझा किया, जबकि नेचुरल सेमेको प्राइवेट लिमिटेड ने कठोर सड़कों की मरम्मत के तरीकों पर चर्चा की। सभी तकनीकी सत्रों के बाद प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जहां प्रतिभागियों ने वक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी प्रस्तुतियों से जुड़े प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया। इस सेमिनार के माध्यम से उभरती तकनीकों और सामग्रियों पर आधारित चर्चा से सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में बेहतर कार्यान्वयन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के नए द्वार खुलेंगे।

### असली ट्रांसमिशन 10-12 साल में होने वाला है

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि देश में असली ट्रांसमिशन आने वाले 10-12 साल में होने वाला है। मुख्य रूप से वर्ष 2047 को देखकर ही प्लान बनाया जाना चाहिए। चूंकि तक तक सड़क बनाने से लेकर हर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर काम होगा। उन्होंने कहा कि चूंकि देश भर के राज्यों से आप लोग आए हैं, इसलिए अभी से ऐसा प्लान बनाएं कि भारत 2047 तक पूर्ण रूप से विकसित होने के साथ ही आत्मनिर्भर बन जाए।

### सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम तकनीक बताई



सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर आधारित दो दिवसीय सेमिनार में शामिल होने देशभर से आए विशेषज्ञों ने सड़क, पुल की नई तकनीकों और निर्माण पर अपने विचार साझा किए। सेमिनार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नई तकनीकों के कार्यान्वयन, पुल निर्माण में नई मशीनरी का उपयोग और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली नई सामग्रियों पर विशेष ध्यान दिया गया। पहले दिन की चर्चाओं में सिविल इंजीनियरिंग, निर्माण, सड़क सुरक्षा और तकनीक से संबंधित विषय प्रमुख रहे। डॉ. अभिषेक मित्तल (सीएसआईआर सीआरआरआई, नई दिल्ली) ने लचीली सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए नई सामग्री और तकनीकों पर प्रस्तुति दी। एमए रेड्डी (आईआईटी खड़गपुर) ने कठोर सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए शॉर्ट स्लैब और बॉन्डेड तकनीकों पर गहन विचार साझा किए। वहीं सतेंद्र कुमार (सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, आरपीडी, सीआरआरआई और सलाहकार) ने सड़कों और पुलों में सीमांत सामग्रियों के उपयोग के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी।

## देशभर से आए इंजीनियरों ने साझा किए अपने विचार

### टिकाऊ सड़कों के लिए डामर मिश्रण के व्यवहार और प्रदर्शन का प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती



टिकाऊ, लंबे समय तक चलने वाली सड़कें और कम रखरखाव वाले राजमार्ग भविष्य के समाज की प्राथमिकताओं में से एक होंगे। बढ़ते यातायात भार को सहन करने के लिए नई सामग्री और उत्पादों को विकसित करना होगा। डामर मिश्रण के व्यवहार और प्रदर्शन का प्रबंधन आने वाले दशकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी।

प्रशांत सोलांके, इंजीनियर, महाराष्ट्र

### डिजाइन में लापरवाही नुकसानदायक, गुणता नियंत्रण का सख्ती से कराया जाए पालन



निर्माण में बेहतर सामग्री का प्रयोग नहीं होने से सड़क उखड़नी शुरू हो जाती है। सड़क बनाते समय ठेकेदारों को गुणत्ता नियंत्रण का पालन सख्ती के साथ कराया जाएं तो निश्चित ही सड़क जल्दी खराब नहीं हो पाएंगी। मार्ग की रेखा, सड़क की चौड़ाई, मोड़, बाहरी उठान सहित अन्य तकनीकों का निरीक्षण करना चाहिए। डिजाइन बनाते समय बरती गई लापरवाही भी हमेशा नुकसान दायक बनती है।

केके पिपरी, ईएनसी, छत्तीसगढ़

### बदलते ट्रैफिक के अनुसार फुटपाथ हो, सुरक्षा व लागत पर हो ध्यान



फुटपाथों को बदलते ट्रैफिक इनपुट और पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए, जिसमें सुरक्षा, आराम, दक्षता और लागत शामिल है।

वर्किता तोमर
इंजीनियर

## खबर संक्षेप

### 47 उपनिरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक बनाया

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के विभिन्न जिलों और शाखाओं में पदस्थ 47 उपनिरीक्षको को कार्यवाहक निरीक्षक के तौर पर पदोन्नत कर दिया है। वहीं उनकी नवीन पदस्थापना भी कर दी है। प्रशासन शाखा द्वारा जारी सूची के अनुसार मन्जू सिंह चौहान को ग्वालियर इलाके से एसटीएफ पीएचक्यू , लालता प्रसाद मांझी को जीआरपी जबलपुर से एसटीएफ भोपाल, वैधराज सिंह परिहार को मुरैना से पीएचक्यू, कामता प्रसाद शर्मा शिवपुरी से पीएचक्यू, पुष्पा बरकड़े को जबलपुर से पीएचक्यू, कुलदीप सिंह जाटव शिवपुरी से पीएचक्यू, फूल सिंह अहिरवार डायल हंड्रेड से एसटीएफ भोपाल, बलराम रघुवंशी इंदौर से नारकोटिक्स इंदौर, दिनेश सिंह कुशवाहा छतरपुर से पीएचक्यू सीआईडी सहित 47 उपनिरीक्षकों की कार्यवाहक निरीक्षक के तौर पर नवीन पदस्थापना की गई हैं।

# सभी विभागों का इंटीग्रेटेड रोजगार स्टेट पोर्टल बनाएं

- प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप मिले सतत रोजगार
- मुख्यमंत्री ने स्व-रोजगार और रोजगार सृजन के संबंध में 11 विभागों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप स्वरोजगार और रोजगार प्रदाय करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। युवाओं में रोजगार और स्वरोजगार के लिए कौशल का विकास किया जाना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योग में रोजगार की मांग, आवश्यक कौशल विकास, शासकीय योजनाओं की जानकारी और प्रशिक्षण को एक प्लेट फार्म पर लाने के लिए रोजगार प्रदान करने वाले सभी विभागों का इन्टीग्रेटेड रोजगार स्टेट पोर्टल तैयार करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में रोजगार और स्वरोजगार के संबंध में समीक्षा बैठक ले रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्वरोजगार और रोजगार सृजन के लिए कार्यरत 11 विभागों की समीक्षा की।

पिछले 10 माह में स्व-रोजगार और रोजगार सृजन के प्रयासों की समीक्षा के साथ 4 वर्षों में रोजगार सृजन के लिए कार्य-योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

### युवाओं को एक ही पोर्टल पर मिलेगी सम्पूर्ण जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन्टीग्रेटेड रोजगार स्टेट पोर्टल पर रोजगार की संख्या, आवेदन की प्रक्रिया, योजनाओं की जानकारी, योग्यता, प्रशिक्षण, उद्योग में उपलब्ध रोजगार की संख्या, इंडस्ट्री के लॉग इन सहित रोजगार से सम्बंधित सभी पक्षों की जानकारी प्रदर्शित करें। इससे युवाओं को एक ही जगह पर रोजगार और स्व-रोजगार संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकेगी। सभी विभागों के प्रयासों की समीक्षा के साथ वास्तविक लाभांवित व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। यह पोर्टल समग्र पोर्टल से भी लिंक होगा। इन्टीग्रेटेड रोजगार स्टेट पोर्टल के निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, एमएसएमई, श्रम विभाग और कौशल विकास और रोजगार विभाग की संयुक्त समिति बनाए जाने के निर्देश दिए।

### निवेशकों से लगातार फॉलो-अप कर समय पर दें अनुमतियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न राज्यों में इन्टरैक्टिव सेशन और प्रदेश में संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में कई कंपनियों ने नए यूनिट की स्थापना, एमओयू और निवेश संबंधी प्रतिबद्धता दर्शाई है। उन सभी निवेशकों से लगातार फॉलो-अप करें। उनकी हैंड होल्डिंग कर सभी आवश्यक अनुमतियां समय से प्रदान करें। हर विभाग स्व-मूल्यांकन कर लक्ष्य निर्धारित करें और समय पर उसे पूरा करें।

### विभाग आपसी समन्वय और समेकित रूप से करें कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी जिले में किये जा रहे कौशल विकास और रोजगार सृजन के अच्छे कार्यों से प्रेरणा लें और उन्हें दूसरे जिलों में भी लागू करें। सभी विभाग अपने कौशल विकास, स्टार्ट-अप पॉलिसी, निवेश नीति और निवेश के अवसरों को एक दूसरे से साझा करें। प्रदेश में रोजगार के अवसर उत्पन्न करने और वास्तविक रूप से लाभ देने के लिए आपसी समन्वय और समेकित रूप से कार्य करें। विभागों को उनके उत्पादों की आवश्यकतानुरूप मार्केटिंग और ब्रांडिंग सपोर्ट के लिए योजना बनाएं।

## प्रदेश वासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को समर्पित है जन अभियान परिषद



- सरकार और समाज के बीच कड़ी के रूप में सक्रिय है परिषद के कार्यकर्ता
- स्वैच्छिक, सामूहिक और सामुदायिक सहभागिता से स्वावलंबन के सिद्धांत पर जारी हैं गतिविधियां
- मुख्यमंत्री ने जनअभियान परिषद के समन्वयकों के उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जन अभियान परिषद जन-जन के कल्याण के लिए समर्पित है। स्वैच्छिक, सामूहिक और सामुदायिक सहभागिता से स्वावलंबन के दृष्टिकोण से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अनिल माधव दवे ने प्रत्येक प्रदेशवासी को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से परिषद के गठन की प्रेरणा दी थी। सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर समाज भी चले इस उद्देश्य से जन अभियान परिषद को एक कड़ी के रूप में विकसित किया गया। शासकीय योजनाओं को जन-जन तक ले जाने में जन अभियान परिषद उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव समन्वय भवन में समृद्धि योजना तहत समग्र ग्राम विकास के विभिन्न आयाम विषय पर मप्र जन अभियान परिषद की ओर से राज्य, संभाग और जिला स्तरीय समन्वयकों के उन्मुखीकरण सह-प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे।


### संघर्ष के लिए समाज को संगठित करने का दिया संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संस्कृति में आ रही विकृतियों से संघर्ष के कई प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए। साथ ही कंस रूपी बुराई से संघर्ष के लिए स्त्री-पुरूषों के साथ बच्चों को भी संगठित कर समाज की संगठन क्षमता और जन-कल्याण के लिए उसके सार्थक उपयोग का संदेश दिया। यह दर्शाता है कि संगठन की शक्ति से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गांव और सामान्य जन से प्रेम का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत का मूल स्वरूप गावों में ही विद्यमान है। ग्राम स्तर पर व्यवस्थाओं को सशक्त करने की आवश्यकता है और इस दिशा में जन अभियान परिषद की ओर से किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्राम स्तर पर जल संरक्षण, दुग्ध उत्पादन, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गतिविधियां जारी हैं।

## गांधी व लोहिया ने साधारणजन की पीड़ा को समझने का मंत्र साहित्य और समाज को दिया: रघु ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निर्भय होने व साधारण जन की पीड़ा को समझने का जो मंत्र देश को महात्मा गांधी ने दिया था, डॉ. राममनोहर लोहिया ने उसी को आगे बढ़ाया और उनके समय के रचनाकारों ने उसे अपने ढंग से व्यक्त किया। सुप्रसिद्ध समाजवादी चिंतक व राजनेता रघु ठाकुर ने यह विचार शनिवार को हिन्दी भवन के महादेवी वर्मा सभागार में आयोजित व्याख्यान व पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन के तहत व्यक्त किए।' साहित्य, समाज और लोहिया ' विषय पर केंद्रित इस आयोजन में वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल, चिंतक एवं अध्यापक डॉ. इंदीवर, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व - कुलपति दीपक तिवारी ने भी वक्ता के रूप में विचार रखे।



इस अवसर पर डॉ. शिवा श्रीवास्तव के कविता संग्रह ' भावना के विविध रंग ', नित्यानंद तिवारी की रचना ' महात्मा के जीवन मूल्य ' का विमोचन हुआ।

## हिंदी भाषा के संरक्षण और विकास में हिंदी कवियों और साहित्यकारों का अहम योगदान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हिंदी भाषा प्रदेश के कोने-कोने में विभिन्न बोलियों के रूप में बोली जाती है। प्रदेश के बाहर भी मध्यप्रदेश के निवासियों द्वारा सरलता और परिष्कृत उच्चारण के साथ हिंदी बोली जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुक्कुट भवन में हिंद युग्म उत्सव के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिंदी भाषा के संरक्षण और विकास में हिंदी भाषा के साहित्यकारों और कवियों का अहम योगदान हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हिंद युग्म उत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी और रवीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा हिंदी भाषा के संरक्षण, विकास और योगदान के महत्व को दर्शित करते हुए हिंद युग्म



उत्सव के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. गौरव तिवारी सहित कवि और साहित्यकार उपस्थित रहे।

### आधी रात की घटना, प्रबंधन की सतर्कता के चलते आरोपी पकड़ाया

# तुरंत जाकर चैक करें, एटीएम मशीन से छेड़छाड़ हो रही है, ब्रांच मैनेजर मौके पर पहुंचे और इंडियन बैंक का एटीएम लूटने का प्रयास विफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

इंडियन बैंक एटीएम को लूटने के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खास बात यह है कि बैंक के ब्रांच मैनेजर को एटीएम निगरानी सेंटर सीएमएस मुंबई से रात करीब 2.05 फोन कर बताया गया कि एटीएम मशीन में छेड़छाड़ की जा रही है। इसके बाद ब्रांच मैनेजर तत्काल एटीएम के पास गए, जहां एटीएम के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा था।

ब्रांच मैनेजर हामिद अहमद ने बताया कि एटीएम में लगा शटर बंद था। एटीएम के अंदर से तोड़-फोड़ की आवाज आ रही थी। उन्होंने एटीएम के लोहे के शटर को बाहर से बंद कर दिया। पुलिस की टीम आई, जिनके सहयोग से एटीएम का दरवाजा खोला तो एटीएम के अंदर एक व्यक्ति था, जो जैकेट पहना हुआ व सिर में हेलमेट लगाया था। चेहरे को लाल रंग के कपड़े से ढका हुआ था। ये अपने साथ एक थैले में पेंचकस, कटर व साथ में लोहे का सब्बल रखा हुआ था। इससे नाम पूछने




पर अपना नाम राजू सिंह राजपूत पिता पंचराम राजपूत उम्र 39 निवासी कुर्मीपारा बेमेतरा बताया। साथ ही स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एआर-5711 ये यहां आकर एटीएम में चोरी करने की बात कही। एटीएम मशीन के ऊपर भाग को तोड़कर निकाल दिया था। मशीन में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया है। एटीएम में लाखों रुपए था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राजू सिंह राजपूत के खिलाफ धारा 305(ई), 324, 331(4), 62 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार ट्राले ने युवक को पीछे से मारी टक्कर


**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में काम करके घर लौट रहे युवक को अज्ञात ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से कुचलकर मौत के घाट उतार कर फरार हो गया। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रूडूकेला निवासी घुराउ राम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका नाती मनोज कुमार भगत जो कि लैलूंगा के स्थित नीरज प्रोविजन में मजदूरी का काम करता है। घुराउ राम ने बताया कि रोजाना की भांति कल भी वह अपने काम पर गया हुआ था जहां से शाम के समय उसका नाती अपनी मोटर सायकल टीवीएस सुपर एक्सल क्रमांक सीजी 13 एएन 4575 से घर लौट रहा था। मनोज कुमार भगत शाम करीब साढ़े 7 बजे जब रूडूकेला क्रेशर के पास पहुंचा ही था कि लैलूंगा से कोतबा की तरफ जा रही अज्ञात ट्रेलर के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे मनोज भगत के सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने की वजह से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### तेज रफ्तार ट्राले ने मारी टक्कर, दो युवती, एक महिला की मौत

**सक्ति।** जिले के ग्राम मुक्ताराज नेशनल हाइवे 49 में तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन चालक ने दो युवती और एक महिला को ठोकर मारते हुए कुचला है। जिनकी मौके पर ही मौत हुई है,वही चालक वाहन को लेकर फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना बाराद्वार थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका बिंदिया बरेठ उम्र 21 वर्ष अपनी भाभी आकांक्षा बरेठ 22 वर्ष और सलहेली सीमा भैना 22 वर्ष जोकि तीनों आरक्षक भर्ती के लिए हर रोज सुबह दौड़ने के लिए गए हुए थे। आज रविवार की सुबह करीबन 5 बजे दौड़ने के बाद पैदल चल रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से तीनो को ठोकर मारी और कुचलते हुए मौके से फरार हो गया।

### महिला सशक्तिकरण व योग के लिए डॉ. लता सम्मानित

**भोपाल।** 7वां अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन सिंगापुर व्यासा सिंगापुर और हाई कमीशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सिंगापुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ एच आर नागेन्द्र कुलाधिपति एस व्यासा रहे। जबकि कार्यक्रम के आयोजक डॉ. मनोज ठाकुर रहे। कार्यक्रम में डॉ. आरएच लता को योग कर्मसु कौशलम के कारण विशेष रुप से सम्मानित किया गया है। डॉ. लता को यह सम्मान एक योगिनी के तौर पर योग के साथ - साथ इंडस्ट्रीज में भी बेहतर कार्य प्रदर्शन और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने के कारण दिया है।



### शेजवलकर बने भाजपा प्रदेश चुनाव अधिकारी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा के अनुसार राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के लक्ष्मण ने विवेक शेजवलकर को प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही डॉ. लक्ष्मण ने जीतू जिराती, अर्चना चिटनिस, रजनीश अग्रवाल और डॉ. प्रभुलाल जाटवा को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

### धान, ज्वार और बाजरा उपार्जनः 6 जिलों में पंजीयन 21 तक

**भोपाल।** 6 जिलों में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अवधि 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। अवधि नर्मदापुरम, रीवा, सतना, सिंगरौली, दमोह और बैतूल जिले के लिए बढ़ाई गई है।

## टमाटर, गोभी में महंगाई का कहर, भाव 80 से 100 रुपए

# कीमतों ने बिगाड़ा रसोई का बजट भाव सुनकर तिलमिला रहे लोग



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मानसून की अनियमितता और आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं के चलते सब्जियों की कीमतों में जो तेजी है वह अक्टूबर महीने में भी जारी रहने की आशंका है। बढ़ती महंगाई ने आम आदमी के किचन का बजट बिगाड़ दिया है। महंगाई का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। खासकर निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए यह समय बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। किचन का बजट हर महीने बढ़ता जा रहा है, जिससे परिवारों को दूसरी जरूरतों के लिए समझौता करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि हर रसोई में सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली सब्जियों टमाटर, प्याज, गोभी सहित आलू की ऊंची कीमतों ने लोगों के घर का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। अगर इन जरुरी सब्जियों के दाम पर नजर डालें तो आलू की रिटेल कीमत 30 से 40 रुपए प्रति किलो है, जबकि टमाटर 80 रुपए किलो बिक रहा है, वहीं प्याज की कीमत भी 50 से 60 रुपए प्रति किलो है। जबकि फूल गोभी 80 से 100 रुपए किलो के भाव बिक रही है। हरी सब्जियां जैसे शिमला मिर्च, लौकी, और बैंगन के दाम भी पिछले महीने की तुलना में काफी बढ़े हैं। हरी सब्जियों की कीमतों में वृद्धि का कारण सीजनल फसलों की कमी और परिवहन लागत है।

राजधानी के हाट बाजारों में परवल 60 रुपए किलो, भिंडी 60 रुपए किलो, कद्दू 30 से 40 रुपए किलो , फूल गोभी 80 से 100 रुपए किलो, करेला 60 रुपए किलो, बैगन 40 से 60 रुपए किलो, खीरा 20 से 60 रुपए किलो, हरी मिर्च 100 से 150 रुपए किलो, प्याज 50 से 60 रुपए किलो, लहसुन 280 से 300 रुपए किलो की दर से बिक रहे है।

### 70 फीसदी सब्जियां बाहर से मंडी पहुंच रहीं

सब्जी दुकानदारों ने बताया कि नवरात्र शुरू होने के बाद सब्जियों के मूल्य में उछाल आया ह, अब तक हरी सब्जियों के भाव में गिरावट नहीं आया है। क्योंकि सब्जी उत्पादक क्षेत्र में बाढ़ आने के कारण सब्जियों के पौधे बरबाद हो गए, इसलिए लोकल सब्जियां बाजार में कम आ रही है। 70 फीसदी सब्जियां बाहर से मंडी पहुंच रही है। जिस कारण सब्जियों के मूल्यों में गिरावट नहीं आ रही है।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में एआई आधारित नवप्रवर्तनों ने चमक बिखेरी

# 750 से अधिक एआई बेस यूज केस प्रदर्शित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इस सीजन का मुख्य आकर्षण रहा जहां स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों सहित विविध टेक एवं दूरसंचार कंपनियों ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में इन चार दिनों के दौरान 750 एआई आधारित यूज़ केसेस समेत 900 से अधिक टेक्नोलॉजी यूज केस परिदृश्य प्रदर्शित किए। आईएमसी 2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिग्नलचिप, वाइसिंग नेटवर्क्स जैसे अग्रणी स्टार्टअप्स के साथ संवाद किया, जिनमें महिलाओं की अगुवाई वाले स्टार्टअप्स जैसे एस्ट्रॉम और इजीऑफी सॉल्यूशंस शामिल रहे जिन्होंने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी नवप्रवर्तन में भारत की अग्रणी स्थिति प्रदर्शित की।

### एआई की अगुवाई में टेक्नोलॉजी केंद्रित नवप्रवर्तन

इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में अपना नवीनतम एआई नवप्रवर्तन प्रदर्शित करते हुए भारती एयरटेल ने स्पैम कॉल्स और मैसेज से निपटने के लिए भारत का पहला एआई पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन लांच किया। यह नेटवर्क आधारित टूल रीयल टाइम अलर्ट उपलब्ध कराता है जिससे यूजर्स को स्पैम से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद मिलती है। एरिक्सन ने एक 5जी पावर्ड रोबोटिक डॉग रॉकी प्रदर्शित किया जो आग लगने जैसी आपात स्थितियों में अधिकारियों की मदद के लिए समय पर अलर्ट भेज सकता है। वहीं नोकिया ने 5जी, 6जी, एआई/एमएल के क्षेत्र में टेक्नोलॉजीज और नेटवर्क ढांचा प्रदर्शित किया जिसका लक्ष्य नवप्रवर्तन को गति प्रदान करना और एक टिकाऊ भविष्य को बढ़ावा देना है। रिलायंस जियो ने लोगों को फोनकॉल एआई का एक्सक्लूसिव प्रिव्यू उपलब्ध कराया। वर्तमान में अल्फा टेस्टिंग चरण में यह फोन कॉल्स को ट्रांस्क्राइबिंग एवं समराइजिंग के लिए एक अत्यधिक बहुप्रतीक्षित फीचर है। वहीं वोडाफोन आइडिया ने अपने हाईस्पीड नेटवर्क पर रीयल टाइम डायग्नोस्टिक रिपोर्ट्स का ट्रांसमिशन प्रदर्शित

### शैक्षणिक संस्थानों की ओर से नवप्रवर्तन

शिक्षा उद्योग से प्रतिभाग की सराहना करते हुए आईएमसी के सीईओ रामकृष्ण पी. ने कहाकि आईएमसी 2024 में आईआईटी और अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों सहित कई शैक्षणिक संस्थानों ने भागीदारी की। इन्हें अपने विचार साझा करने, अपने नवप्रवर्तन प्रदर्शित करने और उद्योगपतियों, निवेशकों और विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला। आईएमसी 2024 ने सही मार्गदर्शन अवसरों के साथ कॉलेज लैब में इनक्यूबेट किए गए समृद्ध विचारों को आदर्श मंच प्रदान किया। आईआईटी कानपुर में स्थापित और विज्ञान विभाग द्वारा वित्त पोषित टेक्नोलॉजी इन्नोवेशन हब सीथीआई हब ने साइबर-फिजिकल सिस्टम्स की साइबर सुरक्षा का निदान किया जिसमें उसका मुख्य जोर महत्वपूर्ण आधारभूत ढांचा, ऑटोमोटिव और ड्रोन्स पर रहा।

# फुगे विश्व कप फाइनल में पदक से चूके, ज्योति क्वार्टर से बाहर

एजेंसी ▶▶ टिलेक्सकला

उदीयमान सितारे प्रथमेश फुगे तीरंदाजी विश्व कप कंपाउंड सेमीफाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में मौजूदा चैंपियन मथियास फुलेर्टन से हारकर पदक से चूक गए। रोमांचक मुकाबले में दोनों तीरंदाजों ने पांचों दौर में परफेक्ट 10 स्कोर किया और एक अंक भी नहीं गंवाया। स्कोर 150-150 रहने के बाद शूटआफ से विजेता का फैसला हुआ। शूटआफ में भी स्कोर 10-10 से बराबर रहा। इसके बाद डेनमार्क के तीरंदाज ने मामूली अंतर से फुगे को हराया। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में वह विश्व चैंपियन माइक शोलेसेर से 150-146 से हार गए। वहीं पूर्व विश्व कप पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम महिला कंपाउंड वर्ग में क्वार्टर फाइनल में एस्तोनिया की मीरी मारिता पास से 145-147 से हार गई। रिकर्व वर्ग में दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मादेवरा उतरेंगे।

## खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कटौती

# सीएनजी हो सकती है चार से छह रुपए तक महंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के दाम में चार से छह रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो सकती है। भारत के भीतर अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस में बदला जाता है। मामले की जानकारी रखने वाले चार सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं।

सूत्रों ने बताया कि घरों में रसोई के लिए आपूर्ति की जाने वाली गैस संरक्षित है। ऐसे में सरकार ने सीएनजी के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में कटौती की है। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस मई, 2023 में सीएनजी की 90 प्रतिशत मांग को पूरा करती थी और इसमें लगातार गिरावट आ रही है। बीते दिनों आपूर्ति में कटौती कर सीएनजी की मांग का सिर्फ 50.75 प्रतिशत कर दिया गया है, जो इससे पिछले महीने 67.74 प्रतिशत था। शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को इस कमी की भरपाई के लिए आयातित और महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे सीएनजी की कीमतों में 4-6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी होगी।

### अमेरिकी कंपनी बिसेल छह साल बाद भारत लौटी

**नई दिल्ली।** मिशिगन, अमेरिका के घरेलू समाधान प्रदाता बिसेल ने छह साल के बाद अपने वैक्यूम क्लीनर्स की शृंखला के साथ भारत में फिर से प्रवेश किया है। कंपनी ने उम्मीद जताई है कि यह देश 'भविष्य में एक बहुत महत्वपूर्ण बाजार' होगा। बिसेल के अध्यक्ष (वैश्विक बाजार) मैक्स बिसेल ने बताया, हालांकि भारत वैश्विक स्तर पर फर्श की देखभाल वाले उत्पादों के लिए अपेक्षाकृत छोटा बाजार है, लेकिन इसकी जनसांख्यिकी और बढ़ती अर्थव्यवस्था को देखते हुए यह भविष्य के लिए एक निवेश है। उन्होंने कहा, "हमारा मानना है कि भारत भविष्य में एक बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार होगा। अगर हम सिर्फ जनसंख्या और हमारे सामने मौजूद अवसरों को देखें, तो यह भविष्य के लिए एक निवेश है। बिसेल ने भारत में वितरण के लिए कैविटक ग्लोबल कॉमर्स के साथ साझेदारी की है और वह अपने अस्थायी गीले और सूखे वैक्यूम क्लीनिंग सिस्टम जैसे 'स्पॉटक्लीन हाइड्रोस्टीम' और 'स्पॉटक्लीन प्रोहीट' को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## टीडीएस का क्रेडिट क्लेम करना आसान होगा

# करदाताओं को राहत, इनकम टैक्स से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव नोटिफाई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) ने करदाताओं को राहत देने के लिए इनकम टैक्स से जुड़े कुछ नियमों में बदलावों को नोटिफाई कर दिया है। इससे सैलरीड एंप्लॉयीज के लिए कलेक्ट किए जा चुके टीसीएस या डिडक्ट किए जा चुके टीडीएस का क्रेडिट क्लेम करना आसान हो जाएगा। इन बदलावों के चलते नाबालिगों के टीसीएस क्रेडिट का क्लेम पैरेंट्स कर सकेंगे। फाइनेंस मिनिस्ट्री के अनुसार आईटी एक्ट 1961 के सेक्शन 192 के सब सेक्शन 2बी को फाइनेंस एक्ट 2024 के तहत संशोधित किया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों जारी नोटिफिकेशन के जरिए सीबीडीटी ने इनकम टैक्स रूल्स 1962 में संशोधन किया है और फॉर्म नंबर 12बीएए पेश किया है, जो इस एक्ट के सेक्शन 192 के सब सेक्शन 2बी के तहत जरूरी जानकारी का प्रेस्क्राइब्ड स्टेटमेंट होगा। कर्मचारियों को ये जानकारियां अपने एंप्लॉयर को देनी होंगी, जो सेक्शन 192 के तहत पेमेंट्स के लिए जिम्मेवार होता है। एंप्लॉयर दी गई जानकारी के आधार पर सैलरी पर टीडीएस डिडक्ट करेगा। इसके अलावा किसी खास खर्च पर चुकाए गए टैक्स के लिए टीसीएस का क्रेडिट खर्च करने वाले व्यक्ति के बजाय दूसरे व्यक्ति को क्लेम करने की इजाजत देने वाला बदलाव भी किया गया है। इससे ऐसे नाबालिग कलेक्टी के मामले में पैरेंट टीसीएस क्रेडिट क्लेम कर सकेंगे, जिनकी इनकम पैरेंट के साथ जोड़ी जाती हो। फाइनेंस मिनिस्ट्री के बयान में कहा गया कि इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 2060 के सब-सेक्शन 4 को संशोधित किया गया है, जिससे कलेक्टी के अलावा दूसरे व्यक्ति को टीसीएस क्रेडिट किया जा सके।


### करदाताओं को होगी सहूलियत

इस बदलाव से करदाताओं को अपनी इनकम टैक्स देनदारी समझिए खबरों के कम करने में मदद मिलेगी टीसीएस पेमेंट करने वाले कलेक्टी अंदर की बात को टैक्स कलेक्ट करने वाले बैंक या दूसरे संस्थान के पास डिक्लेरेशन देना होगा, जिसमें यह बताना होगा कि टीसीएस दूसरे व्यक्ति के पेन पर क्रेडिट किया जाए। ऐसे डिक्लेरेशन में उस व्यक्ति के नाम, पते और पेन की जानकारी देनी होगी, जिसे टीसीएस दिया जाना हो उस पेमेंट की जानकारी भी देनी होगी, जिसके लिए क्रेडिट दिया जाना हो और यह भी बताना होगा कि ऐसे व्यक्ति को क्रेडिट क्यों दिया जा रहा है।




# मंगल ग्रह पर इंसानी आकृति देखकर वैज्ञानिक हैरान

**वॉशिंगटन।** सौरमंडल में पृथ्वी का सबसे करीबी पड़ोसी मंगल लंबे समय से जीवन की संभावना के बारे में इंसान की कल्पना को जगाता रहा है। नासा के भेजे गए पर्सिवरेंस रोवर ने हाल ही में एक ऐसी तस्वीर भेजी जिसने वैज्ञानिकों की हैरान करके रख दिया। इस तस्वीर में इंसानी चेहरे जैसी आकृति दिखाई दे रही है। मंगल ग्रह वैज्ञानिकों और खगोलविदों के लिए लंबे समय से आकर्षित करता रहा है। इसकी वजह भी है। यह धरती के सबसे नजदीकी ग्रहों में है, जहां पर वैज्ञानिकों को जीवन की उम्मीद है। नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों ने इस लाल ग्रह के अध्ययन के लिए कई मिशन भेजे हैं। नासा के ऐसे ही मिशन के तहत भेजा गया पर्सिवरेंस रोवर 2021 से मंगल की सतह का



दौरा कर रहा है। हाल ही में इस रोवर ने लाल ग्रह की एक तस्वीर भेजी है, जिसने वैज्ञानिकों के बीच भ्रम पैदा कर दिया है।सौरमंडल में पृथ्वी का सबसे करीबी पड़ोसी मंगल लंबे समय से जीवन की संभावना के बारे में इंसान की कल्पना को जगाता रहा है। हालांकि, व्यापक शोधों के बावजूद अभी तक ऐसे किसी जीवन की पुष्टि नहीं हुई है। अब नासा और दूसरी अंतरिक्ष एजेंसियां इसकी जांच के लिए एडवांस रोबोटिक तकनीकों का इस्तेमाल कर रही हैं। साइंस अलर्ट पत्रिका के अनुसार, पर्सिवरेंस रोवर की हाल ही में भेजी गई तस्वीर में एक चट्टान दिखाई दी, जो पहली नजर में कटे हुए इंसानी सिर की तरह लगती है। यह चट्टान एक सूखे मानव सिर की तरह दिखती है, जो किसी शरीर से अलग हो गया है और सूरज की कठोर रोशनी में मुरझा रहा है। रोवर के मास्टकैम-जेड कैमरे ने बीती 27 सितम्बर को इस तस्वीर को खींचा था। साइंस अलर्ट के अनुसार, चट्टान बलुआ पत्थर के टुकड़े की तरह दिखती है, जो इसके आसपास की अन्य चट्टानों से अलग नहीं है। यह मंगल ग्रह के लिए असामान्य नहीं है, क्योंकि कभी यहां पानी बहता था। पत्रिका ने कहा है कि यह तस्वीर रोवर द्वारा खींची गई अब तक की सबसे भयावह तस्वीरों में से एक है।

### वाहन निर्यात 14 प्रतिशत बढ़कर 25.28 लाख इकाई

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष (2024-25) की पहली छमाही में भारत से वाहन निर्यात में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्य रूप से यात्री वाहनों और दोपहिया की खेप बढ़ने से कुल निर्यात बढ़ा है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर में भारत का वाहन निर्यात 14 प्रतिशत बढ़कर 25,28,248 इकाई रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 22,11,457 इकाई था। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, ''लातिनी अमेरिका और अफ्रीका जैसे बाजार जहां किसी न किसी वजह से सुस्ती थी, वहां अब स्थिति में सुधार हुआ है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## आवश्यकता

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लड़किया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834 (रायपुर /07 / नव. 24)

आवश्यकता है- (दीपावली सुनहरा अवसर) आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667 (भोपाल/27/अक्टूबर 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।




छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## राशिफल

**मेष** खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

**वृष** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कर्क** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**कन्या** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**धनु** भाई-बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**कुंभ** कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5668



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5667 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्ती | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | प्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |

## सूडोकु नवताल- 5680

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5679 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |



# 'सिंघम अगेन' का पहला गाना जय बजरंगबली रिलीज

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फिल्म 'सिंघम अगेन' का पहला गाना 'जय बजरंगबली' रिलीज हो गया है। हनुमान चालीसा से प्रेरित और अपने वीडियो में रामायण के संदर्भों को प्रदर्शित करने वाला यह शक्तिशाली ट्रैक त्योहारी सीजन के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। यह गाना अपने आध्यात्मिक सार और हाई-एनर्जी बीट्स के साथ धूम मचाने के लिए तैयार है। गाना रिलीज होते ही यूट्यूब पर छा गया है और इसके व्यूज तेजी से बढ़ रहे हैं। 'जय बजरंगबली' गाने को कई प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी आवाज दी है। इनमें श्रीकृष्ण, करीमुल्लाह, अरुण कौंडिन्य, चैतू सत्संगी, श्री साई चरण, सुधांशु, रितेश जी राव, सात्विक जी राव, पृथ्वी चंद्रा आदि शामिल हैं।

लाइफ Style

# श्रद्धा

## जितना हो सके, उतना रहना चाहिए रियल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रद्धा कपूर फिल्मों में बेहतरीन अभिनय करने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'स्त्री-2' भी काफी चर्चा में रही, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा बिजनेस किया। फिल्म में उनके अभिनय से समीक्षक और दर्शक दोनों ही प्रभावित हुए।

एक तरफ श्रद्धा जहां अपनी एक्टिंग के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने की कोशिश करती हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी अपने फैंस से कनेक्ट रहती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोइंग की बात की जाए तो उन्हें 9 करोड़ 36 लाख लोग फॉलो करते हैं। इस तरह से वह इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। इस उपलब्धि के बारे में श्रद्धा कहती हैं कि वह खुद को इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रियल रखने की कोशिश करती हैं। वह कहती हैं, ' मैंने सोचा भी नहीं था कि सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलोअर होना इतनी बड़ी बात होगी। दरअसल, लोग हमें ज्यादा से ज्यादा देखना चाहते हैं, इसलिए जितना हो सके, उतना रियल रहना चाहिए। जो आप हैं, वह सोशल मीडिया पर दिखाना चाहिए।' इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वह अपने फैंस के साथ कनेक्ट भी होती हैं, कमेंट सेक्शन में उनकी बातों के जवाब भी देती हैं। इस तरह अपने फैंस से कनेक्ट रहने के कारण ही, उनकी फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ती रहती है। श्रद्धा कहती हैं, 'इंस्टाग्राम के कमेंट सेक्शन में बहुत ही एंटरटेनिंग लोग होते हैं, मुझे उनके कमेंट पढ़कर बड़ा मजा आता है।'



हॉलीवुड मसाला



# नए जॉन-जेन की तलाश में मेकर्स

**लॉस एंजिल्स।** इस साल की शुरुआत में ही प्राइम वीडियो पर एक सीरीज 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' रिलीज हुई थी। इंट्रेस्टिंग स्टोरीलाइन, डायरेक्शन और बेहतरीन एक्टिंग का मिश्रण इस सीरीज में दर्शकों को देखने को मिला था, इसलिए इस सीरीज को काफी पसंद किया गया था। यही वजह है कि दर्शकों को इसके अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का यह इंतजार जल्द ही खत्म हो सकता है। क्योंकि ,हाल ही में इस सीरीज के मेकर्स ने अनाउंस किया है कि वह सीरीज के लीड कैरेक्टर्स जेन और जॉन के लिए नए चेहरों की तलाश कर रहे हैं।



# धूम मचाने आ रहा है पीटर पार्कर...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड और जेंडाया के साथ 'स्पाइडर मैन 4' की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दोनों एक्टर्स ने फिल्म की स्क्रिप्ट का पहला ड्राफ्ट भी पढ़ लिया है। टॉम ने कहा कि यह बहुत ही रोमांचक है। लेकिन, इस पर अभी काम करने की जरूरत है। मार्वल के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड ने हाल ही 'स्पाइडर मैन 4' को लेकर दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी को-स्टार जेंडाया के साथ 'स्पाइडर मैन 4' की स्क्रिप्ट का फर्स्ट ड्राफ्ट पढ़ा है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स अपने फेज-5 में है। एमसीयू की पिछली फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' सुपरहिट रही है। टॉम हॉलैंड ने रिच रोल पॉडकास्ट में 'स्पाइडर मैन' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म का जिक्र किया है।



# प्रियंका ने वेस्टर्न लुक में ढाया कहर

**नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा की प्रोडक्शन फिल्म 'पानी' रिलीज हो चुकी है। इस मराठी ड्रामा का निर्देशन अदिनाथ एम कोठारे ने किया है, जो इस फिल्म में मुख्य भूमिका में भी हैं। फिल्म में आदिनाश समेत रुचा वैद्य, सुबोध भावे, राजित कपूर, किशोर कदम, नितिन दीक्षित, सचिन गोस्वामी, मोहनबाई, श्रीपद जोशी और विकास पांडुरंग पाटिल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बीती रात मुंबई में 'पानी' की भव्य स्क्रीनिंग आयोजित की गई, जिसमें देसी गर्ल परिवार के साथ शिरकत करती नजर आईं। प्रियंका चोपड़ा ने एक चमकदार बेज रंग का गाउन पहनकर सारी लाइमलाइट चुरा ली। उन्होंने अपने आउटफिट को डायमंड ईयरिंग, स्टेटमेंट ब्रेसलेट और सिल्वर हाई हील्स के साथ स्टाइल किया था। डीवा ने अपने लुक को ग्लैम मेकअप और एक स्लीक बन के साथ पूरा किया।



# सनी की फिल्म 'जाट' की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** सनी देओल की पाइपलाइन में कई चर्चित फिल्में हैं। सनी ने अगली फिल्म के लिए साउथ के सफल निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। शुरू में 'एसडीजीएम' नाम से चर्चित इस फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'जाट' है। फिल्म निर्माता 'जाट' के लिए गणतंत्र दिवस 2025 सप्ताहांत रिलीज का लक्ष्य बना रहे हैं। मैत्री मूवी मेकर्स ने अभिनेता के धाकड़ पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'बड़े पैमाने पर कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय परमिट वाले व्यक्ति का परिचय।' सनी जाट के रूप में जुड़ गए हैं।' मास एक्शन एंटरटेनर विशेषज्ञ के रूप में प्रख्यात गोपीचंद मालिनेनी वर्तमान में अपने करियर की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। सनी देओल की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म की शूटिंग वर्तमान में हैदराबाद में की जा रही है।

टीवी मसाला




# सालों बाद बिग बी ने पूरी की विद्या बालन की ख्वाहिश...

**नई दिल्ली।** विद्या बालन और कार्तिक आर्यन हाल ही में अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति 16 में आए। दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म भूल भुलैया 3 के प्रमोशन के लिए आए थे। तीनों ने साथ में काफी मस्ती की। इस दौरान का एक प्रोमो सामने आया है जिसमें विद्या, बिग बी से अपने दिल की बात करती हैं। वह कहती हैं कि बिग बी को लेकर उनकी एक ख्वाहिश थी जो अधूरी रह गई थी। लेकिन अब सालों बाद बिग बी ने उनकी इस ख्वाहिश को पूरा कर दिया है। विद्या ने कहा, पा की शूटिंग के दौरान एक सीन था बच्चन सर के साथ। मैं आज रपट जाए तो हमें ना उठाइयो गाने पर डांस करना था, लेकिन मैं आपकी मां का किरदार निभा रही थी तो मैंने मंकी डांस किया। ख्वाहिश अधूरी रह गई सर। बिग बी फिर विद्या को स्टेज पर डांस करने के लिए कहते हैं। दोनों ने फिर इसी गाने पर डांस किया। बिग बी ने आखिरकार विद्या की इस पुरानी ख्वाहिश को पूरा कर ही दिया। इस वीडियो पर फैंस दोनों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। सभी को दोनों का डांस पसंद किया। कोई कमेंट कर रहा है कि मजा आ गया दो टैलेंटेड एक्टर्स को साथ देखकर। एक ने लिखा कि दोनों को फिर साथ कास्ट कर दो कोई।

## रजनी बन घर-घर मशहूर हुईं प्रिया

**नई दिल्ली।** प्रिया तेंदुलकर ने फिल्म-टीवी दोनों ही मीडियम में काम किया था। उन्होंने फिल्मों में, धारावाहिकों में बेहतरीन अभिनय के जरिए दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। खासकर दूरदर्शन पर साल 1985 में धारावाहिक 'रजनी' से वह दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो गई थीं। इस धारावाहिक में उन्होंने एक गृहिणी की भूमिका निभाई थी, जो कि भ्रष्टाचार और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ती है। इस धारावाहिक ने उस समय सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाई थी और प्रिया तेंदुलकर को घर-घर मशहूर भी कर दिया था। इसके अलावा वह कॉमेडी सीरियल 'हम पांच(1995)' का भी हिस्सा रहीं। इस सीरियल में भी उनके किरदार को काफी पसंद किया गया। उन्होंने मॉडलिंग में काम किया और बतौर न्यूज रीडर भी जॉब की। लेकिन कहीं भी उनका मन नहीं लगा। आखिर में उन्होंने एक्टिंग की राह ही पकड़ी। प्रिया ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर (1974)' से की थी।



# साई पल्लवी के साथ काम करना चाहते हैं मणिरत्नम

*मुंबई। शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी अभिनीत 'अमरन' के प्री रिलीज इवेंट का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता लोकेश कनगराज और मणिरत्नम भी इस फिल्म में शामिल हुए। इस बातचीत के दौरान मणिरत्नम ने साई पल्लवी के साथ काम करने की इच्छा जताई। मणिरत्नम ने साई पल्लवी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। निर्देशक ने कहा, मैं तुम्हारा बहुत बड़ा प्रशंसक हैं। मैं आशा करता हूं कि कभी मुझे भी तुम्हारे साथ काम करने का मौका मिलेगा। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर जोर से तालियां बजने लगीं। इसमें सबसे ज्यादा संख्या साई पल्लवी के प्रशंसक शामिल रहे। साई पल्लवी ने इस बात पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, सिनेमा में आने से पहले, मैं कई सारे निर्देशकों को नहीं जानती थी लेकिन मैं मणिरत्नम का नाम पहले से जानती थी। वह एक बड़ा कारण हैं, जिनके लिए मैंने अपनी स्क्रिप्ट और किरदारों को लेकर इतनी सजग रहती हूं।*



*सीन से पहले पीते थे रम, कहते 'आंखों में शराब दिखनी चाहिए'*

# 'देवदास' के बाद शाहरुख को लग गई थी शराब की लत...

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह सुपरस्टार शाहरुख खान ने हाल ही में 2002 की फिल्म 'देवदास' के बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि इसके बाद उन्हें शराब की लत लग गई थी। 'देव' को प्ले करने में बहुत मेहनत लगी, लेकिन उन्होंने बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी जीता। संजय लीला भंसाली को फिल्म ने जबरदस्त सफलता दिलाई। हालांकि, हाल ही में एक इंटरव्यू में, किंग खान ने खुलासा किया कि कैसे देव के कैरेक्टर ने उनकी जिंदगी बदल दी।

***करना चाहते थे बड़े रोल :*** उन्होंने बताया कि कैसे उस समय वह छोटे रोल्स नहीं करना चाहते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि वह अपने दिवंगत माता-पिता को प्राउड कराना चाहते थे।

***दिलीप कुमार और उत्तर कुमार के रास्ते पर चले :*** शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास पर आधारित भंसाली की फिल्म में शाहरुख एक परेशान शराबी 'देव' का रोल कर रहे थे, एक ऐसा किरदार जिसे पहले उत्तम कुमार और दिलीप कुमार जैसे कई एक्टर्स ने निभाया था।



***फिल्म के बाद लगी शराब पीने की लत :*** उन्होंने कहा- मैंने उस एक हारे हुए आदमी को प्ले किया है, जिसके पास प्यार के लिए अपने कारण थे मैं चाहता था कि वह असली हो मैंने सेट पर थोड़ी शराब पी थी इससे मदद मिली, लेकिन मैंने फिल्म के बाद शराब पीना शुरू कर दिया। तो यह इसका एक नकारात्मक पहलू था।

***किसी कैरेक्टर में डूब जाते थे शाहरुख :*** शाहरुख खान जब अपने करियर के बारे में बात करते हैं, तो बताते हैं कि किसी कैरेक्टर के लिए वो उसमें डूब जाते थे। यही कारण था कि देव को प्ले करने के लिए उन्होंने शराब पी।

### करने लगे मेथड-एक्टिंग

ऐसे रोल की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, शाहरुख ने 'देव' के लिए मेथड-एक्टिंग को फॉलो करने का फैसला किया, जिसके लिए उन्हें कुछ सीन्स में शराब पीने की जरूरत थी।

### बैक-टू-बैक पीते थे रम

इस साल की शुरुआत में, बातचीत में शाहरुख के को-एक्टर टीकू तल्सानिया ने याद किया था कि कैसे शाहरुख फिल्म के कुछ सीन्स की शूटिंग से पहले रम के बैक-टू-बैक शॉट्स लेते थे।

### एक्टिंग तो हो जाएगी पर...

उन्होंने जब उनसे इस बारे में पूछा तो शाहरुख ने कहा- सर, एक्टिंग तो हो जाएगी। आंखों में शराब दिखती नहीं है ना, उसका क्या।

### ब्लॉकबस्टर हुई 'देवदास'

ये किस्से इस बात को दिखाते हैं कि क्यों शाहरुख खान को एक सच्चे सुपरस्टार के रूप में जाना जाता है। ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित के साथ वाली शाहरुख खान की 'देवदास' एक ब्लॉकबस्टर हिट बन गई।

## बना सबसे अमीर एक्टर फिर आखिरी वक्त में 60 हजार में बेचना पड़ा घर

# इस सुपरस्टार की हर फिल्म 25 हफ्ते तक चलती थीं सिनेमाघरों में

*नई दिल्ली। इंटरनेट और OTT के इस दौर में आज की नई पीढ़ी जुबली स्टार की अहमियत शायद ही समझ सकेगी. दरअसल, जुबली स्टार ये एक तमगा था, जो गुजरे जमाने के मशहूर एक्टर राजेंद्र कुमार को दिया गया था। क्योंकि. इस सुपरस्टार की हर फिल्म थिएटर में 25 हफ्तों तक गुलजार रहती थी। आज के दौर में, जहां हर हफ्ते दर्जनों फिल्में और उससे दोगुनी वेब सीरीज रिलीज होती हैं, वहां जुबली स्टार होने की कल्पना भी मुश्किल है। हाल ही में, एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने राजेन्द्र कुमार के फोटोज के साथ एक दिलचस्प रील बनाई है, जो उनके शानदार करियर की कहानी बयां करती है।*

### इसलिए जुबली स्टार पड़ा नाम

राजेन्द्र कुमार ने 60 के दशक की शुरुआत में कार्टर रोड पर एक भूतिया बंगला खरीदा और फिर उनकी किस्मत रातों-रात बदल गई। 1963 से 1966 के बीच आई उनकी सभी फिल्में हिट रहीं। उनका नाम तब जुबली कुमार के नाम से मशहूर हो गया, क्योंकि उनकी हर फिल्म थिएटर में 25 हफ्तों तक चलती थी। वे अपने समय के सबसे अमीर एक्टर्स में शामिल हो गए थे, लेकिन उन्हें कभी कोई अवॉर्ड नहीं मिला। फिर 1970 में राजेश खन्ना के आगमन के साथ ही उनके करियर का सितारा ढलने लगा। अब उन्हें सपोर्टिंग रोल्स के ऑफर मिलने लगे और आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी। 1980 में, उन्होंने अपने बेटे कुमार गौरव को लॉन्च करने का फैसला किया। कुमार गौरव की पहली फिल्म 'लव स्टोरी' सुपरहिट रही, लेकिन उसके बाद उनकी कोई भी फिल्म नहीं चली।



### आखिरी दिनों में बेचना पड़ा था बंगला

बेटे के लिए लगातार फिल्में बनाने के चलते राजेन्द्र को अपना बंगला भी बेचना पड़ा। उन्होंने 60 हजार में अपना बंगला राजेश खन्ना को बेच दिया और उस रात रोते रहे। 68 की उम्र में उन्हें ब्लड कैंसर हुआ, लेकिन राजेन्द्र ने अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया। दवा खाने से उन्होंने मना कर दिया और अपने बेटे के जन्मदिन की अगली रात हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। इस तरह, एक अमीर सुपरस्टार की जिंदगी का अंत बेहद दर्दनाक रहा। ये कहानी न केवल उनके संघर्ष और स्टारडम की है, बल्कि ये कहानी जिंदगी के चढ़ाव और उतार की है। ये कहानी जिंदगी में मिलने वाली सफलता और असफलता की भी है। ये कहानी हमें ये भी बताती है कि ऊंचे से ऊंचे मुकाम पर पहुंचने के बाद भी संघर्ष कैसे जारी रहता है।

# चेप्टेगी ने जीती वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन






एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबी दूरी के महान धावक युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जीत ली जो ट्रैक से रिटायर होने के बाद उनका पहला खिताब है। पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में मौजूदा विश्व चैंपियन और ओलंपिक चैंपियन चेप्टेगी ने 59 मिनट 46 सेकंड का समय लिया।

भारत में 2014 में बेंगलुरु में टीसीएस हाफ मैराथन के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करने वाले चेप्टेगी उस समय दूसरे स्थान पर रहे थे। कीनिया के एलेक्स मटाटा (59.53) दूसरे और किपकोरिर (59.59) तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में इथियोपिया की एलेमाडिस इयायु ने खिताब अपने नाम किया। इयायु ने एक घंटे 8 मिनट और 17 सेकंड का समय लिया। इथियोपिया की सिंथिया लिमो (1:08.27) दूसरे और टिरूये मेसफिन (1:09.42) तीसरे स्थान पर रही। सावन बरवाल ने (एक घंटा, दो मिनट और 46 सेकंड) और लिली दास (एक घंटा 18 मिनट और 12 सेकंड) ने क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला वर्ग के शीर्ष खिताब जीते।

## भारत की लगातार दूसरी जीत, ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से दी मात

एजेंसी ▶▶| जोहोर बाहरु



दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के दो-दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा।

मोहम्मद कोनैन दाद (सातवें मिनट) ने भारत का खाता खोला। इसके बाद दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) ने गोल किए। इसके अलावा मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने भी भारत की तरफ से गोल किया। ब्रिटेन की तरफ से रोरी पेनरोज़ (दूसरे, 15वें मिनट) और माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने दो-दो गोल करके मैच को रोमांचक बनाए रखा।

भारत ने शनिवार को जापान को हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। भारत ने लगातार दूसरा मैच जीत पर तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।

### क्लब विश्व कप खेलेंगे लियोनेल मेसी

**फोर्ट लॉडरडेल।** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी अगले साल क्लब विश्व कप खेलेंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो ने शनिवार की रात घोषणा की कि इंटर मियामी इस टूर्नामेंट में खेलेगा। मेसी की अपार लोकप्रियता को देखते हुए इस घोषणा की अपेक्षा भी की जा रही थी। हर चार साल में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में फीफा के छह फुटबॉल परिसंघों की 32 टीमें भाग लेती हैं।

# न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद जीता टेस्ट, 8 विकेट से मिली हार

सीरीज का दूसरा मैच पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु




न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के खतरनाक स्पैल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी चमत्कार की भारत की कोशिशों पर पानी फेर दिया। पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था। जीत के लिए 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरुआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती।

विल यंग 48 रन बनाकर और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त दिला दी। पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। टीम इंडिया दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 रन बनाए थे। सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा।

### *डब्लूटीसी तालिका में शीर्ष पर भारत*

*दुबई। न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। भारत का प्रतिशत गिरकर 68 .06 हो गया है और अब उसे आगामी दो टेस्ट तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। तालिका में आस्ट्रेलिया 62.50 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्रीलंका 55.56 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड इस जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है। न्यूजीलैंड टीम नवंबर और दिसंबर में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करेगी और शीर्ष दो में पहुंच सकती है।*

### भारतीय टीम के हार के पांच कारण

**1 टॉस के दौरान गलत फैसला**

रोहित ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बेंगलुरु में टॉस से पहले दो दिन जमकर बारिश हुई थी और पिच कवर्स के नीचे थी। ऐसे में पिच पर नमी थी। इसका फायदा कीवी तेज गेंदबाजों ने उठाया। गेंद खूब स्विंग हुई और भारतीय बल्लेबाज ढेर हो गए।

**2 तीन स्पिनर्स को खिलाने का फैसला**

भारतीय टीम इस मैच में तीन स्पिनर्स को लेकर उतरी, जबकि कीवी टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरी। भारतीय टीम मैनेजमेंट और कप्तान के इस फैसले ने सभी को हैरान किया। इस टेस्ट में 32 विकेट गिरे, जिसमें से तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए। टीम इंडिया से यहां भी रणनीतिक चूक हुई।

**3 आकाश दीप को मौका नहीं देना**

बुमराह और सिराज भारत के लीड पेसर हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय में विपक्षी टीम को झटके देने की बात आती है तो आकाश दीप ने पिछले कुछ समय में अच्छी गेंदबाजी की है। वह गेंद को स्विंग कराते हैं और बेंगलुरु के ओवरकास्ट कंडीशन में आकाश घातक साबित हो सकते थे।

**4 राहुल लगातार हो रहे फ्लॉप**

साल 2021 के बाद से केएल राहुल का फॉर्म टेस्ट में कुछ खास नहीं रहा है। साल 2022 से लेकर अब तक उन्होंने 12 टेस्ट की 21 पारियों में 25.70 की औसत से 514 रन बनाए हैं। बेंगलुरु टेस्ट में राहुल ने पहली पारी में खाता भी नहीं खोला था, जबकि दूसरी पारी में वह 12 रन बनाकर आउट हुए।

**5 सिराज का विकेट नहीं निकाल पाना**

भारत के लिए सिराज का अहम मौकों पर विकेट नहीं निकाल पाने की कमजोरी ने परेशानी खड़ी कर दी है। इस साल वह भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में पांचवें नंबर पर हैं। उन्होंने आठ मैच की 16 पारियों में 19 विकेट निकाले हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 47.7 का रहा है।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से हटे हेड

**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले परिवार के साथ समय बिताने के लिये पाकिस्तान के विरूद्ध सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला नहीं खेलेंगे। हेड दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और टी20 श्रृंखला में भाग नहीं लेंगे। हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले ब्रेक लेंगे।



### आरएसपीबी, आईओसी ने फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड और इंडियन आइल कारपोरेशन ने सीनियर महिला अंतर विभाग राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। आरएसपीबी ने भारतीय खेल प्राधिकरण को पहले सेमीफाइनल में 4-0 से हराया। नेहा (20वां मिनट), सलीमा टेटे (34वां) , कप्तान नवनीत कौर (38वां) और लालरेम्सियामी (60वां) ने गोल दागे। दूसरे सेमीफाइनल में आईओसी ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को 4-1 से हराया।

### सिनर ने जीती सिक्स स्लैम चैंपियनशिप

**रियाद।** इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6-7, 6-3, 6-3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैंपियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में रफेल नडाल को 6-2, 7-6 से हराया। नडाल अपने कॅरियर में आखिरी बार यह चैंपियनशिप खेल रहे थे। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे।



## शमी फिट, शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रविवार को बिना किसी परेशानी के नेट पर करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। शमी साल की शुरुआत में हुई टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं। शमी ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के पहले टेस्ट के बाद नेट सत्र में गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में गेंदबाजी की।

इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने देश के लिए अपना पिछला मुकाबला 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में खेला था।शमी ने अभ्यास के दौरान भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर को गेंदबाजी की। शमी के बाएं पैर में पट्टी बंधी थी। उन्होंने छोटे रनअप के साथ गेंदबाजी शुरू करने के बाद पूरे रनअप और अच्छी गति के साथ गेंदबाजी की। इस दौरान उन्होंने नायर को अपनी स्विंग गेंदों से परेशान भी किया। उन्होंने इस दौरान क्षेत्ररक्षण अभ्यास करने के बाद गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल से बातचीत भी की।

### रणजी ट्रॉफीः मुंबई जीत से 61 रन दूर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और मध्यक्रम बल्लेबाज अंकित बावने के शानदार शतकों के बावजूद गत चैंपियन मुंबई रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन जीत के करीब पहुंच गया। महाराष्ट्र ने अपनी दूसरी पारी में 388 रन बनाए। इस तरह से मुंबई को जीत के लिए 74 रन का लक्ष्य मिला। उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 13 रन बनाए और इस तरह से वह लक्ष्य से अब केवल 61 रन दूर है।

## सुंदर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शेष दो टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में आठ विकेट की हार के बाद चयनकर्ताओं ने वाशिंगटन को टीम में शामिल कर लिया। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को दिल्ली के खिलाफ चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में तमिलनाडु के लिए 152 रन बनाने के बाद टीम में शामिल किया गया है। वाशिंगटन ने जनवरी 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपने पदार्पण टेस्ट में गेंद और बल्ले से प्रभावित किया था। न्यूजीलैंड श्रृंखला के बाद भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे को देखते हुए वाशिंगटन को एक बार फिर से टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने यहां जारी बयान में कहा, 'वाशिंगटन सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम के साथ जुड़ेंगे।'

## भारत ने पाकिस्तान को सात रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अल अमीरात

■ इमर्जिंग एशिया कप टी20

भारत ए क्रिकेट टीम ने सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए एसीसी इमर्जिंग एशिया कप टी-20 में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की।

शीर्ष क्रम के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने आठ विकेट गंवाकर 183 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 35 गेंदों पर 44 रन की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच तेज गेंदबाज अंशुल कांबोज (3/33), रसिख डार सलाम (2/30) और निशांत सिद्धू (2/15) के आगे पाकिस्तान ए टीम सात विकेट पर 176 रन ही बना पाई। इस जीत की बदौलत भारतीय टीम ग्रुप बी में दो अंक और +0.350 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। यूएई फिलहाल इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसके दो अंक और +0.378 नेट रन रेट है। इस ग्रुप की चौथी टीम ओमान है। भारत का अगले मैच 21




### अभिषेक और प्रभसिमरन ने जोड़े 68 रन

भारतीय कप्तान तिलक वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी निभाई। अभिषेक 22 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, प्रभसिमरन ने 19 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 36 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। कप्तान तिलक ने 35 गेंद में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। नेहल वढेरा ने 22 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाए।

जीते 11 पदक

## एशियाई क्रॉस कंट्री में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन




एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को यहां एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 11 पदक जीते। भारत ने सभी चार टीम श्रेणियों पुरुष, महिला और पुरुष अंडर-20 और महिला अंडर-20 में स्वर्ण पदक जीते।

भारत ने जहां पुरुषों की व्यक्तिगत 10 किमी स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया वहीं भारतीय महिला एथलीटों ने व्यक्तिगत 10 किमी दौड़ में स्वर्ण और रजत पदक जीता, लेकिन वह कांस्य पदक से चूक गईं। एशियाई खेलों के पदक विजेता और 5,000 मीटर और 10,000 मीटर ट्रैक स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह पुरुषों की 10 किमी दौड़ में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 32:43 मिनट में यह दौड़ पूरी करके स्वर्ण पदक हासिल किया। अभिषेक पाल 32:49 मिनट के समय के साथ दूसरे जबकि अरुण राठौड़ 32:51 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के ही कार्तिक कुमार ने चौथा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 10 किमी दौड़ में सीमा ने 37:20 मिनट का समय लेकर हमवतन संजीवनी जाधव को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। संजीवनी ने भी 37:20 मिनट का समय निकाला लेकिन फोटो फिनिश में वह पीछे रह गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीन की हे वुगा ने 38.02 मिनट का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया।

जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को खेले जाएंगे दो मैच

# वरुण की भारतीय हॉकी टेस्ट टीम में वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए डिफेंडर वरुण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है। एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये जाने के कारण वरुण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं बना सके थे।

हॉकी इंडिया सूत्रों ने बताया कि सभी आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरुण को टीम में शामिल किया गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं। इस श्रृंखला के जरिए राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे पदार्पण करेंगे।

गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा होंगे। टीम के बारे में कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'हम जर्मनी से खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हमने अनुभवी टीम चुनी है और इसमें कई खिलाड़ी वहीं हैं जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है। राजिंदर और आदित्य अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करेंगे जिन्होंने शिविर में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।'

### भारतीय टीम

**गोलकीपर :** कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा।
**डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह , अमित रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित, नीलम संजीप सेस और संजय
**मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन और राजिंदर सिंह
**फॉरवर्ड :** मनप्रीत सिंह , सुखजीत सिंह, अभिषेक, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह और शीलानंद लाकड़ा।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करने हेतु सूचना**

**सूचना क्रमांक: SECR/Med/NGP/Tie-up/(EOI)/540 दिनांक: 17.10.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा MOU के साथ टाई-अप हेतु रूचि की अभिव्यक्ति - CGHS, ECHS, ESI इम्पैनल्ड, GOI /PSU संचालित अस्पतालों जिसमें नागपुर और उसके आसपास के नेत्र अस्पताल/केंद्र, दंत चिकित्सालय, कैंसर अस्पताल, डायग्नोस्टिक प्रयोगशालाएं, इमेजिंग केंद्र व ब्लड बैंक शामिल हैं एवं **गोंदिया, बालाघाट, जबलपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, सिवनी और मंडला फोर्ट** जैसे स्टेशनों के गैर CGHS/ECHS/ESI निजी बहु-विशेषता अस्पतालों से एसईसीआर के नागपुर मंडल के रेलवे लाभार्थियों और संपूर्ण भारतीय रेलवे के UMID कार्ड धारकों के इलाज के लिए CGHS/नागपुर दर 2021, संशोधित दर 2023, 2024 के पैकेज दर पर पैनल में शामिल होने की तिथि से दो साल की अवधि के लिए कैशलेस आधार पर आमंत्रित की जाती है।

आवेदन प्रपत्र, न्यूनतम पात्रता मानदंड, MOU इत्यादि में नियम एवं शर्तें आदि का विवरण वेबसाइट **www.secr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है व डाउनलोड किया जा सकता है।

Pathway: **South East Central Railway → About as → Division → Nagpur → Medical → Topics specific to Department → EOI 2024**

आवेदन निम्नलिखित पते पर दिनांक **06.11.2024** के **17.00** बजे तक जमा कराएं / करे:

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मोतीबाग,**
**पी.ओ.: बेज़नबाग, गुरुद्वारा के सामने, कामठी रोड,**
**नागपुर - 440014 (महाराष्ट्र)**

**अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

PC/25-134

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर






## यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण युवक के विरुद्ध दुष्कर्म की एफआईआर निरस्त

### आपसी सहमति से चार साल तक चले सम्बंध के बाद दुष्कर्म के आरोप अनुचित

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण युवक के विरुद्ध दुष्कर्म की एफआइआर निरस्त कर दी। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने अपने आदेश में साफ किया कि शिकायतकर्ता शासकीय सेवक युवती ने आर्थिक रूप से समृद्ध व परिपक्व होने के बावजूद एफआइआर दर्ज कराने में अतिशत विलंब किया, उसके इस रवैये को तार्किक नहीं माना जा सकता।



हालांकि, शिकायतकर्ता युवती को स्वतंत्रता दी है कि वह अपने रुपये वापस पाने के लिए पृथक से सिविल केस दायर कर सकती है। नरसिंहपुर निवासी वीर सिंह राजपूत ने याचिका दायर कर उसके विरुद्ध दर्ज दुष्कर्म की एफआइआर को निरस्त करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर अधिवक्ता साक्षी भारद्वाज व यार मोहम्मद पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि लंबे समय तक शिकायतकर्ता व याचिकाकर्ता के मध्य परिचय रहा। शिकायतकर्ता के मन में न जाने क्या था कि जब याचिकाकर्ता का दूसरी युवती से विवाह तय हो गया तो उसने एफआइआर दर्ज करा दी। 2019 से 2023 तक शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने का दोष मढ़ दिया। जबकि ऐसा कुछ भी नहीं था। वहीं, पीड़िता की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता ने न केवल शादी का झांसा देकर लंबे समय तक सम्बंध बनाए बल्कि उसे ब्लैकमेल करते हुए लाखों रुपये भी ऐंठे। हाई कोर्ट ने पूरे मामले पर गौर करने के बाद दुष्कर्म का आरोप प्रमाणित नहीं पाया। इसी के साथ एफआइआर निरस्त करने का राहतकारी आदेश सुना दिया।

### यूपीएससी संबंधी दस्तावेज नहीं निकले फर्जी

इस मामले में सबसे खास बात यह रही कि याचिकाकर्ता की ओर से दावा किया गया कि वह प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहता है। इसीलिए यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका है। जबकि शिकायतकर्ता युवती की ओर से उसके वकील ने दलील दी कि यूपीएससी सम्बंधी दस्तावेज फर्जी हैं। इस पर राज्य शासन की ओर से कोर्ट को पतासाजी कर अवगत कराया गया कि याचिकाकर्ता ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस संबंध में कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय कार्मिक प्रशिक्षण विभाग के दस्तावेज भी साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किए गए।

## हाई कोर्ट की अवमानना का असर स्टाफ नर्स को चार माह का मातृत्व अवकाश स्वीकृत

जबलपुर। हाई कोर्ट के पूर्व आदेश का निर्धारित समयावधिक में पालन सुनिश्चित न कराए जाने पर अवमानना याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट ने जैसे ही अवमानना नोटिस जारी किया सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सागर ने स्टाफ नर्स को चार माह का मातृत्व अवकाश स्वीकृत कर लिया। यही नहीं भुगतान की स्वीकृति भी प्रदान कर दी। अवमानना याचिकाकर्ता सोनिका पटेल, स्टाफ नर्स, जिला चिकित्सालय सागर की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पद्मावती जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अवमानना याचिकाकर्ता मूलतः न्यू रामनगर, सुराही बिल्डिंग के सामने जबलपुर निवासी है। उसने पूर्व में एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा था कि स्टाफ नर्स के रूप में तीन अक्टूबर, 2017 को प्रथम उपस्थिति दर्ज कराई गई थी। 18 अक्टूबर, 017 से 10 फरवरी, 2018 तक मातृत्व अवकाश का आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद पूर्व की उपस्थिति को अमान्य करते हुए नई उपस्थिति दर्ज कराई गई। मातृत्व अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

## आवासीय क्षेत्र में स्टॉक कर रखे पटाखे जप्त

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने रिहायशी इलाके में अवैध रूप से पटाखे रखने वाले युवक को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से करीब 20 हजार रुपये कीमती पटाखे बरामद किए है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनसुार मुखबिर की सूचना पर बड़ा पत्थर दुर्गा मंदिर के पास जयचंद प्रजापति नामक युवक के घर पर दबिश दी। युवक के घर के बाहर सीढ़ियों के नीचे दो बोरी और एक कार्टन बॉक्स में अवैध रूप से ज्वलनशील पटाखे रखे हुए थे, जो बिना किसी लाइसेंस के थे। आरोपी के कब्जे से विभिन्न प्रकार के पटाखे जैसे सुतली बम, अनार, पटाखा लड़ी, फुलझड़ी, राकेट बम, बम, माचिस बम और अन्य ज्वलनशील पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ धारा 288 बीएनएस और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## 12 किलो गांजे के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को लगभग 12 किलो मादक पदार्थ गांजे के साथ गिरफ्तार किया। पहले मामले में कोतवाली पुलिस ने गांजा बेचने की कोशिश कर रहे युवक को पकड़ लिया, जबकि दूसरे मामले में तिलवारा पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार को मादक पदार्थ के साथ रंगे हाथ दबोच लिया। इन दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है और मादक पदार्थ के स्रोत की जांच जारी है। कोतवाली थाना प्रभारी भुवन प्रसाद देशमुख ने बताया गत दिवस क्राइम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक सफेद रंग की धारदार शर्ट और नीला जींस पहने, पावर हाउस के पास उखरी रोड पर गांजा बेचने के लिए घूम रहा है। सूचना के आधार पर, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए, क्राइम ब्रांच और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी।






## ज्वेलरी शॉप से दिनदहाड़े जेवर चुराकर दो महिलाएं भागी, वहीं सूने घर में छत के रास्ते घुसे चोर ले गये जेवर

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत आजाद चौक रामपुर स्थित एक ज्वेलरी दुकान में मूहं में कपड़ा बांधकर पहुंचीं, दो महिलाएं चांदी की पायलें सोने के जेवर चोरी कर भाग गईं. घटना के समय दुकान संचालक अपने घर पर था और दुकान में उसका बेटा और कर्मचारी मौजूद था. सीसीटीवी कैमरे में मोबाईल पर देखकर दुकानदार अपने बेटे को फोन लगाया, इस बीच महिलाएं धक्का देकर भाग गईं. इसी प्रकार एक अन्य घटना में हनुमानताल थाना अंतर्गत मोतीनाला में एक सूने घर में ताला तोड़कर दूसरे मंजिल में पहुंचे चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी चुरा कर ले गये. घटना के संबंध में गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर गोहलपुर निवासी गणेश पटेल की आजाद चौक रामपुर में ज्वेलरी दुकान में गत दिवस दोपहर लगभग एक बजे दो महिलाएं खरीददारी के बहाने दुकान में आईं जो मूहं में कपड़ा बांधी थीं, जिनकी उम्र लगभग 40-50 वर्ष रही होगी. वे दुकान में मौजूद दुकनदार के बेटे अनपुम पटेल और कर्मचारी देवेन्द्र सोनी को बातों में बहला कर जेवर चोरी कर रही थीं. इसी बीच व्यापारी ने अपने घर में मोबाईल पर सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे और तत्काल लड़के को फोन लगाकर सचेत किया। उसके पुत्र अनुपम ने महिला को चिल्लाया तो पांच छे पायल वापस कर धक्का देकर महिलाओं ने दौड़ लगा दी. कर्मचारी देवेन्द ने पीछा किया लेकिन पकड़ नहीं पाया कैमरा में देखकर लगा रहा कि लगभग 25-30 जोड़ी पायल एवं सोने की मोती जिनकी संख्या 20 के लगभग होगी एवं अन्य जेवरात चोरी कर ले गयी हैं। लिखित शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया है। हनुमानताल थाना अंतर्गत मोतीनाला नया पुल में एक सूने मकान के छत में बने रास्ते से घुसे चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी चुरा कर ले गये. हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोतीनाला निवासी समीर मंसूरी सपरिवार अपनी नानी की तबीयत खराब होने पर मझौली सिंहपुर चले गये थे. इस बीच उनके सूने घर की छत में बने टावर में लगे लकड़ी के दरवाजे को तोड़कर दूसरी मंजिल में पहुंचे चोर अलमारी में रखे नगदी और बहन की शादी के लिये बनवाए गये सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गये. रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 331(4), 305 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240